डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
03.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 10
विक्रम संवत 2079


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
ताकत हमेशा आवाज में नहीं विचारों में रखनी चाहिए, क्योंकि फसल बारिश से होती है बाढ़ से नहीं।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-19 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50




# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई अधिकारियों से ईडी कर सकती है पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अवैध खनन मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़े राजनेताओं और वरीय अधिकारियों से पूछताछ का रुख किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी किया है। ईडी की ओर से इस सिलसिले में डीजपी को भी पत्र लिखकर तीन नवम्बर को सुरक्षा का विशेष प्रबंध करने का अनुरोध किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन को गुरुवार तीन नवम्बर को दिन के करीब 11.30 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है।



वहीं, समन जारी होने के बाद भाजपा नेताओं ने सरकार पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अहंकारी शिशुपाल की सौ गलतियों को माफ किया था, विधि का यही विधान है, जब पाप का घड़ा पूरी तरह से भर जाता है, तब ऊपर वाले का चक्र चलता है। गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि समन जारी होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफे की मांग की है। निशिकांत दूबे ने ट्वीट कर कहा कि अब क्या बच पायेंगे? उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और मधु कोड़ा को जब सीबीआई और ईडी ने पकड़ा, तो केंद्र में उन्हीं की सरकार थी। यदि उस वक्त कानून अपना काम कर रही थी, तो आज कानून राजनीति कैसे कर रही है? निशिकांत दूबे ने कहा कि ईडी की ओर से अवैध खनन मामले में गिरफ्तार सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खिलाफ दायर आरोप पत्र में कई खुलासे किये गये हैं। उन्होंने कहा कि साहिबगंज में आठ करोड़ रुपये कैश जमाकर गंगा नदी में पानी जहाज संचालन के लिए घाट लिया गया, जबकि देश में यह नियम है कि 20 हजार से ज्यादा कैश जमा नहीं किया जा सकता। दो लाख से ज्यादा कैश का ट्रांजेक्शन नहीं होता है। इसके बावजूद पंकज मिश्रा के खाते में 20 से 22 करोड़ रुपये नकद जमा कराये गये। ईडी ने पंकज मिश्रा के ठिकाने से हेमंत सोरेन का पासबुक, चेकबुक और सादे कागज पर हस्ताक्षर को जब्त किया है। इन पैसों को विदेशों में भेजा गया।

## सीएम सुरक्षा प्रभारी ने ईडी को बताया, प्रेम प्रकाश के यहां दो सिपाहियों के होने की नहीं थी जानकारी

- सीएम के सुरक्षा प्रभारी को ईडी ने भेजा था समन
- सुरक्षा प्रभारी ने पत्र भेजकर दिया जवाब

**रांची।** झारखंड में सक्रिय पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के यहां दो सिपाहियों की तैनाती व आवास से एके-47 की बरामदगी के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार ने अपना पक्ष ईडी को भेजा है। उन्होंने अपने जवाब में बताया है कि उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि सीएम सुरक्षा के नाम पर तैनात जवान प्रेम प्रकाश के साथ बॉडीगार्ड के तौर पर तैनात थे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सीएम की सुरक्षा के वरीय प्रभारी ने पत्र भेजकर बताया है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# भारत अनिश्चितता के इस दौर में भी मजबूत है, मान रही है दुनिया : मोदी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत है और दुनिया इस बात को मान रही है। श्री मोदी ने बेंगलुरु में कर्नाटक वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2022 का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत इस समय अपने विकास को दुनिया के विकास में सहायक बनाने की प्रेरणा के साथ काम कर रहा है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपने संबोधन में वैश्विक निवेशकों को भारत की इस प्रेरणा के साथ अपने निवेश को जोड़ने का आह्वान करते हुए देश में आने का न्योता दिया। श्री मोदी ने कहा कि भारत में निवेश समावेशी विकास में निवेश है, भारत में निवेश का मतलब लोकतंत्र में निवेश है, भारत में निवेश का मतलब दुनिया के लिए निवेश है, भारत में निवेश धरती को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निवेश है, आइए हम मिलकर करोड़ों लोगों के भविष्य को सुंदर बनाने के लक्ष्य के साथ मिलकर चलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत तेजी से आर्थिक वृद्धि कर रहा है। इस समय भारत जिस ऊंचाई पर है यहां से देश को निरंतर आगे ही बढ़ना है। पिछले वर्ष भारत ने करीब 84 अरब डालर का रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया था। भारतीय अर्थव्यवस्था की जड़े मजबूत हैं। तमाम देश इस बात को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि यह दौर भले ही वैश्विक आर्थिक संकट का दौर है, लेकिन दुनिया के विशेषज्ञ विश्लेषक और अर्थव्यवस्था के जानकार भारत को एक खुशनुमा जगह बता रहे हैं। हम अपनी अर्थव्यवस्था की जोड़ों की मजबूती के लिए लगातार काम कर रहे हैं ताकि भारत की अर्थव्यवस्था दिनों दिन और मजबूत हो। हमने निवेशकों को लालफीताशाही के जाल में उलझाने के बजाय निवेश के लिए स्वागत पूर्ण वातावरण सृजित किया है। हमने नये-नये उलझा कानून बनाने के बजाय उन्हें तर्कसंगत बनाया है। भारत का निर्माण साहसिक सुधार बढ़े बुनियादी ढांचे और सर्वोत्तम प्रतिभाओं से ही संभव है। उन्होंने इस दिशा में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी देते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# कोरोना के बाद बेअसर होती एंटीबायोटिक दवाएं

## आईसीयू में निमोनिया जैसे संक्रमण के उपचार में कार्बेपनम्स दवाएं हो गयी हैं बेअसर

**- आरएनएम**



**नयी दिल्ली।** कोरोना महामारी के पहले तो वैश्विक स्तर पर एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर करनेवाले पैथोजन चिंता के बड़े कारक थे ही, कोरोना के बाद हालत और भी भयावह हो गयी है। इसके बारे में द लैंसेट पत्रिका में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार 2019 में दवाओं को बेअसर करनेवाले इंफेक्शनों के कारण 13 लाख लोगों की मौत हुई। भारत में बीते एक वर्ष में कई एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं के प्रति बैक्टीरिया ने प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने इस वर्ष सितम्बर में एक शोध प्रकाशित किया। जिसमें है कि कई बैक्टीरियल इंफेक्शनों के मामले में कार्बेपनम्स दवाएं बेअसर हो चुकी है। कार्बेपनम्स दवाओं की वह श्रेणी है, जो आईसीयू में न्यूमोनिया जैसे आम इंफेक्शनों के इलाज में इस्तेमाल की जाती रही है। रिपोर्ट से जुड़े वैज्ञानिकों के अनुसार सेप्सिस या कई गंभीर संक्रमण के इलाज के मामले में दवाएं कम पड़ती जा रही हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# सीएम ने साहिबगंज में कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का लक्ष्य आपके हित की योजनाओं को आपके घर के दरवाजे तक पहुंचाना है। इसे मिशन मोड में चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को त्वरित रूप से लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि जहां भी शिविर लगे, वहां अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अवश्य समर्पित करें, जिससे ससमय आपको योजनाओ से लाभान्वित कराया जा सके। वे बुधवार को साहिबगंज के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। यहां विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गये थे, जहां पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याकारी योजनओं से लाभान्वित कराया गया।

**पिछले चरण के प्राप्त आवेदनों में 99 प्रतिशत का निष्पादन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 35 लाख आवेदनों में 99 प्रतिशत लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। वहीं, इस बार 15 दिन में 21 लाख से ज्यादा आवेदन सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया जा रहा है। सुदूरवर्ती इलाकों तक इस योजना को पहुंचाने के लिए सरकार के पदाधिकारी आपके पास पहुंच कर आपको योजनाओं से लाभान्वित कराने का कार्य कर रहे हैं। जिन समस्याओं का समाधान यहां नहीं हो पाता, उसे मुख्यालय भेज दिया जा रहा है, जिस पर वरीय पदाधिकारी विचार कर निष्पादित करने का कार्य कर रहे हैं। वहीं, पोर्टल के माध्यम से इस कार्यक्रम की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है।

**सुखाड़ की समस्या से लड़ने के लिए सरकार आपके साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सुखाड़ घोषित कर दिया गया है। इसके तहत 30 लाख किसानों को सरकार 3500 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# 15 नवम्बर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी शिरकत



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 नवम्बर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर रांची में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर निमंत्रण स्वीकार करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर लिखा- जोहार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर निमंत्रण स्वीकार करने के लिए आपका अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार। वीर शहीदों की धरती पर आपका हार्दिक स्वागत है। राष्ट्रपति 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू (खूंटी) भी जा सकती हैं।

# पलामू सेंट्रल जेल में बंद अपराधी ने धमकी देने के लिए रखे हैं दूसरे राज्यों के गुर्गे

## जेल पहुंचकर एटीएस ने की पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस के लिए सिरदर्द बना गैंगस्टर अमन साव गिरोह के लिंक को एटीएस तलाश कर रही है। अमन साव के लिंक को तलाशने के लिए एटीएस की टीम ने पलामू में कैम्प किया था। एटीएस टीम का नेतृत्व डीएसपी रैंक के अधिकारी कर रहे थे। टीम को पलामू से कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पलामू में कैम्प करने के बाद एटीएस की टीम छत्तीसगढ़ भी गई। अमन साव गिरोह का तार छत्तीसगढ़ से भी जुड़ा है। दरअसल, कुछ दिनों पहले पलामू सेंट्रल जेल में सुविधा बढ़ाने को लेकर अमन साव गिरोह ने कॉल के माध्यम से सेंट्रल जेल के अधीक्षक को धमकी दी थी। इसके ठीक कुछ दिनों बाद रांची के एक कारोबारी से लाखों की रंगदारी मांगी गई थी। मामले में अमन साव को लेकर एटीएस ने एक साथ 12 जिलों में छापेमारी भी की थी। गैंगस्टर अमन साव पलामू लिंक को तलाशने के लिए एटीएस पलामू में 15 जगहों पर छापेमारी की थी। एटीएम की टीम ने पलामू सेंट्रल जेल में अमन साव से पूछताछ भी की है। अमन साव ने एटीएम की टीम को कई जानकारी दी है। जिसके बाद टीम आगे की कार्रवाई कर रही है। पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक की धमकी मामले में ऑडियो की भी जांच की जा रही है। धमकी देने वाले शख्स की आवाज स्थानीय नहीं है। आवाज यूपी और छत्तीसगढ़ की टोन है। एसटीएम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# शरीर का सरफेस एरिया कम होने से भारतीय होते हैं कोरोनरी आर्टरी डिजीज के शिकार

**- आरएनएम**


**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सर गंगा राम हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी और रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट की एक शोध के मुताबिक, व्यक्ति के शरीर का सरफेस एरिया (पृष्ठीय क्षेत्रफल) कम होने की वजह से ऐसा होता है। कोरोनरी आर्टरी डिजीज में दिल की जरूरी धमनियां डैमेज हो जाती हैं। इसकी सामान्य वजह धमनियों में फैट का जमना है। इससे ब्लड फ्लो में कमी आती है, जो सीने में दर्द से लेकर हार्ट अटैक तक का कारण बन सकता है। जर्नल ऑफ इंडियन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में छपी इस स्टडी में 250 लोगों को शामिल किया गया था। अस्पताल के हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेपीएस साहनी का कहना है कि प्रतिभागियों में से 51 प्रतिशत को हाई ब्लड प्रेशर और 18 प्रतिशत को डायबिटीज की बीमारी थी। वहीं चार प्रतिशत धूम्रपान के आदी थे, 28 प्रतिशत को हाई कोलेस्ट्रॉल व फैट था और 26 प्रतिशत के परिवार में दिल की बीमारी की हिस्ट्री थी। शोध में पाया गया कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की रक्त वाहिकाओं का औसत डायमीटर काफी कम होता है। वैसे तो बॉडी सरफेस एरिया के सामने दोनों की ही धमनियों के डायमीटर का माप महत्वपूर्ण नहीं होता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का मानना है कि एशियाई लोग, विशेषकर भारतीयों को धमनियों का डायमीटर कम होने के चलते इनमें फैट डिपॉजिट होने का खतरा ज्यादा होता है। यह शोध साबित करती है कि भारतीय लोगों की धमनियां छोटी नहीं होती हैं। उन्हें कोरोनरी आर्टरी डिजीज का खतरा शरीर के सरफेस एरिया कम होने की वजह से होता है।

# डालटनगंज : मरीन ड्राइव फेज टू को लेकर निर्माण कार्य में सतर्कता

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर, स्थानीय लोगों ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम के द्वारा मरीन ड्राइव फेज टू के निर्माण को लेकर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। निगम के द्वारा सवा चार करोड़ के लागत से ये मरीन ड्राइव का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले मरीन ड्राइव पहले फेज का निर्माण हो चुका है। जिसे लेकर निगम अपनी पीठ लगातार थपथपा रहा है। आने वाले समय में नगर निगम के चुनाव होने हैं जिसे लेकर निगम लगातार अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने बताने में लगा है। मरीन ड्राइव फेज टू के निर्माण को लेकर लापरवाही बरती जा रही थी। निर्माण कार्य में साम्रगी की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाये थे। जिसका खबर राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद निगम के अधिकारी सहित वार्ड पार्षद भी हरकत में आये और स्थल का निरीक्षण किया। बुधवार को एक बार फिर रानमेल के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। जिसमें वहां कार्य कर रहे कारीगरों ने बताया कि हमलोगों को ठेकेदारों के द्वारा कहा गया है कि सामग्री में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करना है। ठेकेदार को भी निगम के द्वारा गुणवत्ता का ध्यान रखने का सख्त हिदायत दी गयी है। गौरतलब है कि खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग की नींद खुली है। ज्ञात हो कि निगम के द्वारा शहर के सौन्दरीकरण करने के प्रयास में मरीन ड्राइव टू की शुरूआत की गयी है। जिसे बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार किया का रहा है। इस बार निगम के चुनाव में ये जनता के सामने बहुत बड़ी उपलब्धि भी गिनाने का प्रयास किया जायेगा। निगम के मेयर सहित कई वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में मरीन ड्राइव फेज 2 का शिलान्यास 19 अक्टूबर को किया गया था। उसके बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### स्थानीय लोगों ने घटिया गुणवत्ता पर उठाये थे सवाल

निगम के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने इसके घटिया गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाये थे। स्थानीय लोगों ने अब कहना शुरू कर दिया है कि निगम का प्रयास सराहनीय है। अब गुणवत्ता के साथ मरीन ड्राइव का निर्माण किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि दूसरी पिचिंग का काम रात में भी किया जा रहा है। नियम के अनुसार पहले पूरी सफाई हो रही है।

### सवा चार करोड़ से अधिक की लागत से हो रहा निर्माण

निगम के द्वारा बनाया जा रहा मरीन ड्राइव फेज 2 का निर्माण जारी है। नगर विकास और आवास विभाग के चार करोड़ 25लाख 13 हजार एक सौ 65 रुपये के लागत से वार्ड संख्या 22,29 और 30 में इस ड्राइव का निर्माण किया जा रहा है।

# फूटने के समय धान सूखे, किसान परेशान, बीडीओ को दिया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुआरी पंचायत के किसान का पांच एकड़ में लगा धान का फसल नष्ट हो गया। इस संबंध में प्रभावित किसान स्वयंबर सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार को एक आवेदन देकर उचित मुआवजा की मांग की है। दिये गये आवेदन में कहा है कि मैं अपने खेत मे करीब पांच एकड़ में खरीफ फसल धान की खेती की थी। लेकिन धान फूटने के समय सभी फसल रोग लगने के कारण सूख गये। दिये गये आवेदन में मामले की जांच कर उचित मुआवजा



की मांग की गई है। इधर इस तरह की शिकायत दरुआ समेत अन्य गांवों में भी मिली है। बताते चलें कि हुसैनाबाद क्षेत्र में किसी तरह नाम मात्र की धान की खेती हुई है। किसानों का कहना है कि अब धान को तैयार होने का समय है। लेकिन किसी कीड़ा लगने से धान के फसल फूटने की जगह सुख रहे है। पूंजी व समय दोनों बर्बाद हो गये। इस सम्बंध में प्रभारी कृषि पदाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि इस तरह की शिकायत मिल रही है। इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दी गयी है। प्रावधान के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## रजहारा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** रजहारा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी शामिल हुई। शिविर का शुभारंभ जिप अध्यक्ष प्रतिमा, प्रमुख शोभा देवी, डीएमओ आनंद कुमार, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी,सीओ लाल बाबू व मुखिया अजय पासवान के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जेएसपीएल के द्वारा छह सखी मंडल को बीडीओ,जिप अध्यक्ष व प्रमुख के हाथो नौ लाख का चेक प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष प्रतिमा ने कहा कि अगर जन प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति ईमानदार हों तो सरकार के योजनाओ को धरातल पर सही तरीके से क्रियान्वयन किया जा सकता है। सरकारी कर्मी व प्रतिनिधि में तालमेल होने से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। वहीं बीडीओ मनोज कुमार ने उपस्थित लोगों के बीच सरकार की जन उपयोगी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मनरेगा सहायक धीरज सिंह, रोजगार सेवक साकिर अंसारी, पंचायत सचिव अनिल राम, विष्णु कुमार, रंजन कुमार, सीआई उमेश्वर यादव, राजाराम अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### खेत से पंप की चोरी

**हैदरनगर।** थाना के बहेरा गांव निवासी अखिलेश कुमार सिंह ने आवेदन देकर समरसेबल पंप की चोरी होने से सम्बंधित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत हमें दो एचपी का सोलर पंप सेट समरसेबल सहित मिला हुआ था। जिसे मैंने चौकड़ी मोड़ के समीप अपने खेत मे लगाया था। जब मैं छठ महापर्व के दूसरे दिन देखने गया तो वहां से समरसेबल गायब मिला। भुक्तभोगी अखिलेश ने आवेदन में यह भी कहा है कि आलू के खेत को पटवन के लिए मैं खेत गया। जहां अज्ञात चोरों द्वारा दो एचपी का समरसेबल चोरी कर ली गई। काफी खोजबीन के बाद भी समरसेबल का पता नही चला। भुक्तभोगी ने शंका जताते हुए आवेदन में अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित शिकायत की है। जिसकी शिकायत थाना को 1 नवम्बर को ही देकर पुलिस प्रशासन से अनुरोध करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### कांग्रेस पार्टी का भारत जोड़ो यात्रा कल

**हैदरनगर।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चलाये जा रहे कार्यक्रम भारत जोड़ो यात्रा झारखण्ड के विभिन्न जिलों के बाद हुसैनाबाद पहुंचा। यह कार्यक्रम हुसैनाबाद में 4 नवम्बर को आयोजित होना हैं । इस बात की जानकारी झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. एम तौशिफ ने दिया। उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम 4 नवम्बर को दाता नगर जपला से प्रारम्भ होगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अनुमण्डल के मैदान में समाप्त होगा। आगे उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में हमलोगों के नेता राहुल गांधी नही आ रहे है । परंतु झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,भारत जोड़ो यात्रा केडिनेटर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा ,बन्धु तिर्की, शहजादा अनवर एवं झारखण्ड के कई मंत्रीगण शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हमलोग हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के सभी युवा ,बेरोजगार किसान एवं आम जनता से अपील करता हूं कि आप इस कार्यक्रम में जरूर भाग ले। उन्होंने इस कार्यक्रम का उद्देश्य को बताते हुए कहा कि वर्तमान के मोदी सरकार देश के आम जनता को जरूरतमंद मुद्दों से भटका कर सिर्फ हिन्दू मुस्लिम और नफरत की राजनीति कर रहे है । जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर भारत के कोने कोने में इस यात्रा के माध्यम से जनता को जोड़ने का कार्य कर रही हैं, जिससे मेरा देश मजबूत हो सके।

### सूर्या टीम से जुड़कर युवा हुसैनाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायें: कमलेश

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में टीम सूर्या के तत्वावधान में बुधवार को पंचायत स्तरीय क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। यह मैच ऊपरीकला बनाम बनियाडीह बराही पंचायत टीम के बीच खेला गया। जिसमें ऊपरी कला की टीम ने 128 रन का लक्ष्य दिया था। बराही ने 3 विकेट से ऊपरी कला को पराजित कर दिया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि टीम सूर्या हुसैनाबाद के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से उन्हे आगे लाने का प्रयास सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा व खेल के माध्यम से युवाओं का भविष्य संवारने की यह मुहिम है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद – हरिहरगंज के युवाओं की प्रतिभा में निखार नहीं आ पता है। प्रतिभा दबकर रह जाती है। अब ऐसा नहीं होगा। पहले चरण में टीम सूर्या के बैनर तले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए उन्हे मार्गदर्शन देने के लिए जाने माने कोचिंग संस्थान गोल के माध्यम से उन्हे मार्गदर्शन दिया गया। दूसरे चरण में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पहचान दिलाने की मुहिम है।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड इकाई की बैठक बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय हरिहरगंज में हुई । बैठक में मुख्य रूप से संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय निर्देशानुसार राज्यव्यापी आंदोलन को संपन्न करने के लिए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य 4- 5 नवंबर को अपने -अपने विद्यालय में काला बिल्ला लगाकर कार्य करने हेतु प्रेरित करेंगे। जबकि, 7-12 नवंबर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा जायेगा। तथा 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा शिक्षक उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय राम जबकि संचालन प्रखंड सचिव संतोष कुमार राय ने की । मौके पर पुषैन कुमार, सुरेश कुमार सिंह, विपिन कुमार, अजय कुमार सिंह, बैजनाथ राम ,जयनंदन सिंह ,रमेश कुमार सिंह, अनुपमा कुमारी, ममता कुमारी, पुष्पा कुमारी ,सर्वेश कुमार सिंह, संजीव कुमार ,नागेश्वर राम, शिवशंकर राम ,नीरज पाठक सहित सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

## सामुदायिक शौचालय छह माह से बंद, ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अन्तर्गत वार्ड संख्या अठारह के छिपादोहर कला में गुरुवार को सरकार आपके द्वारा लाखों की लागत से बनाये गये सामुदायिक शौचालय बंद रहने के कारण लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। जिसे ग्रामीणों ने अध्यक्ष प्रत्याशी सह राजद अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन अंसारी के अगुआई में प्रशासन व नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त एमडी परवेज आलम से इस बंद पड़े शौचालय को अविलंब खुलवाने की मांग की है। श्री अंसारी ने कहा की यह क्षेत्र पूरी तरह आदिवासी बहुल्य क्षेत्र माना जाता है। जहां निश्चित ही लगभग सैकड़ों घरों के लोगों के उद्धार को लेकर इस सामूदायिक शौचालय को बनवाया गया होगा। किंतु इसका कोई लाभ इन ग्रामीणों को पिछले छह माह मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है।



जिसे चालू करने के लिए जरूरत पड़ी तो बहुत जल्द चरण बद्ध आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। राजद नेता ने कहा कि इन आदिवासी परिवारों को पीने की पानी तक की संकट आ पड़ी है। चुकि इस शौचालय में लगे बोरवेल के पानी से ही ग्रामीणों की दैनिक दिनचर्या पूरी होती थी। जो की लगभग छह महीने से बंद पड़ा है। जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर सलीमुदिन अंसारी, नितेश गुप्ता, गोलू सिंह, परमजीत भुइया, वचन सिंह, भोलू सिंह, बरह्मदेव सिंह, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## आरसीआईटी के सभागार में पंचायत प्रतिनिधि हुए सम्मानित

### भाजपा प्रदेश कार्य समिति ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने की। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों व भाजपा प्रखंड कमेटी के कार्यसमिति सदस्य को सम्मानित किया गया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सभी को खुद शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कोई भी प्रतिनिधि छोटा या बड़ा नही होता। सभी का सम्मान बराबर है। कार्य क्षेत्र छोटा बड़ा हो सकता है। पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकार और कर्तव्य को समझते हुए ईमानदारी से कार्य करेंगे, तो गांवों का संपूर्ण विकास हो जायेगा। गांव व पंचायत के विकास में हर संभव मदद पंचायत प्रतिनिधियों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र का पूर्ण विकास करना ही मेरा सपना है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित किया जायेगा। चंद्रवंशी ने पंचायत प्रतिनिधियों को कई टिप्स भी दिये। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि वगैर किसी भेदभाव के गांवों का विकास करें। पंचायत के लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। मौके पर वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, डॉ विनय प्रसाद शुक्ला, रविंद्रनाथ उपाध्याय, ओम प्रकाश तिवारी, जिला पार्षद विजय रविदास, प्रमुख रम्भा देवी, बबन राम, शिवबांश मिश्रा, नरसिंह चौबे, अनुज चौधरी, मनीष कुमार गुप्ता, मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, अंजू देवी, संजू चौबे, रोशीला देवी, रम्भा मिश्रा, धर्मेंद्र चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, दिनेश शुक्ला, प्रवीन मिश्रा, रविशंकर चौबे, उपेंद्र तिवारी, विनोद चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## भक्ति जागरण से लोगों में आता है बदलाव : ददई

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका मंच संचालन रिया कुमारी और आशीष पांडे ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के साथ युवा नेता नावा के बीस सूत्री अध्यक्ष कृष्णा दुबे और सुनील पांडे भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने एक साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उपस्थित दुबे ने पूरे इलाके से आए हुए जनता का हार्दिक अभिनंदन किया। अपनी बातों को रखते हुए उन्होंने पूरे कमेटी को शुभकामना दी और उपस्थित लोगों को एक साथ चलने का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि मैं सुख दुख में आप सबों के साथ शुरू से ही रहा हूं । मैं वादा करता हूं कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी। मैं आधी रात को आपके लिए सदैव तैयार हूं । मौके पर उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष कृष्णा दुबे ने भक्ति जागरण आयोजन करने के लिए पूरे कमेटी को धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों के सहयोग के लिए सदैव तैयार हूं । बाहर से आये हुए कलाकार विशाल, गगन एवं गायिका कोमल राज ने रातभर दर्शक को अपना गीत प्रस्तुत कर समा बांधते रहे। दर्शक कार्यक्रम को सुन काफी खुश थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी पंजरी खुर्द के करुण पाठक ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## मुख्यमंत्री से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का किया आग्रह



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू, गढ़वा एवं अन्य जिला के क्षेत्र विभिन्न अभ्यर्थी अपने सभी साथियों के साथ झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रतीक्षारत आयुष सीएचओ को नियुक्ति पत्र देने का आग्रह किया है। अभ्यार्थियों ने बताया आयुष प्रक्षेत्र के संविदा के आधार पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 217 अभ्यर्थियों को एक अंग बनाकर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू किया था। जिसमें कागजी प्रक्रिया जांच के क्रम में बहुत सारे अभ्यर्थी कि कागजात गलत होने के कारण 47 पद खाली रह गया था। जो राज्य के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की तैनाती को लेकर 45 सीटों की मेधा सूची के आधार पर चयन की प्रक्रिया चल रही थी। जिसको दुर्गा पूजा के बाद नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए आयुष निदेर्शालय की ओर से अनुमोदन के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पास प्रस्ताव भी भेजा गया था। जिसकी सैद्धांतिक अनुमति मिल गई थी। अभ्यर्थियों ने बताया की स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता राज्य में आयुष के चिकित्सा पद्धति को ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने के लिए विशेषज्ञों की बहाली लिया जा रहा था। प्रतीक्षारत 47 अभ्यर्थी नियुक्ति की उम्मीद लगाये बैठे हैं। ऐसे में पुनः विज्ञापन निकालकर बहाली प्रक्रिया का चालू करना हम सभी अभ्यर्थी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने ट्विटर अकाउंट से 217 आयुष सी एच ओ की नियुक्ति की बात कही थी। अभ्यर्थियों के अनुसार, गांव में बेहतर इलाज करने को लेकर आयुष चिकित्सक के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी दृढ़ संकल्पित थे। लेकिन हाल के दिनों में सरकार नया विज्ञापन जारी कर इन सभी अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। सभी अभ्यर्थी माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया हैं की विज्ञापन प्रक्रिया को रद्द करते हुए प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों का नियुक्ति कराया जाय। वैश्विक महामारी करोना में अभ्यर्थियों का उम्र तथा पढ़ाई का खर्च अत्यधिक होने के कारण अभ्यर्थी मानसिक तनाव में है। उन्होंने कहा ऐसे में सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट नहीं होता है। तो हम सभी अभ्यर्थी मुख्यमंत्री के पास आत्मदाह करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से डॉ. सरवन कुमार, डॉ. पूजा रानी,डॉ अफ्तार अंसारी, डॉ सुरज कुमार, डॉ रितु कुमारी, डॉ सुरेन्द्र मेहता, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ. अफरोज आलम, डॉ. मेमुदिन अंसारी, डॉ. सुनेमा, डॉ जावेद आलम, डॉ इकरम , डॉ दीपक मेहता सहित कई अन्य डॉक्टर उपस्थित थे।

**कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, गढ़वा**
**(जिला पंचायत शाखा)**

**नगरपालिका ( आम ) चुनाव 2022–23 अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति**

नगरपालिका (आम) चुनाव 2022 – 23 के अवसर पर आवश्यक सामग्रियों का क्रय एवं भाड़े पर आपूर्ति प्राप्त करने हेतु विभिन्न कोटि के सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु निम्नवत् मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की गई है:–

1. निविदा सं0 01/2022–23 : मतदान सामग्रियों का क्रय हेतु
2. निविदा सं0 02/2022–23 : प्रपत्र/पंजी/बुकलेट का मुद्रण एवं आपूर्ति
3. निविदा सं0 03/2022–23 : लेखन सामग्री/स्टेशनरी एवं विविध सामग्री क्रय
4. निविदा सं0 04/2022–23 : टेन्ट/शामियाना आदि सामग्रियों की भाड़े पर आपूर्ति
5. निविदा सं0 05/2022–23 : नास्ता/भोजन आदि की आपूर्ति
6. निविदा सं0 06/2022–23 : विडियोग्राफी/सी0सी0टी0भी0/वेबकास्टिंग कार्य हेतु
7. निविदा सं0 07/2022–23 : मतदाता सूची का डिजिटल जेरौक्सिंग

उपरोक्त विवरण के निविदाओं की प्राप्ति हेतु दिनांक 11.11.2022 को 10:30 बजे पूर्वाहन/~~अपराहन~~ तक इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता जिला पंचायत राज कार्यालय में विहित शर्तों के अधीन अपना मुहरबन्द निविदा जमा कर सकते है।

निर्धारित समय तक प्राप्त सभी निविदाऍं दिनांक 11.11.2022 को पूर्वाहन/~~अपराहन~~ 11:30 बजे निविदावार जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित शर्त एवं विस्तृत जानकारी, सामग्रियों की सूची का अवलोकन गढ़वा जिला के वेबसाईट http//garhwa.nic.in पर कर सकते हैं अथवा जिला निर्वाचन शाखा, गढ़वा से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–
जिला दण्डाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 281140 Election (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**
**द्वितीय शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/O&M/Medininagar-12/2022-23 (1st Call) का प्रथम शुद्धि पत्र जो PR No. 279154 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, परिमाण विपत्र का मूल्य एवं तिथि पुनः अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित राशि | संशोधित राशि |
|---|---|---|
| प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | Rs. 38.73000 Lakh | Rs. 31.55000 Lakh |
| अग्रधन की राशि | Rs. 77,500.00 | Rs. 63,500.00 |
| परिमाण विपत्र का मूल्य | Rs. 5000.00 | Rs. 5000.00 |
| विवरण | पूर्व संशोधित प्रकाशित तिथि/समय | पुनः संशोधित तिथि एवं समय |
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06.10.2022 / 04.00 P.M. | 09.11.2022 / 04.00 P.M. |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13.10.2022 / 05.00 P.M. | 18.11.2022 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 14.10.2022 / 05.00 P.M. | 19.11.2022 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15.10.2022 / 04.00 P.M. | 21.11.2022 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 281257 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

**समाहरणालय, लातेहार (जिला राजस्व शाखा)**

**पुनः अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/ जि0रा0–2022–23**

लातेहार जिलान्तर्गत अरुणोदय अतिथिगृह –सह– कैम्प कार्यालय, नेतरहाट एवं पुराना/ नया परिसदन भवन, लातेहार के लिए निम्नांकित सामग्री/ उपकरण हेतु इच्छुक आपूर्तिकत्ताओं/ निर्माता कम्पनी से कोटेशन निम्नांकित विवरणी के साथ दिनांक–11.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला राजस्व शाखा, लातेहार में समर्पित करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 11.11.2022 को 04:00 बजे अपराह्न में कोटेशन को खोला जायेगा। निविदा की शर्ते इस जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | क्र0 | आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की विवरणी | यूनिट | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| Guest House Furniture | 1. | Office Table | 5 pcs | Office Table Alongwith 3 Drawers, Size : 1500x750x750, Make - Neelkamal, Model No; Aristo |
| | 2. | Office Chair | 30 pcs | PVC upholstered seat and back with PU foam. Chrome plated Mild with thickness of 1.4 mm Plastic armrest |

अपर समाहर्ता,
लातेहार।

PR.NO.281180 Revenue(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या–02/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक– 01.11.2022

1. कार्य का नाम : विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) मद अन्तर्गत

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/02/2022-23/01 | Signage, Furniture, IT requirement in Sadar Hospital Chatra | 9,94,714.00 | नौ लाख चौरानबे हजार सात सौ चौदह | 30.11.2022 |
| 2 | RWD/CHATRA/02/2022-23/02 | Aesthetic Improvement of Sadar Hospital as per Kayakalp guideline | 29,74,448.00 | उन्तीस लाख चौहत्तर हजार चार सौ अड़तालीस | 30.11.2022 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.11.2022
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 12.11.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग एवं (3) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :– 14.11.2022 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.11.2022 अपराह्न 11.30 बजे।
6. ई– निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
7. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 7979730487
8. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"
9. ई–निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
10. UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.281139 Rural Work Department(22-23):D

# पलामू में श्रद्धा व उल्लास से मना अक्षय नवमी पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में अक्षय नवमी का पर्व बुधवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें आंवले के पेड़ का पूजन किया गया। वहीं आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर प्रसाद का सेवन श्रद्धालुओं ने किया। छठ पूजा के तीसरे दिन अक्षय नवमी का त्योहार मनाया जाता है। जिसे दूसरे शब्दों में पलामू में पिकनिक की शुरूवात भी कह सकते हैं। सुबह से ही स्थानीय महिलाएं आँवले के वृक्ष के नीचे एकत्र होकर आँवला के वृक्ष की पूजा की और पुरोहित को भातुवा( घीया/रक्सा) एवं पंचरत्न का दान किया गया। फिर उसी वृक्ष के नीचे खिचड़ी, पापड़, आलू का चोखा और आमला की चटनी के साथ खाया गया। वर्तमान समय में शहरों में आमला का वृक्ष मिलना तो दुर्लभ है। ऐसे में अधिकांश महिलाओं ने घरो में गमले में लगे पौधे की ही पूजा कर अक्षय नवमी का त्योहार मनाया। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को यह पर्व मनाया जाता है। शास्त्रो में भी आंवला के वृक्ष का विशेष महत्व बताया गया है। इस वृक्ष में भगवान विष्णु का निवास होता है। सुबह से ही पूजा करने लिए महिला श्रद्धालु शहर के बेनीमंदिर,विष्णुमन्दिर, शिवाला रोड, नदी किनारे रोड, गीता भवन व काली मंदिर, रेडमा रोड स्थित मंदिर व बगीचों में लगे आंवला के वृक्ष की पूजा करने पहुंचने लगी थीं। आंवले की पूजा करने से आरोग्य, पुत्र रत्न व सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**किया गया आंवला वृक्ष की परिक्रमा :** श्रद्धालु महिलाओं ने आंवले के वृक्ष का पूजन करने के साथ ही वृक्ष की परिक्रमा भी की। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन आंवला की पूजा करने से सारे दोषों से मुक्त हो जाते हैं और परिवार में खुशहाली बनी रहती है। परिक्रमा करने के बाद श्रद्धालुओं ने वृक्षों के पास बैठकर घर से बनाकर ले जाए गए प्रसाद का सेवन बच्चों सहित किया।

**दान-पुण्य के साथ गंगा स्नान किए श्रद्धालु :** अक्षय नवमी पर गंगा स्नान का भी विशेष महत्व है। सुबह से ही श्रद्धालु कोयल नदी,अमानत नदी में गंगा स्नान के लिए दिखे और बाद में वहां दान-पुण्य भी किया गया। शहर से लेकर देहात तक विप्रजनों को भोजन कराने के साथ जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिरों व बगीचों में लगे आंवले के वृक्षों के आसपास श्रद्धालुओं के लिए सफाई व्यवस्था कर रखी थी।

**वृक्षों के नीचे बैठकर किया वनभोज :** स्थानीय मंदिर में आंवला पूजन के बाद कई परिवारों ने पेड़ के नीचे ही बैठकर परिवार संग भोजन का आनंद लिया। बच्चे भी खुश दिखे और महिलाएं भी पूजन के बाद खुश दिखी।

# चार नवंबर को पलामू आयेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीएम हेमंत सोरेन चार नवंबर को पलामू दौरे पर आ रहे रहे हैं । इस दौरान वे पलामू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पलामू डीसी ए दोड्डे ने मंगलवार को जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सीएम के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा अभी तक अधिकारिक रूप से सीएम के दौरे को लेकर पत्र नहीं आया है । लेकिन, जिला प्रशासन को सूचना दी गई है की चार नवंबर को सीएम पलामू में रहेंगे।

**पुलिस लाइन में होगा कार्यक्रम :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पलामू पहुंचेंगे। इस दौरान पलामू प्रभारी मंत्री जोबा मांझी और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। सीएम का पूरा कार्यक्रम पलामू पुलिस लाइन में आयोजित होना है। सीएम के आगमन को लेकर पुलिस लाइन में टेंट लगाने का भी कार्य शुरू हो गया है।

## वसुंधरा भारती उर्फ हनी ने की नीट की परीक्षा पास

**पांकी।** प्रखंड के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी सह समाजसेवी मधुसूदन प्रसाद गुप्ता की बेटी वसुंधरा भारती ऊर्फ हनी ने नीट की परीक्षा पास की है। उसे छह सौ सोलह अंक 616 अंक प्राप्त हुआ है। राज्य के दूसरे बड़े मेडिकल कॉलेज एम जी एम जमशेदपुर में उसका नामांकन होगा। पहली बार पांकी प्रखण्ड से किसी रौनियार परिवार की लड़की का मेडिकल में चयन हुआ है।

# भाजपा ने आक्रोश रैली को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की तथा मंच संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि 7 नवंबर से लेकर 13 नवंबर तक प्रखंड में आक्रोश रैली को करना है। जिसमें जनता से जुड़े हुए क्षेत्रीय मुद्दों को उठाना है और साथ ही जन जन तक आवाज को बुलंद करते हुए यह बताना है कि झारखंड की वर्तमान सरकार कितनी निकम्मी, निरंकुश और तानाशाही रवैए से कार्य कर रही है। इसी वजह से इस रैली का नाम आक्रोश रैली भी है । इस आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जी जान से जुड़ जायें , कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए । वहीं पलामू के स्थानीय सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कार्य को इस तरीके से करना है कि आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों को तो लाभ हो ही साथ ही साथ कार्यकताओं को भी लाभ हो। क्योंकि आंदोलन जब होगा उसी का प्रतिफल चुनाव में जनप्रतिनिधि के रूप में हमें प्राप्त होते हैं। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि छोटे राज्य बनाने का उद्देश्य श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी का यह था कि सुखमय राज्य बनाया जाए। लेकिन झारखंड की दिशा और दशा को देखकर ऐसा प्रतीत नहीं होता है। कर्नल संजय सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन का केवल नेतृत्व करने की आवश्यकता है।

# भगवान की लीला अपरंपार, भागवत कथा से सभी बधायें दूर होती हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भगवान की लीला अपरंपार है ।सभी चीज जानते हुए भी भगवान ने लीला कर मानव जीवन को रहने ,बोलने, चलने को सिखाया है। हम सभी को भागवत कथा सुनना चाहिए । उक्त बातें अयोध्या से पधारे आचार्य विष्णु दास ने प्रवचन के दौरान कही । उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जिन्हें माखन चोर भी कहा जाता है, उनकी लीला अपरंपार है । आचार्य विष्णु दास पड़वा प्रखंड के गोल्हना पंचायत के गोल्हना ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह में बोल रहे थे। यज्ञ समारोह का शुभारंभ 28 अक्टूबर से हुआ है । यज्ञ 4 नवंबर तक चलेगा। यज्ञ का आयोजन गोल्हना ग्राम निवासी राजेंद्र शुक्ला एवं देवजानी देवी ने किया है। यज्ञ में अयोध्या से विजय मिश्रा, सत्य प्रकाश शुक्ला, गोविंद जी आकर गांव वासियों को श्रीमद् भागवत कथा का ज्ञान बांट रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नेता उदय शुक्ला ने बताया कि उनकी मां देवजानी देवी एकादशी उद्यापन व्रत का कार्यक्रम कर रही है । इसी क्रम में श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां प्रतिदिन दिन में 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक कथा सुनाया जा रहा है। इधर कथा सुनने के लिए गोल्हना ग्राम एवं आसपास के गांव के लोग भी शामिल हो रहे हैं। 5 नवंबर को भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अजीत शुक्ला, तारा देवी पूरे तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं।

# नयी शिक्षा नीति के लागू होने से होंगे बदलाव : उपायुक्त

## शिक्षा नीति पर जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना के योजनानुसार नयी शिक्षा नीति-2020 को लागू करने को लेकर दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन मेदिनीनगर में बुधवार को जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता व विषय प्रवेश डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने किया। जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। सम्मेलन में उपस्थित दो सौ पच्चीस मुखिया गण को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के लागू होने से समाज में बेहतर बदलाव होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप सब भेदभाव व जातपात के बिना पंचायत में सरकारी योजनाओं को लागू करें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। गरीबी से लड़ने में शिक्षा ही कारगर हथियार है। उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि मुखिया के रूप में आप सब शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करें और प्रगति के वाहक बनें। उन्होंने आसपास हो रहे सकारात्मक परिवर्तन पर रोशनी डालते हुए प्रतिनिधियों में जोश भरा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षक, समुदाय व पंचायत प्रतिनिधियों के सामूहिक भागीदारी से नयी शिक्षा नीति को फलीभूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुखिया इसे लागू करने के अभियान के अहम कड़ी होंगे। हम हर कदम पर सहयोग करेंगे। एपीओ अशोक रजक,उदय कुमार सिंह व जान मुथु ने पीपीटी के माध्यम से शिक्षा अधिकार,समग्र शिक्षा व नयी शिक्षा नीति पर विन्दुवार जानकारी देते हुए मुखिया के दायित्वों को स्पष्ट किया। मौके पर मुखिया संघ के जिला सचिव राजेंद्र पाण्डेय व महामंत्री श्रवण राम ने सकारात्मक पहल करने का संकल्प व्यक्त किया। सम्मेलन को सफल बनाने में सहायक अभियंता दिलीप सिंह, सहायक राजीव चौबे, विकास दूबे, सुधीर कुमार, प्रेमचंद कुमार, अनिल ठाकुर, विनोद तिवारी, विजय शुक्ला, जावेद अख्तर, वीरेंद्र तिवारी व रामसरेख पाण्डेय ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## असंगठित कामगार के पलामू प्रमंडल कोऑर्डिनेटर ने फूटपाथ दुकानदारों को नहीं हटाने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के चेयरमेन सह पलामू प्रमंडल कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह ने प्रशासन से फुटपाथ के दुकानदारों को नही हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत हो गई है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री पलामू दौरा में आ रहे हैं । इससे किसी गरीबों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। संघ के कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह ने बताया कि उन्हें जानकरी मिली है कि रोड के किनारे फुटपाथ के दुकानों को हटाया जा रहा है। सारे दुकान को उनके कार्यक्रम के लिए बंद कराया करवाया जा रहा है। यह प्रशासन की गलत कार्रवाई है। अगर दुकान बंद हो गया तो गरीब खायेंगे क्या और अपने परिवार को खिलायेंगे क्या। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार करे। साथ ही पलामू की प्रशासनिक व्यवस्था जो गरीबों को कुचलने का प्रयास कर रही है । उस पर उनका ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन के द्वारा हटाये जा रहे फूटपाथ की दुकान को बंद नहीं कराये जाने की मांग की है। ताकि दुकानदार अपना रोजगार चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।

## कोचिंग खुलना विकास में बेहतर कदम : विमला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के लामी पतरा मुख्य बाजार पर बुधवार को सक्सेस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिले के 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, विशिष्ट अतिथि लामीपतरा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी , पूर्व मुखिया भवनाथ सिंह , युवा सामाजिक कार्यकर्ता आनन्द कुमार, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया। कोचिंग संचालक सद्दाम अंसारी ,सिंचू कुमार ,शमशाद आलम को बधाई देते हुए अपने संबोधन में सुश्री बिमला कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कोचिंग का खुलना शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति का परिचायक है। कोचिंग के खुलने से आसपास क्षेत्र के बच्चे लाभान्वित होंगे । शिक्षा वो अस्त्र है, जिसकी सहायता से बड़ी से बड़ी कठिनाइयों का सामना कर सकते है। वह शिक्षा ही होती है जिससे हमें सही-गलत का भेद पता चलता है। बेहतर शिक्षा और संस्कार ग्रहण करके ही छात्र अपने सर्वोत्तम स्थान को प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

## गिरफ्तारी व मुआवजा को लेकर दो दिवसीय धरना पर बैठेंगे शिवनाथ के परिजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पिछले माह 4 अक्टूबर को नौगढ़ा ओपी क्षेत्र के बाजार प्रांगण में संजय कुमार सिंह व अन्य लोगों द्वारा दिनदहाड़े गोलीमार कर नृसंश शिवनाथ हत्याकांड को अंजाम देने वाले सभी अभियुक्तों की पलामू पुलिस की भीषण निष्क्रियता से अभी तक गिरफ्तारी नहीं होने व मृतक के आश्रितों को एससी एसटी एक्ट के तहत अभी तक मुआवजा नहीं मिलने के खिलाफ मृतक शिवनाथ के परिजन गुरूवार से उपायुक्त कार्यालय मेदिनीनगर पलामू के समक्ष दो दिवसीय धरना देंगे। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि शिवनाथ हत्याकांड के एक महीना गुजर जाने के बावजूद भी अभी तक मुख्य अभियुक्त समेत नामजद सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि आगामी 4 नवम्बर को झारखण्ड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का इस मामले में ध्यानाकृष्ट कराने व पलामू पुलिस की निष्क्रिय कार्यशैली से अवगत कराने के लिए परिजनों ने मंगलवार को सदर एसडीओ मेदिनीनगर को पत्र देकर कार्यक्रम की सूचना दी है। ज्ञातव्य है कि मृतक शिवनाथ के परिजनों ने उपायुक्त पलामू से मुख्यमंत्री से मिलाने हेतू समय निर्धारित कराने की भी मांग की है। विज्ञप्ति के अंत में झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक ने सभी दलित/आदिवासी/पिछड़ी जाति व धार्मिक अल्पसंख्यक संगठनों व दलों से धरना स्थल पर पहूंचकर मृतक शिवनाथ राम के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए समर्थन देने का आग्रह किया है।

## जल्द बजेगी नगर निकाय चुनाव की डुगडुगी

# दिसंबर में चुनाव होने के हैं आसार, घोषणा इसी माह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव दिसंबर के अंत में होने की संभावना है । जिसकी औपचारिक घोषणा इसी महिने के अंत तक हो सकती है। यह पहला मौका होगा जब राज्य में सभी नगर निकाय चुनाव एक साथ होंगे। झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नवंबर के अंत में नगर निकाय चुनाव की घोषणा किये जाने की संभावना है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो दिसंबर के तीसरे सप्ताह में चुनाव होंगे। चुनाव तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे आयोग के अधिकारियों का मानना है कि सभी प्रक्रिया 15 नवंबर तक पूरी कर लेनी है। जिसके बाद आयोग सरकार को निर्वाचन का प्रस्ताव भेजेगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि जिला स्तर पर मतदाता सूची प्रकाशन और वार्ड सदस्यों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस वर्ष परिसीमन नहीं होने की वजह से जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर गठित वार्ड क्षेत्र में चुनाव कराये जायेंगे।

**दिसंबर के अंत में एक ही दिन में राज्यभर में चुनाव कराने की है तैयारी:** यह पहला मौका होगा जब राज्य में सभी नगरपालिका क्षेत्र में एक साथ निर्वाचन होगा। आयोग की तैयारी के अनुसार दिसंबर के तीसरे सप्ताह में मतदान कराये जा सकते हैं। नगर निकाय चुनाव ईवीएम से होगा। इस चुनाव में करीब 15 हजार ईवीएम का इस्तेमाल होगा। हरेक मतदान केंद्र पर दो ईवीएम रहेगा। ओड़िशा से पूर्व में ही आए ईवीएम का इस्तेमाल इस चुनाव में होगा। वार्ड सदस्य, मेयर और अध्यक्ष का आरक्षण चक्रिय आधार पर होगा, जिसमें ओबीसी की सीटों को सामान्य मानकर निर्धारित की जायेगी। वार्ड सदस्यों का आरक्षण निर्धारण 2 नवंबर तक पूरी कर जिला से आयोग को भेजी जायेगी। उसके बाद आयोग द्वारा मेयर और अध्यक्ष पद का आरक्षण निर्धारित किया जायेगा। चक्रिय आरक्षण के अनुसार रांची सीट सामान्य श्रेणी में आने की संभावना है। इसके अलावे मतदाता सूची को अंतिम रूप देकर जिला द्वारा 4 नवंबर तक आयोग को भेजा जाना है। सभी तैयारी पूरी होने के बाद 15 नवंबर से पहले झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी सभी जिलों के डीसी के साथ निर्वाचन कार्य की समीक्षा करेंगे। जिसके बाद आयोग सरकार से चुनाव की सहमति प्राप्त कर चुनाव की घोषणा करेगी।

## न्यूज गैलरी

### पांच को चलाया जायेगा सोशल मीडिया अभियान

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग एवं झारखंड लोक सेवा आयोग की सभी नियुक्तियों में उम्र सीमा में पांच वर्ष की छूट को लेकर 5 नवंबर को सोशल मीडिया अभियान चलाया जायेगा। इसकी जानकारी इस अभियान के नेतृत्वकर्ता राजेश ओझा ने दी। उन्होंने बताया कि झारखण्ड में हेमंत सरकार बनने से दो वर्ष पहले 2018 से ही कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है। अगर एक दो परीक्षा हुई भी तो किसी कारणवश रद्द हो गई या लटकी हुई है। इस कारण लगभग 05 लाख रिक्त पद पड़े हुए हैं। कर्मचारी के आभाव में सरकारी कार्य ठप पड़ा हुआ है और विकास बाधित है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सिर्फ नेता ही आपके द्वार पहुंच रहे हैं ,कर्मचारी नदारद हैं। वह इसलिए की कार्यरत कर्मचारी भी पिछले 45 दिनों से आन्दोलन रत हैं। पिछले पांच साल से परीक्षा नही होने के कारण झारखण्ड के युवाओं की उम्र और नौकरी की उम्मीद दोनों खत्म हो गई है। इसके लिए 5 को आयोग के द्वारा आगामी सभी सरकारी भर्ती में उम्र की सीमा छूट को लेकर अभियान चलाया जायेगा।

**कौन कौन होंगे शामिल :** इसमें मुख्य तौर पर सभी शिक्षक संस्थान में शिक्षकों ने सहयोग किया है। डिजिटल क्रांति में सहयोग देने के लिए कुणाल फाइनल आईएएस, प्रताप सिंह, राजेश ओझा, जोहार फाइटर, स्टडी विद स्मृति, पतंजलि विनय आईएएस अकैडमी, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, गुलाम हुसैन, मनोज यादव, उड़ान आईएएस अकैडमी, एग्जाम हेल्पर, एग्जाम फाइटर, दुबे आईएएस अकैडमी, झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन, झारखंड यूथ एसोसिएशन, जोहार स्टूडेंट फाइटर होंगे।

### नारायण सेवा समिति ने गरीब व असहाय के बीच बांटे धोती-साड़ी

**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड स्थित दुलसूलमा पंचायत के हुड़मूड़ गाँव के दलित टोला में बुधवार को नारायण सेवा समिति के द्वारा गरीब, असहाय, लाचार, जरुरतमंदों के बीच मे धोती,साड़ी का वितरण किया गया । नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि आज कपड़ा वितरण किया हूं यह कपड़ा मेदिनीनगर बेलवाटीका निवासी गुंजन वस्त्रलोक के द्वारा उपलब्ध कराया गया था । उन्होंने कहा कि जब तक ऐसे महानुभाव लोग जीवित है तब तक हम लोग गरीबों की मदद में सदैव तत्पर रहेंगे । जब तक जान रहेगा तब तक गरीबों की सेवा करता रहूंगा। मौके पर निर्दोष कुमार, रणविजय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### समृद्धि की पाठशाला त्योहारों के बाद शुरू

**मेदिनीनगर।** शहर में नि:शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला दीपावली से छठ तक की छुट्टी के बाद एक बार फिर से अपने कार्य मे लग गया। हालांकि बच्चों की संख्या पहले से कुछ कम रही। पाठशाला में पढ़ाई के साथ -साथ बच्चों ने अपनी छुट्टी कैसे बिताये, उन्हें वे बड़े ही मनोरंजक रूप से बताया। कुछ बच्चों ने कहा कि पाठशाला बंद नहीं होना चाहिए । क्योंकि पाठशाला आये बिना हम सबको अच्छा नहीं लगता। समृद्धि की पाठशाला टीम पर्व -त्योहार की अति व्यस्तता के बावजूद भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में कमी नहीं की। मिशन समृद्धि संस्था के सभी सदस्यों को निरंतर नि: शुल्क और नि:स्वार्थ सेवा देने के लिए कृतसंकल्प है। ज्ञात हो कि समृद्धि की दो पाठशाला का संचालन किया जाता है। इस कार्य मे वैजयंती गुप्ता, रंजीता देवी, वन्दना श्रीवास्तव अहिल्या गिरि ,वीणा गुप्ता का योगदान रहा।

### आज से रसायन व जीव विज्ञान के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच शुरू

**मेदिनीनगर।** कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आज से रसायन और जीव विज्ञान विषय के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र की जांच शुरू होगी। आज और कल रसायन और जीव विज्ञान विषय का प्रमाण पत्रों की जांच होगी । सभी अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच दोनों पालियों में किया जायेगा। आयोग के द्वारा सभी अभ्यर्थियों को समय पर सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ समय पर आने को कहा गया है। पलामू सहित सभी जिलों के दो सौ से अधिक अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों के जांच के लिए बुलाया गया है। गौरतलब है कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार स्टेट मेरिट बनाकर पूरी करनी है। पूरे राज्य में लगभग 18 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिये 2016 में विज्ञापन निकाला गया था । लेकिन अभी तक प्रक्रिया पूरी नही किया जा सका है।

### मोरबी में लापरवाही के कारण हुई है घटना: राकेश

**मेदिनीनगर।** गुजरात के मोरबी हादसा में हुए मौत पर आम आदमी पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष चंद्रबली चौबे की अध्यक्षता में छह मुहान पर मौन धारण कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने सभी 134 लोगों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इस घटना की कड़ी निंदा की। यह घटना किसकी लापरवाही से हुई है इसका जल्द खुलाशा करने की बात गुजरात सरकार से की है। आप नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी राकेश तिवारी ने दिवंगत आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना कर घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भगवान से की। प्रो जगन्नाथ सिंह ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये गुजरात के लिए यह शर्म की बात है। जहां गुजरात को मॉडल दिखाकर वाह - वाही लूटते है। वहां यह हाल है, इसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले । और घायलों का ईलाज अच्छी तरह से हो। मौके पर मोदी मीडिया पर तंज कसते हुए सूर्य प्रकाश ने कहा कि मीडिया वाले मोदी और बीजेपी की करतूत को छिपाने में लगे हुए रहते हैं । मौके पर आम आदमी पार्टी झारखण्ड के सोशल मीडिया सह सचिव सूर्य प्रकाश , पलामू संयोजक चंद्रबली चौबे, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, जिला कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार , युवा नेता राकेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, सरफराजूल हक , ओमप्रकाश दुबे, अरुण वर्मा, मुकेश दीक्षित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### हक हमारा भी तो है अभियान की शुरूआत

**मेदिनीनगर।** नालसा के दिशा निर्देश व झालसा के तत्वावधान में प्रत्येक जिले में हक हमारा भी तो है @ 75 का शुभारंभ 31 अक्टूबर 2022 को किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत जेल में अंडर ट्रायल व सजायपता बंदियों को लीगल एड के माध्यम से दी जाने वाली मूलभूत सहायता के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, सच्चिदा कुमार पांडेय, पीएलभी करण थापा, विनय प्रसाद,श्रीकांत तिवारी,सुमन्त मेहता व सुचिता एक्का ने कारा में बंद लोगों का साक्षात्कार प्रपत्र भरे। यह प्रपत्र सात नवंबर 2022 तक भरा जाएगा । जरूरत पड़ने पर आगे भी इसकी तिथि बढ़ाई जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि न्याय से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। न्याय सबके लिए समान है।

## न्यूज गैलरी

### मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं आम जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए दिये निर्देश




**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं आम जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए कई निर्देश दिए है .जारी निर्देश में उन्होंने नगर पंचायत अंतर्गत सभी वाहनों का पड़ाव तीन नवंबर से अगले आदेश तक भारतीय स्टेट बैंक नगर उंटारी के पास निमार्णाधीन नये बस स्टैंड पर करने, सब्जी बाजार मोड़ के पास कोई भी बस या यात्री वाहन संचालक वाहनों को आगे पीछे नहीं करेंगे, कोई भी बस संचालक हेन्हों मोड़ से लेकर गोसाई बाग मैदान तथा मुख्य पथ पर अपने बसों, यात्री वाहनों को रोककर खड़ा नहीं रखेंगे साथ ही कोई भी बस, कमांडर, टेंपो चालक अपने वाहनों को हेन्हों मोड़ से लेकर अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के बीच अनावश्यक रोककर वाहन परिचालन को बाधित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा है कि आदेश की अवहेलना करने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार जुमार्ना तथा कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। वार्ड पार्षद नीरज कुमार ने एसडीओ के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस निर्देश के बाद शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। जिससे लोगों को काफी राहत होगी साथ ही बस स्टैंड हेंहो मोड़ जाने से बस संचालकों और यात्रियों को भी समस्या से निजात मिलेगा।

### नवयुवक छठ पूजा समिति के द्वारा खेले जा रहे लकी ड्रा में विजेता को मिला बाइक

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीनिया नवयुवक छठ पूजा समिति के द्वारा छठ पूजा के शुभ अवसर पर खेलाए जा रहे लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार चिनिया प्रखंड के खूरी पंचायत के मसरा गांव निवासी अर्जुन कोरवा को हीरो कंपनी का स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल मिला है । आपको बताते चलें कि नवयुवक छठ पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के अवसर पर लकी ड्रा का आयोजन किया जाता है जिसमें मोटरसाइकिल सहित विभिन्न तरह के इनाम को इस लकी ड्रा में रखा जाता है वही प्रथम पुरस्कार के रुप में स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल मसरा निवासी अर्जुन कोरवा तथा द्वितीय पुरस्कार सैमसंग कंपनी का फ्रिज पूजा कुमारी चिनीयां को मिला है । वहीं बुधवार को नवयुवक पूजा समिति के सदस्य तथा कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को अर्जुन पुरवा को सुपुर्द कर दिया गया है। मौके पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अमित प्रसाद, राम सागर यादव, बदन राम रवि, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, पप्पू प्रसाद, बंधु राम, सीमंत कुमार, राकेश यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### डोल गांव में ग्रामीणों ने गोवंश के तस्करों को पकड़ा



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के डोल गांव में बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने गोवंश के तस्करों को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पिकअप वाहन पर लदे लगभग 6 से 7 मवेशियों को लेकर पिकअप वाहन उत्तर प्रदेश से डंडई थाना क्षेत्र के गयाडीह गांव में जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ही डोल गांव के ग्रामीणों की नजर उस पिकअप वाहन पर पड़ी जिससे ग्रामीणों ने पिकअप वाहन का पीछा कर वाहन को पकड़ा है। मौके से गौ तस्करी के लिए ले जा रहे हैं मौके से मालिक फरार हो गया है जबकि एक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना चिनिया थाना को दी गई उधर पूछे जाने पर थाना प्रभारी वीरेंद्र हंसदा ने बताया कि गौ तस्करी की मामले की जानकारी मिली है। उसकी जांच की जा रही है । वही खबर लिखे जाने तक मौके पर पुलिस नहीं पहुंची थी।

### श्री बंशीधर नगर के वार्ड सात में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 7 स्थित पंचायत भवन के सभागार में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम से शत प्रतिशत वार्ड वासी लाभान्वित हो रहे है। तत्काल पेंशन, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क, नाली सहित अन्य समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर 7 में जनहित की कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोलरयुक्त जल मीनार का अधिष्ठापन कराकर जल्द ही वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण कार्य जारी है। इसके पूर्ण हो जाने पर सड़क जाम की स्थिति से लोगो को निजात मिल जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि स्वच्छ व सुन्दर नगर पंचायत बनाकर इसे विकास की अग्रणी पंक्ति में शामिल करावें। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी आलोक कुमार,अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा,नगर प्रबंधक रवि कुमार, वार्ड पार्षद शम्भू राम,सीआरपी अलका देवी, इशरत खातून ,चमेली देवी,सुनीता देवी,हसीब खलीफा, आशीष नंदन, भोला ठाकुर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## सुप्रसिद्ध कवि राजेश्वर मिश्र रत्न की नयी रचना भजन रत्नावली का विमोचन, बोले

# भक्तिभाव से जो अर्पित हो उसे भगवान स्वीकारते है

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** सुप्रसिद्ध हिंदी साहित्कार गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड के बैलिया गांव निवासी 95 वर्षीय राजेश्वर मिश्र रत्न उर्फ कविजी की नयी रचना भजन रत्नावली (भजन संग्रह) का लोकार्पण किया गया। मंगलवार की शाम कविजी के आवासीय परिसर में इस लोकार्पण कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से काफी संख्या में रचनाकार पहुंचे हुये थे। इस मौके पर झारखंड से सृजन साहित्यिक मंच के अध्यक्ष विनोद पाठक, उपाध्यक्ष विजय पांडेय व सचिव सतीश कुमार मिश्र, यूपी के सोनभद्र से सीएन मिश्र, छतीसगढ़ से आये डॉ सुधीर पाठक, महाराष्ट्र से आये प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक डॉ श्याम गंगाधर पंडित एवं चेन्नई से कविजी के पुत्र मार्कंडेय मिश्र की उपस्थिति में संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कविजी राजेश्वर मिश्र ने कहा कि उनके उम्र के इस ढलती पड़ाव पर ईश्वर को समर्पित रचना है। भक्त भगवान के लिये होते हैं। साथ ही भगवान भी भक्तों का मान रखते हैं. माता यशोदा भगवान के अवतार श्रीकृष्ण को शरारत से तंग आकर उन्हें छड़ी लेकर मारने के लिये दौड़ाती हैं और भगवान यशोदा से बचने के लिये भागते फिरते हैं। यह भक्त और भगवान के बीच अजीब लीला है। कविजी ने कहा कि भगवान को भक्त से जो भी भाव से अर्पित होता है, उसे स्वीकार करते है।

कविजी ने कहा कि प्रकृति में सबकुछ जूठा है। भगवान राम ने सेवरी के बेर खाये थे, वह सेवरी का जूठा था। हम भगवान को दूध चढ़ाते हैं, वह दूध बछड़े का जूठा रहता है। जल मछली का और मधु भौंरा का जूठा रहता है। फिर भी भगवान उसे स्वीकार करते हैं। मौके पर सतीश कुमार मिश्र ने कहा कि रत्नावली पढ़कर लगा यह अद्भूत भजन संग्रह है। इसमें यमराज की भी प्रार्थना है। यमराज के लिये प्रार्थना आजतक उन्हें किसी अन्य पुस्तकों में नहीं देखने को मिला।

विनोद पाठक ने कहा कि कवि जी की इस रचना से व्यक्ति के दिल मे भक्ति भाव पैदा करता है।

कथावाचक डॉ श्याम गंगाधर पंडित ने कहा कि कविजी की इस कृति में अध्यात्म की गहराई है, जिसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल है. कविजी की लेखनी काफी सारगर्भित है. मंच का संचालन डॉ सुधीर पाठक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सीएन मिश्र ने किया. इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे रवि शंकर, कृष्णा मिश्र, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, नारद मिश्र, श्रवण कुमार मणि, दिनेश शुक्ल, श्याम सुंदर मिश्र सहित काफी लोग उपस्थित थे।

### 108 भजनों का संग्रह है भजन रत्नावली

कविजी ने भजन रत्नावली के विषय में बतया कि माला 108 मनकों का होता है. इस भजन रत्नावली में भी 108 भजन हैं। इसमें सभी देवी-देवताओं की अराधना की गयी है ताकि आनेवाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके. उल्लेखनीय है कि कविजी का जन्म गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड के बैलिया गांव में वर्ष 1927 ईस्वी में हुआ है। उम्र 95 साल हो जाने के कारण अब उनकी श्रवण शक्ति कमजोर हो गयी है। लेकिन वाणी में अभी भी आज बरकरार है. इसके पूर्व कई गद्द व काव्य रचनायें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसमें पिपासा मुक्तक काव्य संग्रह, उड़ती चिनगारी, चित्रावली लघु कथा संग्रह, मांडवी, संयुक्ता काव्य प्रबंध शामिल है। कविजी अपने समय के रामकथा के अच्छे वाचक भी रहे हैं।

## कर्नाटक में रमना के एक व्यक्ति की मौत

**रमना।** क्षेत्र के करचा टोला निवासी सरयू वियार के 30 वर्षीय पुत्र डब्लु वियार की मौत कर्नाटक राज्य के विमल नगर मे रविवार के अप्राह्न में हो गई। डब्लयू कर्नाटक के विमल नगर मे सड़क निर्माण कंपनी मे वतौर मजदूर का काम करता था। डब्लयू के मौत के कारणो का खुलासा नही हो सका है। बुधवार की देर शाम नीजि एम्बूलेंश से मृतक का शव करचा स्थित घर पहुंचा,शव पहुचते ही परिजनों मे कोहराम मच गया । डब्लू दशहरा पर्व के बाद रोजगार की तालाश मे कर्नाटक गया था। साथ मे काम कर रहे साथी मजदूरों के मुताबिक डब्लू को पेट मे दर्द हो रहा था लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले डेरा मे ही मौत हो गई।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के पिलुआही मोड़ के समीप बुधवार को बाईक पलटने से झगराखांड़ हाई स्कूल के प्रभारी मिथिलेश दुबे गंभीर रूप से घायल हो गये।घायलावस्था में स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर आयुष चिकित्सिक निशंक निश्रम के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। बताया जाता है कि की प्रभारी प्रधानाध्यापक स्कूल जा रहे थे कि पिलुआही मोड़ के समीप अचानक से सड़क पर मवेशी के दौड़ जाने से बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना पर स्कूल के शिक्षक वरुण कुमार सिंह,रामाशंकर प्रजापति,प्रत्यूष दुबे, अरुण दुबे आदि पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की।

## युवा समाजसेवी ने बिजली खम्भा पर लगावाया बल्ब

**श्री बंशीधर नगर।** युवा समाजसेवी मिनातुल्लाह अंसारी उर्फ पिंटू के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया गांव में वार्ड संख्या तीन में कलाम सिद्दीकी घर से नकटी सलीम खान घर तक सभी बिजली खम्भा पर बल्ब लगावाया गया। युवा समाजसेवी मिनातुल्लाह अंसारी उर्फ पिंटू ने कहा कि बिजली रहने के बावजूद भी बल्ब नही होने कारण सड़क पर अंधेरा रहता था. अंधेरा रहने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कत होती थी. कुछ लोगों के द्वारा बिजली के खंभों पर बल्ब लगाने के लिए मुझे जानकारी दिया गया. मेरे द्वारा तत्काल रुप से बिजली के खंभे पर बल्ब लगवाया गया है. उन्होंने कहा कि अब किसी को आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कत नहीं होगी.उन्होंने कहा की रोशनी सड़क पर हमेशा नजर आते रहेगा। मौके पर अजबु खान, फुलटुन खान, बुचुन खान, खुर्शीद खान,अब्दुल्ला खान, अफरुल्लाह अंसारी,वाहिद खान आदि मौजूद थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बीटीटी का मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में जिले के सभी बीटीटी का सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप से सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार उपस्थित थे। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि सभी बीटीटी अपने क्षेत्र में कोविडरोधी प्रीकाशन डोज लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहिया के क्षेत्र में हर माह नियमित रूप से पीएलए बैठकों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। साथ ही सहिया द्वारा गुणवत्तापूर्ण गृहभ्रमण करने तथा कम वजन या अत्यधिक जोखिम वाले नवजातों का विशेष ध्यान रखने, ठंड के मौसम में सभी बच्चों को लपेट कर गर्म रखने, गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, प्रसव पश्चात देखभाल, नियमित टीकाकरण, पीएलए बैठक एवं गृहभ्रमण का डाटा समय पर सिमा एप यानी सहिया इंफार्मेशन मैनेजमेंट एप पर अपलोड किया जाना चाहिए। बैठक में सहिया कार्यक्रम के डीपीसी जेवियर एक्का ने बीटीटी को सभी सहिया एवं समुदाय को आभा कार्ड बनवाने, सहिया प्रोफाइल अद्यतन करने, सहियाओं के माध्यम से छह माह से ऊपर सभी बच्चों को आयरन सिरप पिलाने, नियमित टीकाकरण हेतु ड्यूलिस्ट बनाने तथा सभी सहियाओं के प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, एकजुट के क्षेत्रीय समन्वयक अजीत कुमार सिंह, एसटीटी सुभाष पासवान, रंजू मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैंकडों लोगों ने दिया आवेदन

# योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चिनिया प्रखंड के ढोल पंचायत सचिवालय परिसर में उक्त कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी शुरूआत पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी बीडीओ कालिदास मुन्डा, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुन्नी साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । कार्यक्रम के दौरान बिडियो कालिदास मुंडा ने कहा कि सरकार सरकार द्वारा प्रखंड के सभी पंचायतों में उक्त कार्यक्रम आयोजित की गई है । जिससे की अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ मिल सके। वहीं डोल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि युवा समाजसेवी टोनी गुप्ता ने कहा कि सरकार का यह लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति विकास योजनाओं से वंचित ना रह सके । तथा अपने हक और अधिकार को समझे सभी ग्रामीण अपनी अपनी समस्याओं को आवेदन दें तथा उसका लाभ लें । मौके पर प्रधानमंत्री आवास, कल्याण विभाग, विद्युत एवं ऊर्जा विभाग, समाज कल्याण सावित्रीबाई फूले योजना, जेएसएलपीएस,पशुपालन विभाग, 15वें वित्त, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राशन संबंधी,पेंशन,आधार कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, सहित अन्य सभी विभागों के लिए अलग-अलग स्टॉल बनाए गए थे तथा ग्रामीण अलग-अलग स्टोलों में अलग-अलग विभागों को समस्याओं को आवेदन दे रहे थे । कार्यक्रम में हजारों लोगों की भीड़ देखी गई मौके पर वीडियो कालिदास मुंडा पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी बीडीसी नागेंद्र सिंह येइ अनिल कुमार रवि पंचायत सेवक पवन कुमार, कल्याण विभाग के दिनेश कुमार, प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर पंकज कुमार विश्वकर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## परती कूशवानी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

# अपनी समस्याओं को लेकर लोगों ने दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** बुधवार को केतार प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल परती कूशवानी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, अपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी,उप प्रमुख शम्भु सिंह, मुखिया मुन्नी देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष संजय सिंह,बीडीओ मुकेश मछुआ,संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर जानता दरबार में आपूर्ती विभाग विभाग, पशुपालन, आवास, समाजिक सुरक्षा पेंशन,केसीसी,श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग,जेएस एलपीएस,बाल बिकास परियोजना, पीएचडी विभाग, कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा अलग अलग शिविर लगाया गया। जहां पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन पत्र सौंपा। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना और लाभ दिलाना है।इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार आमजनों को जागरूक कर आपके अधिकारों को आपके घरों तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा की शिविर में पेंशन एवं राशन से सम्बंधित 206 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। उन्होंने कहा की प्राप्त सभी आवेदन को रजिस्टर्ड किया जा रहा है।इस अवसर पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, दीनदयाल गुप्ता, नागेन्द्र प्रजापति, सभी विभागों के अधिकारी और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# खुटिया में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तहत शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**धुरकी।** प्रखंड के पंचायत खुटिया में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अरूण कुमार सिंह,मुखिया नजारा बिबी ने किया।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में 500 आवेदन पड़े। सभी आवेदनों को ऑनलाइन कर संबंधित विभाग को निष्पादन के लिए दिया गया। कार्यक्रम में बिडियो अरूण कुमार सिंह ने कार्यक्रम में सभी स्टोल लगे पदाधिकारी के बारी बारी से धुम कर सभी को त्वरित समाधान करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनकर त्वरित समाधान करना है। सरकार सभी क्षेत्र के विकास के लिए काफी संवेदनशील है। यही कारण है कि प्रखंड के सभी विभाग के कर्मी आपके पास आए हुए हैं। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को सभी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी, प्रमुख शांति देवी,मुखिया पति इसलाम खान,जिला परिषद सदस्य जानकी सुनिता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य सविता सिंह आदि मोजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए, बोले बीडीओ

# लोगों को सरकारी योजनाओं से करें लाभान्वित

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के सुंडी पंचायत भवन के पास बुधवार को फेज 2 के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ गणेश महतो, बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, मुखिया शिला देवी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन,कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक,जेएसपीएल, कृषि,निर्वाचन,श्रम विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। बीडीओ गणेश महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती-लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाए गए स्टॉल की जानकारी दी गई।बीडीओ ने सरकार द्वारा चलाए जा1रहे योजनाओं को गावँ के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही। वही बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने ग्रामीणों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। एवं सरकार द्वारा चलाए गए महत्वपूर्ण योजना के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया।शिविर में लगाए गए स्टालों में आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई।शिविर में सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए।आवेदनों की जांच कर लगभग 300 आवेदन की ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गई। मौके पर जीपीएस उमेश कुमार, नाजिर शैलेश शर्मा प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार,अशर्फी राम, प्रधान सहायक सत्यनारायण बैठा,प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी, लेखपाल अशानंदन राम,पंचायत सेवक विनोद पासवान, रोजगार सेवक सुजीत कुमार रावत समाजसेवी राजा सिंह,बबलू सिंह, अरविंद कुमार गुप्ता,श्यामराज गुप्ता, कुंजबिहारी यादव,अशोक सिंह,मनीष कुमार ,आनंद गुप्ता, सचेत कुमार,,मयंक विश्वकर्मा,कौशलेश शुक्ला,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 1101 कुंडीय विश्वशांति महायज्ञ पांच से

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर ।** बोकारो स्टील माइंस कॉलेज सिंदुरिया के मैदान में अगामी 5 से 6 नवंबर तक दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 1101कुंडीय विश्वशांति महायज्ञ आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ को सफल बनाने में विहंगम समाज के लोग दिन रात लगे हुई है ' बुधवार को श्री बंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी, भवनाथपुर पुलिस निरिक्षण चंदन कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश महतो, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार, केतार थाना प्रभारी संतोष रवि, हरिहरपुर ओपी कुंदन सिंह ने यज्ञ स्थल का निरिक्षण कमेटी के सदस्यों के साथ किया। डीएसपी प्रमोद कुमार ने कहा की यज्ञ के सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस जवान एवं महिला पुलिस को लगाया जाएगा। इस की जानकारी देते हुए विहंगम योग संत समाज के जिला संयोजक विवेक प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 5 नवम्बर सुबह 7 बजे से श्वेत ध्वजारोहण के साथ आसन प्राणायाम ध्यान किया जायेगा। संध्या 5 बजे संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज की दिव्यवाणी साथ ही 6 नवंबर सुबह 10बजे को1101कुण्डीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ, 12बजे भंडारा, संध्या 5 से 7 बजे श्रीविज्ञानदेव महाराज की दिव्यवाणी एवं 7बजे सद्गुरु आचार्य श्रीस्वतन्त्रदेव जी की अमृतवाणी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ से लोग यहां पर आएंगे। इस भव्य कार्यक्रम मे संतो के दिव्य व अमृत वाणी के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओ के लिए भोजनालय के साथ रहने और सोने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम मे पचीस हजार लोगो की पहुंचने की संभावना है।

## न्यूज गैलरी

### महुआड़ांड़ पोस्ट ऑफिस में चार दिनों से लटका है ताला, ग्रामीण परेशान



**महुआडांड़।** पोस्ट मास्टर की की लापरवाही से शुक्रवार 2 बजे के बाद पोस्ट ऑफिस बंद कर पोस्ट मास्टर गायब हो गए हैं । फोन लगाने पर भी वह फोन नहीं उठा रहे हैं। जिस कारण महुआडांड़ उप डाकघर से रजिस्ट्री सहित पैसे का लेन देन पूरी तरह ठप हो गया है। एसडी,आरडी भी नहीं हो रहा है। जिसके कारण खाता धारियों को काफी दिक्कत हो रही है ।वही पोस्ट ऑफिस के रवैया से लगभग 1 साल से ग्रामीण परेशान किया हुआ है। कभी लिंक फेल तो कभी कैस की दिक्कतों के कारण समय पर ग्रामीणों को पोस्ट ऑफिस जमा राशि से भुगतान नहीं हो पाती है। कई बार उच्च अधिकारियों को यहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद भी पोस्ट ऑफिस के कार्य प्रणाली में आज तक सुधार नहीं हो पाया। इस संबंध में महुआडांड़ उप प्रमुख अभय मिंज ने बताया कि लगातार ग्रामीणों द्वारा पोस्ट ऑफिस बंद और पैसे लेनदेन नहीं होने की शिकायत लिखित रूप से मिल रही है । जिसे लेकर महुआडांड़ एसडीओ एवं डीसी विधायक को भी पत्राचार कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### आंवला वृक्ष का पूजन कर महिलाओं ने मनाया अक्षय नवमी का पर्व



**बरवाडीह।** प्रखंड में महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे अक्षय नवमी का पर्व मनाया। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला वृक्ष के नीचेअक्षय नवमी की पूजा करने से सौभाग सुख की प्राप्ति होती है। बुधवार को प्रखंड के कई क्षेत्रों की महिलाओं ने स्नान ध्यान कर रेलवे क्लब के सामने आंवला वृक्ष के नीचे पंडित आलोक मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अक्षय नवमी पर्व की पूजा अर्चना किया। इस अवसर परसभी महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा करते हुए परिक्रमा किया .भगवान विष्णु व लक्ष्मी की पूजा-अर्चना किया। प्रखंड में इसके अलावा पुरानी बस्ती आंवला वृक्ष, पंचमुखी मंदिर स्थित आंवला वृक्ष, समेत अन्य आंवला वृक्षों के नीचे अक्षय नवमी का पर्व मनाया गया।

### एफसीआइ के अनाज लदे ट्रक ने मारी टक्कर, दो युवक गंभीर, रेफर

**कुंदा (चतरा)।** बुधवार को कुंदा थाना क्षेत्र के सिद्दकी मोड़ के पास एफसीआइ के चावल लदे ट्रक ने मोटरसाइकिल को चपेट में लिया। जिससे उसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले निवासी अखिलेश यादव पिता इंद्रदेव यादव व दिनेश यादव पिता जुगुन यादव अपने नानी घर कुंदा थाना क्षेत्र के कोयता गांव से छठ का प्रसाद पहुंचाकर घर लौट रहे थे, इसी दौरान ट्रक ने चपेट में ले लिया। राहगीरों की मद्दत से दोनो को कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

### महिलाओं ने की अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा



**चतरा/हंटरगंज/मयूरहंड।** अक्षय नवमी पर बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना भक्तिभाव के साथ की। साथ ही आंवले पेड़ के नीचे भोजन भी किया। हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेयपुरा में महिलाओं ने अक्षय नवमी पर आंवला पेड़ के पूजा करने के साथ पेड़ के नीचे बैठ कर सभी महिलाओं ने भोजन भी किया। ज्ञात हो की कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व है। क्योंकि इस दिन अक्षय नवमी का पूजन किया जाता है। अक्षय नवमी को आंवला नवमी भी कहा जाता है और इस दिन भगवान विष्णु और आंवले के पेड़ का पूजन किया जाता है। इस दिन महिलाएं संतान प्राप्ति और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत कर भेजन करती हैं। इस दिन आंवला पेड़ के नीचे भोजन करना लाभकारी माना जाता है। कहा जाता है कि दीपावली पर भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की कृपा पाने से वंचित रह गए भक्तों के लिए भी अक्षय नवमी एक बड़ा मौका होता है। अक्षय तृतीया के समान ही अक्षय नवमी के दिन किए गए पुण्य का प्रभाव क्षय नहीं होता है।

### जन्म और मृत्यु किताब के दो पन्ने हैं, जो जन्म लेता है उसकी मौत भी तय हैः फादर शैलेंद्र

**मांडर ।** जन्म और मृत्यु किताब के दो पन्ने हैं जो जन्म लेता है उसकी मौत भी तय है किंतु जब तक जीवन है हर मनुष्य को ईश्वर को याद करते हुए उसके बताए सद्मार्ग पर चलकर अपने सांस्कारिक जीवन का सुखभोग करना चाहिए। आज मानव जीवन में कई दु:खद नजारे व घटनाएं देखने सुनने को मिलती है लेकिन सबसे दु:खद है माँ के कोंख में भ्रूण हत्या, उक्त बातें मृत विश्वासियों के पर्व पर मांडर हेसमी मोड़ स्थित रोमन कैथोलिक चर्च कब्रिस्तान के अनुष्ठान में फादार शैलेंद्र ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा। कब्रिस्तान में अपने परिजनों के कब्र को सभी ने साफ सफाई कर रंग रोगन कर फूल मालाओं से सजा उनकी आत्मा की शांति के लिए आज विशेष अनुष्ठान में शामिल हुए। फादर प्रसन्न तिर्की ने भी अनुष्ठान में मसीहियों को कहा कि खीस्तीय धर्म के अनुसार समस्त जीवों की सेवा व परोपकार करते हुए जिनकी मौत होती है उन्हें स्वर्ग में संतो की संगति प्राप्त होती है।

---

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभुकों को किया गया लाभान्वित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों के चयनित पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इसी कड़ी में लातेहार प्रखंड के डेमू पंचायत में उप विकास आयुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।
इस दौरान उप विकास आयुक्त ने



शिविर में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। आगे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लाभुकों को लाभ पहुंचाने का है। जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं। जिसकी जांच कर त्वरित निष्पादित किया जाएगा। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, छात्रवृत्ति आदि का लाभ दे रही हैं। ग्रामीणों को रोजागार के लिए मनरेगा योजना चलाया जा रहा हैं। शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ अवश्य लें।
कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से लाभुकों के बीच 05 जॉब कार्ड, 15 जरुरतमंदो के बीच कंबल, 05 लाभुकों को शर्ट पैंट, 06 लाभुकों को चना बीज, 05 लाभुकों के बीच धोतीझ साड़ी का वितरण किया गया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5 छात्राओं के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।
कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित 728 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान सरकार की विभिन्न विभागों के लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं तत्काल समस्या का समाधान हेतु जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।
शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

## कोल वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग रोड़ में रोल के पास कोयला लदे ट्रक के चपेट में आकर बीते देर शाम पुंडरा निवासी संतोष भुईयां की मौत हो गई। जबकि गंभीर रुप से घायल भोला भुईया को प्राथमिक उपचार के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण घायल घंटों तडपता रहा। अव्यवस्था के खिलाफ रात में लोग काफी आक्रोशित हो गये थे। जिन्हे आजसू नेता मनोज चंद्रा ने समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं बुधवार को मृतक के पोस्टमार्टम के उपरांत शव के साथ आक्रोषित लोगों ने सिमरिया चैक को मुआवजा और अस्पताल के कुव्यवस्था के खिलाफ जाम कर दिया। पुलिस इंस्पेक्टर केपी चैधरी, सीओ छुटेश्वर दास के समझाने और डीएस डॉ. मनीष लाल के द्वारा जांच शुरू करने के बाद



जाम हटाया गया। आंदोलनकारियों ने चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार करमाली, स्वास्थ्य कर्मी संजीव सिन्हा और एम्बुलेंस चालक मो. मिन्हाज पर कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। लोगो ने बताया की चिकित्सा प्रभारी प्रभार को भार समझ कर इलाज नही करते हैं। स्वास्थ्य कर्मी संजीव सिन्हा आक्सीजन सिलेंडर रहने के बाद भी खाली सिलेंडर देकर मरने के लिए छोड दिये। वहीं 108 एम्बुलेंस चालक अस्पताल में रहकर भी घायल को बेहतर सेवा के लिए हजारीबाग ले जाने से इंकार कर दिया।

## अपराधियों ने की कोयलांचल में दहशत फैलाने की कोशिश, हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयलांचल में बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देकर खूनी खेल खेलने के फिराक में जुटे तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी थानेदार विजय कुमार सिंह ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर देते हुए बताया कि उड़सू मोड़ के समीप अज्ञात अपराध कर्मियों के हथियार के साथ घूमने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसपर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुअनि भोलानाथ दास, अभिनव आनंद, अमर महतो के साथ छापेमारी कर मौके से थाना क्षेत्र के गाडीलौंग निवासी भागीरथ प्रजापति पिता बंधु प्रजापति, टंडवा ग्वालटोली के सूरज यादव उर्फ बजरंगी उर्फ हुजुर डॉन पिता जुगेश्वर यादव एवं तपेज (सदर चतरा) के बॉबी माथुर पिता हीरालाल माथुर को गिरफ्तार किया गया।



वहीं तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देशी हथियार, 12 बोर का जिंदा गोली, दो मोबाइल बरामद की गई। आगे बताया कि सभी अन्य सहयोगियों के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे थे। गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध कांड 262/22 में धारा 25 (1-बी)/ ए 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### छह पंचायतों में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## विभागों ने लगाये स्टॉल, लोगों ने दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/प्रतापपुर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण के दूसरे दिन बुधवार को जिले के 6 प्रखंडों के 6 पंचायतों में रोस्टर अनुसार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुसरे दिन जिले के प्रतापपुर प्रखंड के चन्द्रीगोविंदपुर पंचायत, कुंदा के नवादा, लावालौंग के कटिया, हंटरगंज के खुटी केवाल खुर्द, सदर चतरा के देवरियाएवं टंडवा के डहु पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों से समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए गए, साथ अधिकतर मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया



गया। साथ ही कई जरुरतमंदों के बीच कंबल व धेती-साड़ी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे। गुरुवार को प्रतापपुर के घोड़दौड़, लावालौंग के हेडुम, हंटरगंज के डुमरी कला, चकला, कान्हाचट्टी के कैंडीनगर, चतरा के गंधरिया, इटखोरी के धनखेरी, मयूरहंड के मयुरहंड, गिद्धौर के द्वारी, पत्थलगड़ा के मेराल, सिमरिया के पुंडराएवं टंडवा के कोयद पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सदर प्रखंड के डहुरी में आयोजित कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, जिप सदस्य, बीडीओ गणेश रजक आदि शामिल थे।

### चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क पर दुर्घटना में नाबालिग गंभीर रूप से घायल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क में जितेंद्र दांगी का 7 वर्षीय पुत्र जयकिशन कुमार कार दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों की तत्प्रता से घायल बालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर पहुंचाया गया। बताया गया कि राजपुर थाना क्षेत्र के कान्हाचट्टी गांव निवासी जयप्रकाश केशरी का पुत्र आर्यन केसरी व सुजल केशरी मारुति सुजुकी कार से हजारीबाग जा रहा था। इसी बीच गिद्धौर में मटकोड़न के समीपी बालक कार के चपेट में आ गया। दुर्घटना की जानकारी थाना को दी गयी, तो थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल घटना स्थल पर पहुंच कार को अपने कब्जे में ले लिया।

### दूसरे चरण में प्रखंड के 6 पंचायतों मे शिविर आयोजित, 4 को छिपादोहर में

**बरवाडीह।** प्रखंड में दूसरे चरण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 6 पंचायतों में होगा शिविर आयोजन किया. प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के तत्काल निदान हेतु चलाए जा रहे हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर को छिपादोहर पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों की समस्या के निदान हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। वही 5 नवंबर को उकामाड़ पंचायत सचिवालय, 7 को कुचीला पंचायत सचिवालय, 9 को केड़ पंचायत सचिवालय,10 को चुंगरू पंचायत सचिवालय, वही 11 को हरातू पंचायत सचिवालय मैं शिविर का आयोजन किया जाएगा इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का निदान करने का प्रयास क्या जा रहा है। शिविर में अधिक संख्या में लोग जुट कर 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग सर्वजन पेंशन योजना ,पढ़ने वाली छात्राएं सावित्री फुले बाई किशोरी समृद्धि योजना समेत सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर मुखिया की अध्यक्षता में हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के लाधुप पंचायत मुखिया विफई मुंडा की अध्यक्षता में बाजार टांड़ पीरदाग में मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत के सेन्हा,लाधुप , पीरदाग, बैरगाड़ा, दूधी माटी, हेसला, मनातु, गोली, आराकुदरा गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि नजदीक में साप्ताहिक बाजार के नहीं रहने से गांव के किसानों वह आम जनों को अपने खेत में उपजाए फसलों की बिक्री करने के लिए दूर के बाजारों में जाना पड़ता है । इससे किसानों को समय एवं धन की बबार्दी होती है। साथ ही आम जनों को भी साप्ताहिक बाजार के नहीं रहने से रोजमर्रा के वस्तुओं को सिर्फ दुकान



एवं दूर के बाजारों पर आश्रित रहना पड़ता है। इसी सोच के साथ ग्रामीण बैठक कर बाजार लगाने का निर्णय लिया। और बाजार के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जोहन मुंडा अध्यक्ष, जियाऊल राय सचिव तथा खुर्शीद खान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर मोहन गंझु, पंसस पति बुधन गंझु, खुर्शीद खान, एजाजुल राय, मुस्ताक अहमद, सोनू राय, जमशेद आलम ,जावेद राय समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हड़िया-दारू बेचना छोड़ कर दूसरे रोजगार से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएंः उत्पाद अधीक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा ने गांव की महिलाओं से हड़िया दारू बेचना छोड़ कर अन्य रोजगार करने की अपील की। वह मनिका के कोपे पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम मे बोल रहे थे। उन्होने कहा कि सरकार ने फूला झाना आर्शिवाद योजना के तहत हड़िया दारू बेचना छोड़ कर दूसरा रोजगार करने के लिए दस से 50 हजार रुपए तक का बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध करा रही है। उन्होने सखी मंडलों से जुड़ कर इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। कार्यक्रम मे प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की





अपील की. उन्होने कहा कि झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सरकार व प्रशासन के लोग आपके द्वार आये हैं। आप सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें। विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी उनका हक मिले, इसी उदेश्य से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है. कार्यक्रम में स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप लातेहार के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं गीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी और सामाजिक कुरीतियों व अंधविश्वास में नहीं पड़ने की अपील की गयी। कार्यक्रम में संस्था के आशीष, बसंत, युगेश्वर, जीतेंद्र, संगीता, सोनाली एवं अन्य सदस्यों ने आकर्षक प्रस्तुति दी. लोगों ने इसे काफी सराहा।

### सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कई सामाग्री का वितरण

# जरूरतमंदों को मदद करती रहेगी सीआरपीएफः डॉ राजन



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड के बांसकरचा सीआरपीएफ कैंप परिसर में दिन मंगलवार को सीआरपीएफ 218 वीं बटालियन के द्वारा कमांडेंट मोहम्मद खालिद खान के सौजन्य से महुआडांड़ थाना अंतर्गत सरनाडीह,तंबोली, अक्शी, चेतमा, बोहटा, लाखेपुर एवं बांसकरचा गांव में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद लोगों के बीच मछरदानी, छाता, सरसों, मटर, चना, आलू के बीज, यूरिया तथा डी.ए.पी. खाद का वितरण किया गया। वहीं मेडिकल कैंप का आयोजन कर गांव के लोगों को स्वास्थ्य चेकअप तथा जरूरत के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ-साथ ग्राम वासियों के लिए सीआरपीएफ कैंप में भोजन का भी व्यवस्था किया गया था। मौके पर डॉ राजन कुमार व सिलक राम ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ के द्वारा समय-समय पर गरीब जरूरतमंद ग्रामीणों को ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन कर लाभाविन्त किया जाएगा। मौके पर कमांडेंट खालिद खान,सी.एम.ओ. राजन कुमार,सहायक कमांडेंट सिलक राम, राजेश कुजुर, महुआडाड थाना प्रभारी आशुतोष यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### कब्र पर्व पर विशेष विनती का आयोजन

**महुआडांड़।** दो नवंबर को ऑल सोल डे (कब्र पर्व) को लेकर प्रखंड महुआडांड़ के ईसाई समुदाय के कब्रिस्तानों में विशेष विनती प्रथाओं का आयोजन किया गया ।इस बार भी अलग अलग गाँव अम्बोटोली, गुड़गुड़टोली, बहराटोली, विश्रामापूर, गोठगांव, साले, रेगाई, कुरूद, कुरो कला, चम्पा, कुरूद, के कब्रिस्तान समेत सहित चर्च में प्रथार्ना सभा आयोजित की गई । ग्राम अम्बाटोली और शांतिपूर के सयुंक्त कब्रिस्तान में फादर कमल कन्डुलना द्वारा मिस्सा पूजा कराई गई। जहाँ उन्होंने बताया कि मृत्यु जीवन का अन्तं नहीं,मृत्यु ही अन्ततं जीवन की शुरूआत है, इसलिए सभी विश्वासीयों हमेशा ही तैयार रहना चाहिए कि कब पिता परमेश्वर के द्वारा बुलावा आ जाऐ । ज्ञात हो कि रोमन कैथोलिक एवं जर्मन चर्च के मसीही विश्वासी अपने मृत प्रियजनों की याद में यह पर्व मनाते हैं। इस दिन कब्रिस्तान में मिट्टी को समर्पित हो चुके अपने पूवर्ज, सगे परिजनों को याद किया जाता है। यह उनकी भावना और अपनों से घनिष्ठता को दशार्ता है। इसी क्रम में कब्र पर फूल चढ़ाए गये। पुरोहितों की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के बाद कब्र की आशीष की गई । कब्र पर्व के पुर्व इसाई समुदाय के लोग संतों का पर्व मनाते हैं।

## सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कई सामानों का किया गया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह. प्रखंड से सटे भंडरिया थाना के पारो में सीआरपीएफ के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश के आलोक में सीआरपीएफ 11बटालियन इ/11 के समवाय अधिकारी इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह द्वारा पारो पिकेट में पारो, बिजका एवं आस-पास के ग्रामीणों को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सौर ऊर्जा चालित लालटेन , छात्रों को कापी , रजिस्टर, पेंसिल, रबर, पेन, किताब, लेटर राइटिंग हिंदी और इंग्लिश, प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों के बीच प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी पुस्तके का बारी बारी वितरित की गई। मौके पर बी/11समवाय के अधिकारी पंकज सिंह ने छात्रों को पढ़ने के लिए उत्साह वर्धन किया और बताया कि सीआरपीएफ अपने कर्तव्यों के निर्वाहन के साथ साथ अपने

**सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहती है सीआरपीएफ : पंकज**

देशवासियों के सामाजिक उत्थान के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है। समय-समय पर सीआरपीएफ उन ग्रामीणों की भी यथा संभव मदद करती रहती है जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है। सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कई सामानों का किया गया। मौके पर वितरण सीआरपीएफ 11बटालियन इ/11 के उपनिरी0 राहुल कुमार मिश्रा उपनिरी0 बितन खान, सुमेर सिंह,सहायक उपनिरी0 राम नरेश पेंड्रो और बिजका पंचायत के मुखिया सविता देवी, वार्ड सदस्य केरिपुबल के कई जवानों समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### आंवला नवमी के मौके पर विधि विधान के साथ सिमडेगा जिले भर में हुआ पूजन



**सिमडेगा।** आंवला नवमी के मौके पर बुधवार को जिले भर में विधि विधान के साथ आंवला वृक्ष की पूजन की गई सिमडेगा शहर क्षेत्र के थाना स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने आंवला वृक्ष की विधिवत रूप से पूजन किया जहां पर पुरोहित के रूप में सोमनाथ मिश्रा के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस मौके पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष पर धागा बांधकर सुख समृद्धि की कामना की मौके पर पुरोहित सोमनाथ मिश्रा ने बताया कि आंवला वृक्ष पर भगवान विष्णु का वास होता है और आंवला नवमी के दिन आंवला वृक्ष के पूजन करने से भगवान विष्णु के साथ-साथ माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और सुख समृद्धि प्राप्त होती है इधर गुलजार गली स्थित मंदिर में महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना एवं वृक्ष की परिक्रमा कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। आंवला नवमी पर्व को देखते हुए महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं के द्वारा सुबह से ही आंवले के वृक्ष के पूजन की तैयारी की गई। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना की। आंवले की पूजा के बाद महिलाओं ने ब्राह्मणों को भोजन कराया एवं ब्राह्मणों दान दक्षिणा भेंट कर पुण्य अर्जित किया। चला महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रसाद बनाकर लोगों के बीच वितरण किया।

### नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म, जांच में जुटी पुलिस

**टेठईटांगर।** टेठईटांगर थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ एक अज्ञात युवक के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि 1 नवंबर की रात में कौनमेंजरा में आयोजित इंद मेला देखने गयी किशोरी को एक युवक के द्वारा वाला फैसला कर उसे डरा धमका कर दुष्कर्म किया और फरार हो गया इधर पीड़िता ने घर आकर परिवार वालों को बताया इसके बाद परिवार वाले टेठईटांगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की इधर पुलिस ने इस मामले में दुष्कर्म का मामला दर्ज करते हुए पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सिमडेगा भेज दिया वहीं आरोपी की छानबीन में जुट गए।

### हिसरी अरेया को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य पथ बोंगा के समीप ध्वस्त



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिसरी एवं ग्राम पंचायत अरेया को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क बोंगा के समीप ध्वस्त हो गया है जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी मशक्कत उठाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि अरेया, महुगांव, निरहू एवं चरहू होते हुए हिसरी पतरातू किस्को को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क बोंगा के समीप ध्वस्त हो जाने से चार पहिया वाहनों के अलावा सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन बाधित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त सड़क से दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। इधर चार पहिया वाहनों का चलना पूरी तरह से ठप हो गया है। इसके अलावे स्कूली बच्चों को भी पठन पाठन हेतु स्कूल जाने आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार लोग डर और एवं मौत को गले लगाकर सफर करने पर मजबूर हैं। इधर स्थानीय ग्रामीण प्रखंड एवं जिला प्रशासन से उक्त सड़क पर गार्डवाल और पुल का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

### होलिका कुमारी की संदेहास्पद मौत पर केंद्रीय मंत्री ने लिया संज्ञान सिमडेगा एसपी से की बात

**बानो।** थाना क्षेत्र की युवती होलिका कुमारी की संदेहास्पद मौत के संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा संज्ञान लेते हुए सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरव कुमार से की बात अभी तक हुए छानबीन की ली जानकारी साथ ही कहा कि जल्द मामले का हो उद्भेदन। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा को पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा। मामले में जो भी दोषी होंगे उनको बख्शा नहीं जाएगा।

### पति से हुआ विवाद तो नवजात बच्ची को छोड़ खा ली कीटनाशक दवा खतरा से बाहर



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के अकाशी निवासी शफीक अंसारी की पत्नी 26 वर्षीया संजीदा खातून बुधवार को अपनी नवजात बच्ची को छोड़ कर जहर खा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने इलाज के लिये महिला को सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने फिलहाल उसे खतरे से बाहर बताया है। ग्रामीणों के अनुसार किसी बात को लेकर पति शफीक अंसारी से उसकी लड़ाई हुई थी। झगड़े के बाद शफीक तो फरार हो गया। लेकिन महिला अपनी नवजात बच्ची को लावारिश अवस्था में छोड़ घर में रखे कीटनाशक दवा को खा ली। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे सदर अस्पताल भेजा और बच्ची को थाने ले आई। जिसे जिम्मेनामा के साथ महिला के भाई सेन्हा डाडू निवासी सलमान अंसारी को देखरेख के लिये सौंप दिया गया। जिम्मेनामा के अनुसार महिला के ठीक होने तक नवजात बच्ची उक्त दंपति के पास रहेगा। ठीक होने के बाद बच्ची महिला को सौंप दिया जाएगा।

---

सिकरियाटांड़ में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे विशेष शिविर

# प्रशासन सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ डीसी आर. रॉनिटा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, प्रमुख रजत लकड़ा, सीएस डॉ नवल कुमार, बीडीओ शक्ति कुंज ने किया। मौके पर उपायुक्त आर रोनिटा ने कहा कि सरकार के 3 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में जिला प्रशासन द्वारा यह विशेष कैंप पंचायत स्तर पर आयोजित कर लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए लगा रही है जिसमें सभी विभाग अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों को लाभ दे रहे हैं उन्होंने ग्रामीणों को आवाहन किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और किसी प्रकार की कोई भी समस्या से संबंधित बात हो तो इस पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें ताकि प्रशासन आपकी समस्याओं को दूर कर सके उन्होंने कहा कि पहले चरण के तहत अब तक 80 फीसदी आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है और आगे भी उन आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादन करने की प्रक्रिया जिला प्रशासन कर रही है जिससे की आम लोगों को सरकार आपके द्वार के माध्यम से अधिक से अधिक फायदा मिल सके। मौके पर डीसी और जिप सदस्य ने ग्रामीणों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं का हाथों हाथ लाभ दिया। साथ ही शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगे शिविर का भी निरीक्षण योजनाओं की जानकारी लेते हुए योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि प्रशासन सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। मौके पर कांग्रेस जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, केशलपुर मुखिया ज्योति प्रकाश कुल्लू, आसनबेड़ा मुखिया रेखा तिग्गा, सिकरियाटांड़ मुखिया जसिंता उरांव, लीला नाग, जुली आदि उपस्थित थे।

---

## लोहरदगा में आयोजित कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए बंधु तिर्की, कार्यकर्ताओं को दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। उन्होंने लोहरदगा जिला स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी के संदर्भ में आवश्यक विचार-विमर्श एवं कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भारत जोड़ो यात्रा में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया जाएगा। पारंपरिक वेशभूषा में बाजा गाजा के साथ आदिवासी समाज के लोग भी शामिल होंगे। जहां 51 कलश के साथ महिलाएं भी शामिल होंगी। वहीं युवा और छात्रों की संख्या भी ऐतिहासिक होगी। जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ राष्ट्रीय झंडा एवं पार्टी के झंडा के साथ शामिल होंगे। जिन्हें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मैं स्वयं सभी को सम्मानित करूंगा। पदयात्रा के रास्ते में महापुरुषों के प्रतिमा पर कांग्रेसियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी शकील अहमद, जगदीप भगत संदीप कुमार मोहन दुबे निशित जायसवाल सलीम अंसारी बड़े प्रदीप विश्वकर्मा हाजी सिकंदर शाहिद अहमद बेलू विशाल डूंगडूग तनवीर गौहर सत्यदेव भगत जुगल भगत युनूस अंसारी विनय उरांव अंसार अहमद अमृता उरांव संतोषी उरांव शंभू प्रजापति इमरान आजाद इम्तियाज अंसारी सैफ अहमद समेत कई अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

---

# संदेहास्पद स्थिति में नाबालिक की मौत मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** बानो के चाटुओड़ा निवासी नाबालिग किशोरी की संदेहास्पद स्थिति में सदर अस्पताल में मौत मामले में परिवार वालों के लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी युवक को कोलेबिरा पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने बताया कि बड़ी बहन ने बानो निवासी चांद अंसारी पिता रफीक अंसारी के ऊपर नाबालिक कि अपहरण कर दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था इस मामले में कोलेबिरा थाना काण्ड संख्या- 66/2022, दिनांक- 01.11.2022, धारा- 363/366अ/376 (3)/302 धारा एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी भारत की गई थी और इसी के आलोक में चांद अंसारी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा ।गौरतलब हो नाबालिक किशोरी अपने घर बानो चाटुओडा से अपने मामा के घर लचरागढ़ चटक टोली के लिए सुबह 10:00 बजे निकली थी और उसके बाद अचानक शाम में अज्ञात नंबर से परिवार वालों को सड़क दुर्घटना में घायल और कोलेबिरा अस्पताल से सिमडेगा अस्पताल रेफर होने की सूचना दी गई इधर जैसे ही परिवार वाले सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचे तब वहां पर नाबालिक की मौत हो चुकी थी और आसपास कोई भी नहीं था पूछने पर पता चला की चांद अंसारी नामक युवक के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया एवं मृतिका की गंभीर हालत को देखते हुए अस्पताल से फरार हो गया था। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में भाजपा सिमडेगा के सदस्यों के द्वारा परिवार वालों से मुलाकात करने के बाद सदर अस्पताल सिमडेगा में धरना दिया और नाबालिक की दुष्कर्म के बाद हत्या का आशंका जताते हुए सिमडेगा झूलन सिंह चौक के समीप सिमडेगा रांची एनएच 143 को पूरी तरह से जाम कर दिया हालांकि बाद में अनुमंडल पदाधिकारी एवं डीएसपी के हस्तक्षेप के बाद जाम खोल दिया गया एवं गिरफ्तारी की मांग करते रहे इधर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस इधर इस घटना को सड़क दुर्घटना मान रही है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ भी की जहां पर चश्मदीद युवती के द्वारा बताया गया कि नाबालिग किशोरी एक युवक के साथ मोटरसाइकिल में थी और अचानक उसकी दुर्घटना हो गया जिसके बाद उसे इलाज के लिए स्कॉर्पियो की मदद से कोलेबिरा स्थित शिवम हॉस्पिटल ले जाया गया था इधर शिवम हॉस्पिटल के संचालक ने भी इस मामले की पुष्टि की और बताया कि किशोरी सड़क हादसे में घायल हुई थी जिसका इलाज कोलेबिरा में किया गया इसके बाद उस को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था। इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से अनुसंधान कर रही है।

---

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आकर जनता योजनाओं का लाभ उठाएं : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाँडू पंचायत ग्राम में राज्य सरकार का तीन वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन प्रखंड व अंचल के संयुक्त पहल से आयोजित किया गया। जिसमें उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह,जीप सदस्य राधा तिर्की, पंचायत मुखिया दिलीप उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव, एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी विजय कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच महिला सदस्य को फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत 50 हजार का चेक प्रदान किया गया। जबकि पांच महिला समूह को ढाई लाख का चेक प्रदान किया गया। तथा सावित्री बाई किशोरी समृद्ध योजना के तहत छात्राओं को चेक प्रदान किया गया। जो योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर के लिए रोजगार से जुड़ आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। इसके अलावे संबंधित विभाग के पदाधिकारियों द्वारा योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। साथ विभिन्न योजना हेतु आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें लगभग 300 से अधिक आवेदन प्राप्त किया गया है। वहीं उपविकास आयुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र की जनता विकास योजना का लाभ उठाएं जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की ग्रामीण महिलाएं फूलों झनो योजना का लाभ उठाएं और हड़िया दारु साथ ही सभी लोग जरकर द्वारा संचालित विकास योजना का लाभ उठाएं न बेचे पंचायत क्षेत्र वैसे लोगो के लिए सरकार पंचायत वार कार्यक्रम चला रही है। और योजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार सहित सभी विभाग के पदाधिकारी एवं अधिकारी के अलावे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे। इसके अलावे थाना प्रभारी ऋषिकान्त के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन शास्त्र बल साथ मुस्तैद नजर आई।

---

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से किया अक्षादित

**बानो।** प्रखंड के बड़काडूइल पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण भाग लिया। लोग अपनी अपनी मांगों को लेकर कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे। इसी कारण बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में 1574 आवेदन पड़े। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद बिरजो कंडुलना, प्रमुख सुधीर डांग, बीडीओ यादव बैठा व मुखिया अनिल लुगुन ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने कहा आज पूरी प्रखंड प्रशासन आपके गांव आया हुआ है। आप अपनी मांग,अपनी समस्या प्रखंड के अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। जिसका निदान की भी उपाय की जाएगी। सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले। विधवा पेंशन, वृद्धा पेन्धन या हाथी प्रभावित हो ,सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले। कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन के 23, दिव्यांग -3, विधवा पेंशन के 8 आवेदन पड़े। मनरेगा योजना के 334 आवेदन तथा जॉब कार्ड वितरण 131 लाभुकों के बीच किया गया। कार्यक्रम में 230 लोगो के बीच कम्बल वितरण किया गया। साथ ही बकरी पालन के लिए 23 ,मुर्गी पालन 5 गाय पालन के लिये 2 आवेदन पड़े। बुधवार के इस कार्यक्रम में कुल 1574 आवेदन पड़े जिसमें 1311 आवेदन का निष्पादन किया गया तथा 263 आवेदन लम्बित है जिसे जल्द कार्य होने की आश्वासन दिया गया ।कार्यक्रम में स्थानीय महिला समिति द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

---

## इंडियन बैंक सिमडेगा में चलाया बैंकिंग लोकपाल के प्रति जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बैंकिंग लोकपाल के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह जागरूकता अभियान एक नवंबर से 30 नवंबर तक जारी रहेगा। इसी के तहत बुधवार को रिर्जव बैंक द्वारा इंडियन बैंक सिमडेगा शाखा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सामान्य नागरिक को बैंकिंग व्यवहार में होने वाली परेशानी के निराकरण हेतु उपलब्ध बैंकिंग लोकपाल व्यवस्था के बारे में जागरूक करना है तथा साइबर धोखाघड़ी से होने वाले नुकसान से सुरक्षित करना है। मौके पर मौजूद अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव चौधरी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बैंक शाखा सीएफएल, एफएलसी तथा आरसेटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं इसमें डिजिटल जागरूकता सामग्री का प्रवाह ग्राहकों तक सोशल मीडिया की मदद से किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी बैंक के शाखा, ग्राम पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में आईसीआईसीआई बैंक तथा इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक को विशेष ज़िम्मेदारी दी गयी है। जिसमें सभी बैंकों के जिला समन्वयक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मौके पर एलडीएम ने कहा कि हाल के दिनों में साईबर अपराध बढ गए हैं। फर्जी कॉल व मैसेज के माध्यम से ठगों द्वारा पैंसों की ठगी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक हों और किसी को भी ओटीपी या अन्य मैसेज मोबाईल में नहीं बताएं नहीं तो वित्तीय जोखिम उठाना पड़ सकता है। एलडीएम ने कहा कि ग्राहक जागरूक होंगे तब ही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

---

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ

# जिला के तीन प्रखंडों व नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का द्वितीय चरण बुधवार से लोहरदगा जिला में प्रारंभ हुआ। बुधवार को यह कार्यक्रम लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड, सदर प्रखंड, कुडू प्रखंड और नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित हुआ। द्वितीय चरण के कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 14.11.2022 तक होगा। सेन्हा प्रखंड के डांडू पंचायत के मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आज उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह शामिल हुईं और कुल 22 योजनाओं का शुभारंभ किया। उप विकास आयुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 14, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के 05 लाभुकों के बीच कुल 50 हजार रुपए का चेक, जेएसएलपीएस के पांच सखी मंडलों के बीच कुल 2.5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। 181 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। 15 श्रमिकों ने ई-श्रम कार्ड के लिए अपना निबंधन कराया। इस कार्यक्रम में लोकनाथ लोहरा कला जत्था के द्वारा कार्यक्रम में जनजागरूकता से संबंधित कार्यक्रम किए गए। दूसरा कार्यक्रम कुडू प्रखंड के उडुमुरु पंचायत में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही, परिसंपत्तियों का वितरण किया गया जिसमें मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ करते हुए 37 योजना का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। सर्वजन पेंशन के तहत वृद्धा पेंशन-06, विधवा पेंशन-03, विकलांग पेंशन- 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण, साबित्रीबाई फुले किशोरी समद्धि योजना के तहत 08 छात्राओं को स्वीकृति पत्र का वितरण, साथ ही कम्बल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। कुडू प्रखंड में आज लोक कला मंच कला दल के कलाकारों द्वारा जन जागरूकता के कार्यक्रम किये गए। तीसरा कार्यक्रम सदर प्रखंड के बाघा में आयोजित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। बाघा पंचायत में कला दल अल्मा मेटर के कलाकारों द्वारा जन जागरूकता के कार्यक्रम किये गए। नगर परिषद अंतर्गत उस मैदान स्थित स्कूल में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कुल 499 आवेदन प्राप्त हुए और 57 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया आज के कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 32 आवेदन प्राप्त हुए। 49 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत काम की मांग के लिए 59 श्रमिकों द्वारा आवेदन जमा किया गया। इसी प्रकार जॉब कार्ड के लिए भी 59 श्रमिकों द्वारा आवेदन दिया गया। सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समेत स्थानीय जन प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### ब्रजेश राम वर्मा को मिला जॉब कार्ड



**वार्ड नंबर** 12 के निवासी ब्रजेश राम वर्मा को आज नगर परिषद अंतर्गत उर्स मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में जॉब कार्ड दिया गया। ब्रजेश को यह जॉब कार्ड मुख्यमंत्री श्रमिक (शहरी रोजगार मंजूरी फॉर कामगार) योजना अंतर्गत दिया गया। ब्रजेश ने बताया गया अब तक वे दैनिक मजदूरी के लिए इधर-उधर भटक रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री श्रमिक योजना से निबंधित होने के बाद अब जॉब कार्ड मिल गया है। अब नियमित रूप से काम मिल सकेगा जिससे परिवार के भरण-पोषण में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। ब्रजेश ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। साथ ही, शहर के अन्य श्रमिको से भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

---

## कब्र पर्व के मौके पर कब्रिस्तान में हुआ विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन, पूर्वजों को किया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कब्र पर्व के मौके पर बुधवार को जिला मुख्यालय के गिरजाघरों एवं कब्रिस्तानों में मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। अनुष्ठान के दौरान काफी संख्या में मसीहियों ने भाग लेकर पूर्वजों को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। विदित हो कि कब्र पर्व के मौके पर इसाई धर्मावलंबी अपने गिरजाघरों के अलावा कब्रिस्तानों को भी सजाते हैं तथा एकजूट होकर अपने-अपने पूर्वजों को याद करते हैं। इधर संत अन्ना महागिरजाघर में विशप विन्सेंट बरवा एवं फा एडमोन बाड़ा ने मिस्सा बलिदान संपन्न कराया। वहीं सामटोली पल्ली अंतर्गत आने वाले दस कब्रिस्तानों में भी मिस्सा अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मरियमपुर बेरीटोली, मरियमपुर कब्रस्थान सामटोली, डुमरटोली सलडेगा, डिफेंस स्थित, हेलेनपुर भुंडूटोली, सलडेगा डीपाटोली, पुरनापानी, डिप्टीटोली में फादरों द्वारा अनुष्ठान संपन्न कराया गया। मिस्सा पूजा के दौरान पुरोहितों ने कब्र पर पवित्र जल का छिड़काव किया।

### पूर्वजों की देन हैं हम : बिशप

कब्र पर्व के मौके पर विश्वासियों को संबोधित करते हुए संत अन्ना महागिरजाघर में बिशप विंसेट बरवा ने कहा कि मनुष्य का यह जीवन ईश्वर का अनमोल वरदान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर क्षणभंगुर है पर आत्मा अमर है। उन्होंने बताया कि हमें अपने पूर्वजों के द्वारा किये गये नेक कार्यो को याद करनी चाहिए। क्योंकि हम आज जो हैं वह पूर्वजों की बदौलत ही हैं।

# 30 दिन में 5जी नेटवर्क पर ग्राहकों का आंकड़ा 10 लाख के पार : एयरटेल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने बुधवार को कहा कि 5जी सेवा की वाणिज्यिक शुरूआत के 30 दिन के भीतर इस नेटवर्क पर उसके ग्राहकों की संख्या दस लाख से अधिक हो गई है। उसने बताया कि नेटवर्क निर्माण अब भी जारी है। एयरटेल ने 5जी सेवाओं की दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, सिलीगुड़ी, नागपुर और वाराणसी में चरणबद्ध तरीके से शुरूआत की घोषणा की थी। कंपनी ने बताया कि इन शहरों में 5जी सेवा चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है क्योंकि नेटवर्क का निर्माण अभी चल ही रहा है। कंपनी ने बयान में कहा, ह्यह्यभारती एयरटेल आज यह घोषणा करती है कि हमने अपने नेटवर्क पर दस लाख 5जी उपयोगकर्ताओं के आंकड़े को पार कर लिया है। कंपनी ने यह पड़ाव सेवाएं वाणिज्यिक तौर पर शुरू होने के 30 दिन के भीतर और ऐसे समय हासिल किया है जबकि नेटवर्क का निर्माण जारी है।'' भारती एयरटेल के मुख्य तकनीकी अधिकारी रणदीप सैखों ने कहा अभी तो शुरूआत है और उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक है। उन्होंने बताया, हमारा नेटवर्क निर्माण प्रतिदिन हो रहा है। कुछेक अपवादों को छोड़कर सभी 5जी उपकरण एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क पर काम करने में अब सक्षम हैं, आगामी हफ्तों में ये उपकरण भी इस नेटवर्क पर काम करने लगेंगे।'' सैखों ने कहा, पूरे देश को जोड़ने के उद्देश्य के साथ हम नेटवर्क का विस्तार जारी रखेंगे।

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा
### समग्र शिक्षा अभियान
**जिला स्तरीय कार्यालय प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401**

दूरभाष–(06541) 253924,7992450367 Email:chatrajepc@ymail.com

### इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI), (अति अल्पकालीन)

DMFT/SCA मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये NEET coaching program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 09 /11 /2022, अपराह्न 5 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | समग्र शिक्षा कार्यालय, चतरा |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 10/11/2022, अपराह्न 1 बजे से |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यून्तम) |
|---|---|
| NEET | 100 |

नोटः–उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा

PR 281164 Jharkhand Education Project Council(22-23)#D

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा
### समग्र शिक्षा अभियान
**जिला स्तरीय कार्यालय प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401**

दूरभाष– (06541) 253924, 7992450367

Email:chatrajepc@ymail.com

### इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)
### (अति अल्पकालीन)

DMFT/SCA मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling हेतु integrated coaching program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 09/11/2022, अपराह्न 5 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | कार्यालय समग्र शिक्षा, चतरा |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 10 /11/2022, अपराह्न बजे 1 से |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यून्तम) |
|---|---|
| UPSC-CSE/JPSC/BPSC and career counselling | 100 |

नोट :– उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा

PR 281173 Jharkhand Education Project Council (22-23)_D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा
**Email : eedwsd.chatra01@gmail.com**

### निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0–निविदा सूचना संख्या – DWSD/MYD/DORHI/RPWSS/CH/31/2022-23 (1st Call) दिनांक 14.10.2022 द्वारा डोढ़ी (मयूरहण्ड) ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का कार्य जिसका P.R. No. 279998 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.281196 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

---

*Email : eedwsd.chatra01@gmail.com*

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

### निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0–निविदा सूचना संख्या– DWSD/FULL/COVRG/CTR/RPWSS/CH/33/2022-23 (1st Call) दिनांक 14.10.2022 द्वारा सम्पूर्ण चतरा आच्छादित ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का कार्य जिसका P.R. No. 279969 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
चतरा।

PR 281194 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

---

## कार्यालय नगर परिषद, चतरा।
### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2022–23
### (3rd Call)

1. कार्यालय का नाम :– नगर परिषद, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 09.11.2022 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.11.2022 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.11.2022 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | वार्ड नं0 | परिमाण विपत्र की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of PCC Road & Drain from Patit Pawan Upadhayay's house to Phansi Talab under Nagar Parishad Chatra | 01 | 8,95,850.00 | 5,000.00 | 18,000.00 | 02 माह |
| 02 | Paver Block Road from Bulu Kasera's house to Ajay Dangi's house and Rajdev Ram's house to Jatan Saw's house (b) Construction of RCC Culvert in front of Kamaal Tent house in buchartoli gali in Ward no-11 under Nagar Parisad Chatra. | 11 | 3,10,000.00 | 1,000.00 | 6,200.00 | 02 माह |
| 03 | Construction of (a) R.C.C Drain from Yunus Rain's House to Late Hatim Ali's House & Repairs of old Drain From Late Hatim Ali's house Nousad House via Rajendra Choudhary's house at Gudri Bazar in ward no-12 under Nagar Parishad Chatra | 12 | 4,20,000.00 | 1,000.00 | 8,400.00 | 02 माह |
| 04 | Construction of Paver Block Road from Sanjay Dangi's House to Primary School, Darji Bigaha under Nagar Parishad, Chatra | 04 | 7,57,000.00 | 5,000.00 | 15,200.00 | 02 माह |
| 05 | Construction of Paver Block Road & RCC drain from (a) Md Sahid's House to Salim Biskut's House (b) Umesh Saw's House to Bablu's Yadav House under Nagar Parishad Chatra | 18 | 5,18,950.00 | 5,000.00 | 10,400.00 | 02 माह |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, चतरा।

PR 281153 Urban Development(22-23)D

---

## समाहरणालय, लातेहार
## (जिला राजस्व शाखा)

### पुनः अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/ जि0रा0–2022–23

लातेहार जिलान्तर्गत अरुणोदय अतिथिगृह –सह– कैम्प कार्यालय, नेतरहाट एवं पुराना/ नया परिसदन भवन, लातेहार के लिए निम्नांकित सामग्री/ उपकरण हेतु इच्छुक आपूर्तिकत्ताओं/ निर्माता कम्पनी से कोटेशन निम्नांकित विवरणी के साथ दिनांक–11.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला राजस्व शाखा, लातेहार में समर्पित करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 11.11.2022 को 04:00 बजे अपराह्न में कोटेशन को खोला जायेगा। निविदा की शर्तें इस जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | क्र0 | आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की विवरणी | यूनिट | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| Guest House Furniture | 1. | Fabric Sofa | 1 Set | Fabric Sofa Set (3+2+1+1+Coffe table+2 end tables. Model No. DOUGLAS-DURIAN |
| | 2. | Fabric Lounge Sofa | 1 Set | Fabric Lounge Sofa (3+3+2) Model No. ANDREA- DURIAN |
| | 3. | Coffee Table | 5 Set | Coffee Table/brighten Coffee Table set. – DURIAN |
| | 4. | Marble dining Set | 2 Set | Marble dining Set 4 Seater. Model No. CATHERINE / H - DURIAN |
| | 5. | Study Table | 4 pcs | Study Table. Model No. BARKLEY / A - DURIAN |
| | 6. | Leather Chair | 2pcs | Leather Chair. Model No. PRESTIGE / HB. - DURIAN |
| | 7. | Coffee Table | 3pcs | Solid Wood Coffee Table. Model No. LEWIS. - DURIAN |
| | 8. | Lounge Chair | 2pcs | Lounge Chair. Model No. MELODY. - DURIAN |
| | 9. | Leather Sofa | 1 Set | Leather Sofa(3+2+2). Model No. XAVIER. - DURIAN |

अपर समाहर्ता,
लातेहार

PR 281178 (Revenue)22-23*D

---

## समाहरणालय, लातेहार
### (जिला राजस्व शाखा)
### पुनः अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/ जि0रा0–2022–23

लातेहार जिलान्तर्गत अरुणोदय अतिथिगृह –सह– कैम्प कार्यालय, नेतरहाट एवं पुराना/ नया परिसदन भवन, लातेहार के लिए निम्नांकित सामग्री/ उपकरण हेतु इच्छुक आपूर्तिकत्ताओं/ निर्माता कम्पनी से कोटेशन निम्नांकित विवरणी के दिनांक–11.11.2022 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला राजस्व शाखा, लातेहार में समर्पित करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 11.11.2022 को 04:00 बजे अपराह्न में कोटेशन को खोला जायेगा। निविदा की शर्ते इस जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | क्र0 | आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की विवरणी | यूनिट | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| Guest House Furniture | 1. | Revolving Chair | 5pcs | High Back Revolving Chair Color- Black. Model No. Ace – Make Godrej |
| | 2. | Revolving Chair | 15pcs | Medium Back Revolving Chair Color- Black. Model No. Ace – Make Godrej |
| | 3. | Visitor Chair | 30pcs | Visitor Chair Color- Black (Non Revolving) Model No. Ace –Make Godrej |
| | 4. | School Desk | 2 pcs | Unlearn Classroom Desk 2 Seater- Make Godrej |
| | 5. | Office Table | 2 pcs | Move Up Model Desk (Manager Module) – Make Godrej |
| | 6. | Workstation | 2 pcs | Back To Back Cluster Module Cluster Of 4 Table Set- Make Godrej |
| | 7. | Cafeteria Table | 5 pcs | Café Pod Table Rubber Wood Top - Make Godrej |
| | 8. | Cafeteria Table | 5 pcs | Café Pod Table Steel Top - Make Godrej |
| | 9. | Cafeteria Chair | 5 pcs | Unwind Lounge Chair Sitting (3 Seater) - Make Godrej |
| | 10. | Bed | 10 pcs. | ESCA Single Bed, Make Godrej |

अपर समाहर्ता, लातेहार।

PR 281179 Revenue(22-23)D

---

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार।
### (जिला विकास)
### –:अति–अल्पकालीन निविदा:–

केन्द्रीय सहायता मद (SCA) के अन्तर्गत दिनांक–29.07.2022 को उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक एजेण्डा संख्या–14 के अनुपालन में समर अभियान के अन्तर्गत चिकित्सीय जांच तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु Ante-natal-care किट का क्रय किया जाना है। (Ante-natal-care-**ANC**) के लिए ANC Kit की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्श 2022–23 अंतर्गत पंजीकृत निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निबंधित डाक के द्वारा द्विलिफाफीय पद्धति (तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग) में मुहरबंद रूप में निम्नवत् रूप से अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है:–

01. निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि :– 16.11.2022 के अपराह्न 03:00 बजे तक।
02. निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता :– विकास शाखा, उप विकास आयुक्त, लातेहार का कार्यालय
03. निविदा खुलने की तिथि :– 16.11.2022 के अपराह्न 05:00 बजे।
04. निविदा खुलने का स्थान :– अपर समाहर्त्ता, लातेहार का कार्यालय वेश्म
05. ANC Kit की आपूर्ति असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार द्वारा निर्धारित अनुसूची के अनुसार आपूर्ति की जानी है। विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | ANC किट की संख्या | ANC किट में आवश्यक उपचार सामग्री | Brand | अधिकतम अनुमानित मूल्य प्रति ANC किट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 424 | 1. Weight Machine-01<br>2. BP Machine-01<br>3. Stethoscope-01<br>4. Tharmameter-01<br>5. Measuring Tape-01<br>6. Pregnancy Test Kit-01 Pkt.<br>7. HB Test Kit-01 Pkt.<br>8. Urine Strip topara-01 Pkt.<br>9. Cotton-01 Roll(Small)<br>10. Lancet-01 Pkt.<br>11. Spirit-100 ml | 1. Li Shanto (Ele)<br>2. Diamond (Dial Model)<br>3. Morpen<br>4. Li shanto (Dizital)<br>5. Common<br>6. Themis<br>7. Sensa Core<br>8. Recombigen<br>9. Common<br>10. Common<br>11. Li Shanto | 5537.00 |

क्रमांक 01 से 11 तक दरों का अनुमोदन पूरे किट का किया जायेगा। किट में अंकित उपचार सामग्री का दर अलग–अलग अनुमोदित नहीं किया जायेगा।

06. निविदा की शर्तें/विस्तृत विवरणी/अनुसूची–01 आदि का अवलोकन समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत जिला लातेहार के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

अपर समाहर्त्ता,
लातेहार।

PR 281143 Rural Development(22-23)D

---

## कार्यालय नगर परिषद, चतरा।
### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2022–23

1. कार्यालय का नाम :– नगर परिषद, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 09.11.2022 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.11.2022 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.11.2022 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | वार्ड नं0 | परिमाण विपत्र की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of RCC drain from A.C. Awas to Hunman Mandir (b) Repairing of drain from Court More to Nagar Parishad Office | 01 | 556000.00 | 5000.00 | 11200.00 | 03 माह |
| 02 | Construction of RCC drain from Laxman Saw's house to Hasim Miya's house under Nagar Parishad, Chatra | 02 | 999950.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 03 | Construction of RCC drain from Mister Miya's house to Ramchandra Munda's house under Nagar Parishad, Chatra | 03 | 999850.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 04 | Construction of RCC drain from (a) Mansur's house to Rauf's house (b) Murari Singh's house to Pardeep Ram's house Muhalla Dhangartoli under Nagar Pariashad Chatra | 03 | 420000.00 | 1000.00 | 8400.00 | 03 माह |
| 05 | Construction of RCC drain from Pipal Tree to Suresh Thakur House, Muhalla Buchchidari under Nagar Parishad, Chatra | 04 | 999900.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 06 | Construction of PCC road and RCC drain from Birju Keshari's houe to Pankaj Yadav's house Muhalla Buchchidari under Nagar Parishad, Chatra | 04 | 510500.00 | 5000.00 | 10300.00 | 03 माह |
| 07 | Construction of RCC drain from (a) Near Surya Mandir, Churihar Muhalla (b) High School Gate to Chhat Ghat Road via Masjid, Kunjara Muhalla under Nagar Parishad, Chatra | 05 | 999950.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 08 | Construction of RCC drain from Chinema Hall to Purainiya (b) Sanjay Sinha's house to Jhumru Ram's house under Nagar Parishad, Chatra | 06 | 999900.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 09 | Construction of RCC drain from (a) Janardhan Panda's house to Bajrangbali Mandir (b) Mohan Panda's house to Laxmi Panda's house, under Nagar Parishad, Chatra | 07 | 997800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 10 | Construction of RCC drain from Emli's tree to Mohan Yadav's house Muhalla Surhi, under Nagar Parishad, Chatra | 08 | 998700.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 11 | Construction of RCC drain from Yunush Miya's house to Ramadhin Dangi's house Muhalla Nagwan under Nagar Parishad, Chatra | 09 | 998500.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 12 | Construction of RCC drain from Naresh Master's house to Dukhan Saw's house Muhalla Nagwan, under Nagar Parishad, Chatra | 10 | 999500.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 13 | Construction of RCC drain from Chatra Store to Marwari School, Marwari Muhalla under Nagar Parishad, Chatra | 11 | 420600.00 | 1000.00 | 8500.00 | 03 माह |
| 14 | Construction of RCC drain from Zakir Mansoori to Sonu Khan's house (b) Israil Rain's house to Ehsan rain's house (c) Aklim's houe to Azam's house under Nagar Parishad Chatra | 12 | 820500.00 | 5000.00 | 16500.00 | 03 माह |
| 15 | Construction of RCC drain from (a) Pramod Dabgar's house to Gira Ashram School more (b) Sanjay Mochi's house to Rinku Mochi's house Muhalla, Chour Muhalla, under Nagar Parishad, Chatra | 13 | 995700.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 16 | Construction of RCC drain from Bablu Lala's houe to Mannu Bhuiyan's house, Ansar Nagar Muhalla, under Nagar Parishad, Chatra | 14 | 996800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 17 | Construction of RCC drain from Mukhtar Ansari's house to Idani's house, under Nagar Parishad, Chatra | 15 | 998800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 18 | Construction of RCC drain from Umesh Ram's house to Mahendra Rajak's house and Uma Palace Muhalla Bind under Nagar Parishad, Chatra | 16 | 980500.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 19 | Construction of RCC drain from Sahu Medical to Naiky Talab Muhalla Bind under Nagar Parishad, Chatra | 16 | 999800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 20 | Construction of RCC drain from Shankar Saw's house to Naresh Bhuiyan's house (b) Baleshwar Ram's house to Sunil Ram's house Muhalla Jhumra under Nagar Parishad Chatra. | 17 | 885000.00 | 5000.00 | 17000.00 | 03 माह |
| 21 | Construction of RCC drain from Ohm Gupta's house to Mithlesh Singh's houe Muhalla Jhumra under Nagar Parishad, Chatra | 17 | 898000.00 | 5000.00 | 18000.00 | 03 माह |
| 22 | Construction of RCC drain from Kallu Miyan's house to Bhanu Mils Muhalla Line Muhalla under Nagar Parishad Chatra | 18 | 785800.00 | 5000.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 23 | Construction of RCC drain from Deepak Saw's house to Kabristan Gate Muhalla Chaiyatand under Nagar Pariashad Chatra | 19 | 998700.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 24 | Construction of RCC drain from Lukman Miya's house to Moulana Abujarda's house (b) Moulana Miraz's house to Child School Muhalla Line Gali under Nagar Parishad Chatra | 19 | 550000.00 | 5000.00 | 11000.00 | 03 माह |
| 25 | Construction of RCC drain from Bahera Khalid's houe via Rahmatiya Masjid's to Nandkishor Thakur's house under Nagar Parishad, Chatra | 20 | 999800.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 26 | Construction of RCC drain from (a) Master Abrar's house to Tayab]s house (b) Md. Hesam's house to Md. Giyas's houe and (c) Md. Abdal house to Md Khalikh's houe under Nagar Parishad, Chatra | 21 | 999600.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 27 | Construction of RCC drain from Parshu Ram Sharma's house to Bhikhan Rana's house under Nagar Parishad, Chatra | 22 | 998000.00 | 5000.00 | 20000.00 | 03 माह |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, चतरा।

PR 281155 Urban Development(22-23)D

सम्पादक की कलम से...

## झारखंड का सियासी तापमान बढ़ा

**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खनन घोटाले में ईडी ने समन भेज दिया है। उन्हें गुरूवार को ईडी कार्यालय में बुलाया गया है। इस तरह शुक्रवार को पलामू दौरे को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसके साथ ही एक बार फिर झारखंड का सियासी तापमान बढ़ गया है। ईडी के इस समन के बाद जहां राज्य की सत्ताधारी गठबंधन ने मुख्यमंत्री आवास पर हाई प्रोफाइल मीटिंग बुलाई है वहीं भाजपा के बड़े नेता दिल्ली में डेरा डाल दिये हैं। इसके बाद अचानक मुख्यमंत्री ने सत्ताधारी गठबंधन के विधायकों की आपात बैठक बुलाई है। जानकारी के अनुसार सभी विधायकों से संपर्क साधा गया। दीपावली और छठ पर्व को लेकर लगभग सभी विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में थे। हालांकि इस पर कोई कुछ खुलकर नहीं कह रहा है लेकिन ये बात तो साफ है कि यह बैठक ईडी के मुख्यमंत्री को भेजे गए समन को लेकर ही बुलाई गयी थी। इधर, राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। जानकारी के अनुसार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश अहमदाबाद जायेंगे और वहां वह देश के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इधर बाबूलाल मरांडी भी दिल्ली में डेरा जमा चुके हैं। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में सीएम हेमंत की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। सूत्रों की मानें तो बाबूलाल मरांडी इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री से मुलाकात करेंगे। कहा यह जा रहा है कि पार्टी के भावी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर दोनों नेता केंद्रीय नेतृत्व से बात करेंगे। लेकिन चर्चा यह है कि मुख्यमंत्री को ईडी का समन मिलने के बाद से ही राज्य में भाजपा भी रेस हो गयी है। इसी मुद्दे पर दोनों नेताओं की राष्ट्रीय नेतृत्व से भी बात होनी है। ऐसे में बाबूलाल मरांडी ने एक ट्विट किया है और लिखा है कि भगवान श्री कृष्ण ने अहंकारी शिशुपाल की 100 गलतियों को माफ किया था। विधि का यही विधान है। जब पाप का घड़ा पूरी तरह से भर जाता है तब ऊपर वाले का चक्र चलता है। ऐसे में विपक्ष की दबिश आने वाले दिनों में और बढ़ने की आशंका है। वैसे झारखंड और देश-दुनिया को यह जानने का अधिकार है कि झारखंड को कौन लोग अभी तक चला रहे थे? एक तस्वीर को लेकर भी बवाल मचा है। तस्वीर में हेमंत सोरेन अपने साथ बिचौलिये अमित अग्रवाल को आदरणीय रतन टाटा जैसे सम्मानित व्यक्ति से मिलवा रहे हैं। तस्वीर देखिये और जनता यह तय करें कि मुख्यमंत्री बड़ा या लूट सरगना अमित अग्रवाल हैं। हालांकि यह तय है कि यूं ही नहीं ईडी किसी को बुलाती है, अगर किसी ने इस राज्य को लूटा है तो सजा भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। चाहे कोई भी हो। इसका मतलब यह नहीं कि यह बात सीएम के लिए कही जा रही है। यह बात सभी नेताओं को जान लेना चाहिए कि जनादेश का मतलब लूट का लाइसेंस नहीं है और वोट से लूट के पाप को कवर नहीं किया जा सकता। अगर किसी ने लूटा है तो सजा भी भुगतने के लिये तैयार रहना चाहिए। देश का कानून अपना काम कर रहा है। अगर कोई बेकसूर है तो बेदाग निकल जायेगा। वैसे पब्लिक सब देख समझ रही है।**

## आज का इतिहास

**1880** : स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का जन्म।
**1888** : इंग्लैंड में दुनिया की सबसे पुरानी पेशेवर एसोसिएशन फुटबॉल लीग द फुटबॉल लीग, की स्थापना।
**1910** : डॉ. राममनोहर लोहिया का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में जन्म।
**1931** : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई।
**1994** : रॉबर्ट एफ केनेडी, जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
**2007** : ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया।
**2008** : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता युसुफ रजा गिलानी को पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
**2008** : भूटान में पहला आम चुनाव हुआ। जिसमें जिग्मे थिनले के नेतृत्व वाली भूटान पीस एंड प्रॉस्पेरिटी पार्टी को चुनाव में 47 में से 45 सीटें मिली।
**2011** : केन्या ने अफ्रीका कार्बन एक्सचेंज खोला।
**2013** : पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुये आत्मघाती हमले में 17 सैनिक मारे गये।
**1568** : फ्रांसीसी युद्धों के दूसरे चरण को समाप्त करने के लिए लॉन्गजुमाऊ की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
**1956** : पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना।
**1890** : रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
**1893** : चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
**1917** : रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
**1942** : सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
**1969** : इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।
**1977** : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
**1958** : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
**1979** : इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।

# घरेलू बाजार में चीनी चुनौतियां

> पिछले दो-तीन महीनों में देश के त्योहारी बाजारों में चीन का प्रभुत्व दिखाई दिया। हालांकि पिछले दिनों दीपावली के समय देश के कोने-कोने में बाजार स्थानीय स्वदेशी उत्पादों से सजे दिखाई दे रहे थे, लेकिन फिर भी चीन के वर्चस्व को तोड ? की चुनौती बनी रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस साल अगस्त 2022 में चीन से एलईडी लाइट और लैंप का 72 लाख डालर मूल्य का आयात किया गया, जबकि पिछले साल अगस्त 2021 में इनका आयात मूल्य करीब बयालीस लाख डालर था। इस वर्ष अगस्त 2022 में चीन से 19.7 लाख डालर मूल्य की उपहार सामग्री का आयात किया गया।

खासकर एक ऐसे समय में जब डालर की तुलना में रुपया लुढकता दिखाई दे रहा है और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आ रही है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढ़ कर चीन से बढ़ते आयात और व्यापार घाटे के परिदृश्य को बहुत कुछ बदल सकते हैं। चीन से आयात घटाने और व्यापार असंतुलन कम करने के लिए सरकार की तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, मगर अब तक कोई उल्लेखनीय परिणाम नहीं मिल पाया है। हाल ही में चीन के सीमा शुल्क विभाग की ओर से प्रकाशित भारत-चीन के द्विपक्षीय व्यापार संबंधी आंकड़ों के मुताबिक दोनों देशों के बीच पिछले नौ महीनों के दौरान द्विपक्षीय कारोबार 103.63 अरब डालर का हुआ है। इसमें चीन से भारत के लिए निर्यात 89.66 अरब डालर का हुआ, जिसमें इकतीस फीसद की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इस अवधि में भारत से चीन के लिए केवल 13.97 अरब डालर का निर्यात हुआ और इसमें 36.4 फीसद की गिरावट आई है। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ कर 75.69 अरब डालर हो गया । गौरतलब है कि पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच पूरे वर्ष में 125 अरब डालर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ था। उसमें चीन का भारत के लिए निर्यात 46.2 फीसद बढ़ कर 97.52 अरब डालर था, जबकि भारत से चीन के लिए निर्यात 34.2 फीसद बढ़ कर 28.14 अरब डालर था। इस अवधि में भारत का व्यापार घाटा 69.38 अरब डालर हुआ था। ऐसे में स्पष्ट है कि इस वर्ष चीन से व्यापार घाटा और व्यापार असंतुलन और बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि चीन से भारत आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले कच्चे माल, रसायन, दवाइयां, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रानिक जैसे सामान की अधिकता है। चीन से भारत द्वारा किए जाने वाले कुल आयात का एक बड़ा हिस्सा पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बायलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन वस्तुओं का चीन से आयात लगातार बढ़ा है। इतना ही नहीं, चीन से त्योहारी उत्पादों का भी भारत में आयात बढ़ा है। पिछले दो-तीन महीनों में देश के त्योहारी बाजारों में चीन का प्रभुत्व दिखाई दिया। हालांकि पिछले दिनों दीपावली के समय देश के कोने-कोने में बाजार स्थानीय स्वदेशी उत्पादों से सजे दिखाई दे रहे थे, लेकिन फिर भी चीन के वर्चस्व को तोड ? की चुनौती बनी रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस साल अगस्त 2022 में चीन से एलईडी लाइट और लैंप का 72 लाख डालर मूल्य का आयात किया गया, जबकि पिछले साल अगस्त 2021 में इनका आयात मूल्य करीब बयालीस लाख डालर था। इस वर्ष अगस्त 2022 में चीन से 19.7 लाख डालर मूल्य की उपहार सामग्री का आयात किया गया, जबकि पिछले वर्ष अगस्त 2021 में इक्यासी हजार डालर मूल्य की उपहार सामग्री मंगाई गई थी। ऐसे में इस वर्ष त्योहारी बाजार में पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले करीब 28 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साथ ही अगस्त 2022 में चीन से होने वाले आयात में पैंतालीस फीसद वृद्धि हुई है। कारोबारियों के मुताबिक अधिक कीमत चुकाने में सक्षम मध्यवर्ग के लोग खरीदारी में स्थानीय स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे थे, जबकि निम्न आयवर्ग के लोग सस्ती चीनी वस्तुओं को। निस्संदेह चीन से बढ़ता व्यापार घाटा देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती है। खासकर एक ऐसे समय में जब डालर की तुलना में रुपया लुढकता दिखाई दे रहा है और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आ रही है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढ़ कर चीन से बढ़ते आयात और व्यापार घाटे के परिदृश्य को बहुत कुछ बदल सकते हैं। देश में अब भी दवाई उद्योग, मोबाइल उद्योग, चिकित्सा उपकरण उद्योग, वाहन उद्योग तथा विद्युत जैसे कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित माल पर आधारित हैं। हालांकि चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्षों में सरकार ने ह्यप्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिवह्न (पीएलआइ) स्कीम के तहत चौदह उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया है।

■ **जयंतीलाल भंडारी**

## विनाश को निमंत्रण

'आज के समय में प्रदूषण, असामयिक भारी वर्षा, सुनामी, भूचाल, सूखा, नई-नई किस्म की बीमारियां आदि एक आम बात हो गई है। पहले फल-सब्जियां मौसम के मुताबिक होती थीं, आजकल कृत्रिम तरीके इस्तेमाल करके इन्हें कभी भी और कहीं भी पैदा किया जा सकता है। उत्पादन को बहुत ज्यादा बढ़ाने के लिए रासायनिक पदार्थों तथा वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। गर्मी में सर्दी और सर्दी में गर्मी का मजा लिया जा सकता है। इससे लगता है कि मनुष्य ने वैज्ञानिक प्रगति के द्वारा कुदरत पर जीत हासिल कर ली है। लेकिन यह कितना सही है? चीन की तरह रासायनिक क्रियाओं के द्वारा दुनिया के छप्पन और देश 'क्लाउड सीडिंग' का इस्तेमाल करके बनावटी तरीके से बरसात करके सूखे का मुकाबला करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे यहां कृत्रिम बारिश, बर्फबारी नियंत्रण, तापमान नियंत्रण, वनों का अंधाधुंध कटाव, नदियों में से रेता मिट्टी निकाल कर खनन करना, नदियों में उद्योगों द्वारा प्रयोग किये गये अवशेषों को छोड़ देना, पेट्रोल, तेल, गैस, कोयला, बिजली आदि का अंधाधुंध प्रयोग करके पर्यावरण को बिगाड़ने का जो काम किया जा रहा है। यह उसी का ही परिणाम है कि बेमौसमी बरसात, बाढ़, सूखा, बर्फबारी, बहुत ज्यादा गर्मी और बहुत ज्यादा सर्दी पहले के मुकाबले में बढ़ते जा रहे हैं। पहाड़ों की बर्फ पिघलती जा रही है। जिन इलाकों में पहले सूखा पड़ता था, वहां पर छतों तक पानी बरसात की वजह से बढ़ने लगा है। यह अचंभा नहीं तो क्या है कि जो मानसून अब से काफी पहले वापस जा चुका होता था, वह देर तक रुका रहा और भारी बरसात के कारण सामान्य जनजीवन का सत्यानाश हुआ। यह सब प्रकृति से छेड़छाड़ का ही प्रभाव है। पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। वृक्ष काटे जा रहे हैं। कंक्रीट के जंगलों का प्रसार हो रहा है। आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में अधिक से अधिक ऊर्जा का इस्तेमाल हो रहा है। जल, वायु तथा ध्वनि प्रदूषण ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इन सब बातों का ग्रीन हाउस गैसों के संतुलन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। समय-समय पर पर्यावरण की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन तो होते रहते हैं, उसमें फैसले भी होते हैं, लेकिन उन्हें लागू करने में पहले आप, पहले आप वाली नीति अब तक चल रही है। दुनिया के बड़े-बड़े देश, जिनमें अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस और चीन आदि आते हैं, वे अपने आर्थिक विकास के एजेंडे को धीमा नहीं करना चाहते। इसके बदले में वे विकासशील देशों से ही उम्मीद करते हैं कि पर्यावरण की रक्षा के लिए उपायों पर वही अमल करें। आजकल जिस तरह से रासायनिक प्रयोगों के द्वारा वैज्ञानिक प्रगति के फलस्वरूप कृत्रिम तरीके से बरसात, बर्फबारी, गर्मी, सर्दी आदि किये जा सकते हैं, उसमें कुछ लोगों को यह संदेह है कि अगर इस तकनीक का इस्तेमाल कोई देश शत्रु देशों के खिलाफ करने लगे तो भारी तबाही आ सकती है।

■ **शाम लाल कौशल**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

आपका तप तथा पराक्रम अद्भुत है; हम पापपरायण कर ही क्या सकते हैं ? हे मानदे ! हम आपकी शरणमें हैं। हमें नेत्र दीजियेः क्योंकि नेत्रज्योतिसे विहीन हो जाना मृत्युसे भी कष्टकारक होता है। आप हमारे ऊपर कृपा कीजिये। फिरसे नेत्रज्योति देकर इन समस्त क्षत्रियोंको अपना सेवक बना लीजिये। इसके बाद पापकर्मसे रहित होकर हमलोग साथ-साथ चले जायेंगे। अब हमलोग इस प्रकारका कर्म कभी नहीं करेंगे। अब हम सभी भार्गव ब्राह्मणोंके सेवक हो गये। हमलोगोंने अज्ञानवश जो भी पाप किया है उसे आप क्षमा करें। हम हैहय क्षत्रिय शपथपूर्वक कहते हैं कि आजसे कभी भी भृगुवंशी ब्राह्मणोंके साथ हमें वैरभाव नहीं रखना चाहिये और यथोचित व्यवहार करना चाहिये। हे सुश्रोणि! आप पुत्रवती होवें। हम आपकी शरणमें हैं। हे कल्याणि! आप कृपा करें; हमलोग अब कभी भी द्वेषभाव नहीं रखेंगे ॥ 21-28 ॥

क्षत्रियोंको आश्वासन देकर कहा-हे क्षत्रिय आप निश्चितरूपसे जान लें कि मैंने आप सबकी दृष्टिका हरण नहीं किया है ॥ 29-30 ॥

मैं आपलोगों पर कुपित नहीं हूँ। अब में वास्तविक कारण बता रही है आपलोग सुनिये। मेरो पासे उत्पन्न यह भृगुवंशी बालक आज आपलोगोंपर कुपित है। क्षत्रियक द्वारा अपने बान्धवों और यहाँतक कि गर्भस्थित बालकका वध किये जाने की बात जानकर कोपाविष्ट इसी बालक आपलोगोंके नेत्र स्तम्भित कर दिये हैं ॥ 31-32 ॥

हे वत्सगण! जब आपलोग निरपराध, धर्मनिष्ठ तथा तपस्वी भार्गव ब्राह्मणों और गर्भस्थ बालकोंको भी धन-लोलुपतामें पड़कर मार रहे थे तभी मैंने इसे अपनी जंघामें गर्भरूपसे एक सौ वर्षतक धारण किये। रखा। भृगुवंशकी वृद्धिके लिये इस गर्भस्थ बालकने छहों अंगोंसहित सम्पूर्ण वेदोंका बड़े सहजभावसे अध्ययन कर लिया है और अब यह अपने पितृजनाक वसे अत्यन्त कुपित होकर आपलोगोंका संहार करना चाहता है ॥ 33-35 ॥

मेरा यह पुत्र भगवतीकी कृपासे उत्पन्न हुआ है, जिसके अलौकिक तेजने आपलोगोंके नेत्र हर लिये हैं ॥ 36 ॥

अतएव आपलोग इसी समय मेरी जंघासे उत्पन्न इस बालकसे विनम्रतापूर्वक याचना कीजिये। चरणोंमें गिरनेसे प्रसन्न होकर यह बालक आपलोगोंकी नेत्रज्योति मुक्त कर देगा ॥ 37 ॥

- क्रमशः

## हकीकत छिपाने का हुनर

वित्त मंत्रालय हर महीने एक आर्थिक समीक्षा प्रकाशित करता है। इस बार वित्त मंत्रालय ने छह युवा और उत्साही अर्थशास्त्रियों के एक समूह को इस समीक्षा के लिए एक निबंध लिखने को कहा। मगर मैंने कभी सोचा नहीं था कि वे जानबूझ कर 'बेरोजगारी' के साथ-साथ 'कुपोषण', 'भूख' और 'गरीबी' जैसे शब्दों के प्रयोग से भी बचेंगे। (समझ नहीं पाया कि क्या यह उनके कानों में फुसफुसाया गया था कि प्रधानमंत्री यह लेख पढ़ सकते हैं) अर्थशास्त्रियों का समूह इस बात को जानता है, लेकिन स्वीकार नहीं करेगा, कि बेरोजगारी, कुपोषण, भूख और गरीबी की अनदेखी विद्वानों के कर्तव्य की गंभीर अवहेलना है। **समीक्षा क्यों? :** मासिक आर्थिक समीक्षा एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज होता है। मुझे उम्मीद थी कि 2022 सितंबर की समीक्षा (22 अक्तूबर, 2022 को जारी) वर्तमान स्थितियों, अर्थव्यवस्था की ताकत और कमजोरियों का एक वस्तुनिष्ठ मध्यवर्षीय लेखा-जोखा प्रस्तुत करेगी। उससे पता चल सकेगा कि अगले छह से बारह महीनों में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में क्या संभावनाएं हैं और फिर उन तत्त्वों की पहचान हो सकेगी कि अर्थव्यवस्था को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उससे यह भी पता चल सकेगा कि विश्व अर्थव्यवस्था की क्या प्रवृत्तियां हैं और उनका हमारी घरेलू अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ सकते हैं। मगर सितंबर माह की समीक्षा एक बहुत ही पतला-सा दस्तावेज है- कुल तैंतीस पृष्ठों का, जिसमें डेटा के रूप में तीन पृष्ठ ग्राफ और चार्ट के साथ बिंदुवार तथ्य हैं। पाठ छह खंडों में विभाजित है और निष्कर्ष और विहंगावलोकन के साथ हस्ताक्षरित होकर समाप्त होता है। इसके कुछ अनुभाग सरकार की चिंताओं को प्रकट करते हैं। मसलन, 1- राजकोषीय स्थिति, 2- उद्योग, 3- सेवाएं, 4- ऋण मांग, 5- मुद्रास्फीति और 6- बाहरी क्षेत्र। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि बेरोजगारी, कुपोषण, भूख और गरीबी सरकार की चिंताओं में शामिल नहीं हैं।

**अपनी पीठ थपथपाना :** रिपोर्ट का लहजा खुद अपनी पीठ थपथपाने वाला है। इसके अंतिम वाक्य से इसके मुख्य स्वर और दृष्टिकोण का अंदाजा लगाया जा सकता हैः ''जैसा कि क्रिकेट के खेल में होता है, जब बाल स्विंग कर रही हो, तो उसे खेलने के बजाय छोड़ देना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है (नीतिगत त्रुटियों से बचा जाता है) जितना अच्छी गेंदों को अच्छी तरह से खेलना (नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं)।'' इसमें लेखकों ने जिन बिंदुओं का उल्लेख करना छोड़ दिया है, वे हैं- डाट बाल (बाहरी खतरों से अनजान) और वे गेंदें जो विकेट ले चुकी हों (रुपए का मूल्यह्रास)। हर निष्कर्ष का उद्देश्य पाठक को उसकी वास्तविक स्थिति से परे हटाना है। समीक्षा के अनुसार- राजस्व में उछाल है, पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है, व्यय की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और अगस्त तक वित्तीय स्थिति सेहतमंद थी। एक गंभीर स्वीकारोक्ति है कि सरकारी उधारी से सार्वजनिक ऋण में वृद्धि हो सकती है। उद्योग के संबंध में, समीक्षा कई सूचकांकों का हवाला देती है। मसलन, पीएमआइ मैन्युफैक्चरिंग, एसएंडपी जीएससीआइई औद्योगिक मेटल्स सूचकांक, व्यापार मूल्यांकन सूचकांक तथा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक। और निष्कर्ष निकाला गया है कि समग्र व्यावसायिक रुझान में सुधार हुआ है। यह समीक्षा बताती है कि सेवा क्षेत्र, अंतर-राज्यीय व्यापार, पर्यटन, होटल उद्योग, हवाई यातायात, परिवहन और रियल एस्टेट में उत्साहजनक रुझान हैं। फिर भविष्यवाणी की गई है कि ये क्षेत्र प्रमुख विकास चालक के रूप में उभरने की ओर अग्रसर हैं। ऋण की मांग अच्छी गति से बढ़ रही है (16.4 प्रतिशत), मगर सख्त मौद्रिक नीति और धीमी आर्थिक वृद्धि इसमें अवरोध पैदा कर सकती है। मगर मुद्रास्फीति को लेकर समीक्षा में अपने प्रकट पूर्वाग्रह छिपा लिए गए हैं। इसके लिए 'भू-राजनीतिक विकास' पर दोष डाल कर सरकार को किसी भी जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। बाहरी क्षेत्र को लेकर इस समीक्षा में अपनी पीठ भी थपथपाई ('स्थिर निर्यात') गई है और असहायता ('निरंतर आयात') भी प्रकट की गई है। इसमें कहा गया है कि 'सीएडी का बढ़ना बंद होना चाहिए' और इसे जीडीपी के तीन प्रतिशत पर रोक दिया जाना चाहिए- अनुमान लगाये जाते रहे हैं कि सीएडी 3.4 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। **तेज हवाएं :** समीक्षा के पक्षपातपूर्ण और अपनी पीठ थपथपाने वाला होने के बावजूद उसे माफ किया जा सकता है, क्योंकि यह दस्तावेज कुछ ही हफ्तों में इतिहास बन जायेगा। परेशान करने वाली बात यह है कि इसमें लाखों लोगों से जुड़े मामलों की कठोर अवहेलना की गई है। ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के साथ ही 'गंभीर आर्थिक संकट' की चेतावनी दी। यहां तक कि चीन के निरंकुश माने जाने वाले राष्ट्रपति शी जिंगपिंग ने भी बड़ी सावधानी से चीन की अर्थव्यवस्था को 'लचीला' बताया। यूएनडीपी और आक्सफोर्ड एचडीआइ ने 17 अक्तूबर, 2022 को जारी एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि 2020 में भारत में 22.8 करोड़ लोग 'गरीब' थे (महामारी के वर्षों में स्थिति खराब होती गई)। वैश्विक भूख सूचकांक में 121 देशों में भारत का स्थान 107 है, जो कि पिछले आठ वर्षों में लगातार नीचे गया है।

■ **पी. चिदंबरम**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### सड़क की दुकानें स्थायी हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

■ **गोपाल प्रसाद , मेदिनीनगर।**


## ट्विटर पर कैसी आजादी दिलायेंगे मस्क

छह महीने से ज्यादा की खींचतान, आरोप-प्रत्यारोप, कभी हां, कभी ना के सस्पेंस व अदालती लड़ाई के बाद आखिरकार दुनिया के सबसे अमीर और अक्सर विवादों में रहने वाले अरबपति इलॉन मस्क ने ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीद लिया या कहें कि उन्हें खरीदना पड़ा। वह अपने विवादास्पद बयानों, हैरान करने वाले फैसलों, असामान्य हरकतों और उलटे-सीधे ट्वीट के लिए भी सुर्खियों में रहते हैं। उन्हें सुर्खियां पसंद हैं- चाहें वे अच्छी हों या बुरी। इस मामले में वह ट्विटर के सुपरस्टार हैं, जहां उनके 11 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं। आइये, एक नजर इस पर डालते हैं कि यह सौदा कैसा हैः ट्विटर यूजर्स की संख्या व लोकप्रियता के मामले में फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिक-टॉक जैसे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से बहुत पीछे है। इस सोशल मीडिया कंपनी का 90 फीसदी से ज्यादा रेवेन्यू विज्ञापनों से आता है। आश्चर्य नहीं कि हमेशा चर्चाओं में रहने, उस पर खबरें ब्रेक होने और राष्ट्रपतियों-प्रधानमंत्रियों से लेकर सिलेब्रिटीज और बड़े पत्रकारों की सक्रिय मौजूदगी के बावजूद वह बीते दस सालों में सिर्फ दो साल ही मुनाफा कमाने में कामयाब हो पाया है। इस कारण कई वित्तीय विश्लेषक ट्विटर की अधिकतम कीमत 30 अरब डॉलर से ज्यादा नहीं मानते। उन्हें लगता है कि मस्क ने महंगी डील की है, जो उन्हें बहुत भारी पड़ सकती है। इस डील के लिए मस्क ने न सिर्फ टेस्ला में अपने शेयर बेचे हैं, बल्कि बैंकों से भी करीब 13 अरब डॉलर का कर्ज लिया है। उन्होंने निवेशकों से वादा किया है कि वह अगले तीन साल में ट्विटर को मुनाफे में ले आयेंगे। मस्क को मालूम है कि ट्विटर को मुनाफे वाली कंपनी बनाने में नाकामी उनकी साख को कमजोर करने के साथ टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी उनकी दूसरी सफल कंपनियों को भी नुकसान पहुंचा सकती है। ट्विटर को मुनाफे में लाने के लिए उन्होंने भारी छंटनी (लगभग 75 प्रतिशत तक) करने, प्रीमियम हैंडल के लिए कुछ फीस वसूलने, विज्ञापन आकर्षित करने के लिए नई और आक्रामक रणनीति अपनाने और इसे ऐसे 'सुपर ऐप' (एवरीथिंग ऐप) में बदलने की घोषणा की है, जिसमें सोशल मीडिया, इंस्टेंट मेसेजिंग सर्विस, यूजर्स के बीच आपसी पेमेंट सर्विस, टैक्सी और ई-कॉमर्स जैसी कई और सेवायें होंगी। लेकिन मौजूदा वैश्विक आर्थिक-वित्तीय संकट का असर सभी बड़ी टेक्नॉलजी कंपनियों-अल्फाबेट (गूगल), मेटा (फेसबुक), माइक्रोसॉफ्ट आदि की कमाई पर पड़ा है। इसी वजह से पिछले एक सप्ताह में इन कंपनियों के शेयरों की वैल्यू में 370 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यही नहीं, बड़ी टेक्नॉलजी खासकर सोशल मीडिया कंपनियों के बीच बढ़ती तीखी प्रतियोगिता के बीच यूरोप, ब्रिटेन से लेकर एशिया तक सरकारें उनके सख्त रेग्युलेशन की ओर बढ़ रही हैं। 'फ्री फॉर ऑल' का जमाना गया। सोशल मीडिया कंपनियों पर अब अपने प्लैटफॉर्म पर पब्लिश्ड कंटेंट की जिम्मेदारी लेने और राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक कंटेंट को मॉडरेट करने का दबाव बढ़ता जा रहा है। मस्क को इसका तुरंत अहसास हो गया, जब उन्होंने ट्विटर के अधिग्रहण के बाद ट्वीट किया कि, 'चिडियां आजाद हो गई' तो यूरोपीय संघ के डिजिटल मीडिया प्रमुख ने जवाब में ट्वीट किया कि, 'यूरोप में चिडियां हमारे नियमों से उड़ेगी' दरअसल, खुद को 'अभिव्यक्ति की संपूर्ण या असीमित आजादी' का पैरोकार बताने वाले मस्क न सिर्फ ट्विटर के कंटेंट मॉडरेशन के आलोचक रहे हैं बल्कि उसके नियमों के उल्लंघन के बावजूद किसी यूजर (जैसे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप) को हमेशा के लिए निलंबित करने के भी विरोधी रहे हैं : इसलिए कयास लगाये जा रहे हैं कि मस्क ट्विटर पर जल्द ही ट्रंप और कंगना रनौत जैसों के स्थायी रूप से निलंबित एकाउंट बहाल कर देंगे। वैसे, वह इस मुद्दे पर फूंक-फूंककर कदम उठा रहे हैं। उन्होंने विभिन्न विचारों वाले एक्सपर्ट की एक कंटेंट मॉडरेशन परिषद बनाने का एलान किया है, जो ट्विटर पर स्थायी रूप से निलंबित एकाउंट को बहाल करने से लेकर कंटेंट मॉडरेशन तक की नीति सुझायेगी। मस्क ने साफ किया है कि ट्विटर अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर 'फ्री फॉर ऑल' हेलस्केप (नरक-नुक्कड़) नहीं होगा जहां परिणाम की चिंता किये बिना कुछ भी कहा जा सकता है।

■ **आनंद प्रधान**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्पेलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# विज्ञान पर इतना भरोसा कि मौत के बाद भी जिंदगी का इंतजार




अमेरिका के एरिजोना में कुछ लोगों के लिए समय और मौत ठहर गई है। तकनीक बेहतर होगी तो उनकी बीमारियां ठीक होंगी।

टैंकों के भीतर तरल नाइट्रोजन भरी है और साथ में रखे हैं शव और सिर। एक दो नहीं पूरे 199। ये वो लोग हैं जिनके दोबारा जिंदा होने की उम्मीद ने इस हाल में रखा है। इस तरह शवों को रखने वाले उम्मीद कर रहे हैं कि भविष्य में विज्ञान इतना विकास कर लेगा कि ये लोग फिर से जिंदा होंगे। शवों को इस तरह रखने का प्रबंध करने वाली एल्कोर लाइफ एक्सटेंशन फाउंडेशन इन लोगों को 'मरीज' कहती है। इन लोगों की जान कैंसर, एएएलएस या फिर इसी तरह की किसी बीमारी से गई जिसका आज इलाज मौजूद नहीं है। इस तरीके से सुरक्षित रखे शवों क्रायोप्रिजर्व्ड कहा जाता है। इन मरीजों में सबसे कम उम्र की हैं माथेरिन नाओवारातपोंग। 2 साल की उम्र में इस थाई बच्ची की ब्रेन कैंसर से 2015 में मौत हो गई। एल्कोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैक्स मूर बताते हैं, उसके मां बाप डॉक्टर थे और उसके दिमाग की कई बार सर्जरी की गई लेकिन दुर्भाग्य से कुछ काम नहीं आया। तो उन लोगों ने हमसे संपर्क किया। गैरलाभकारी फाउंडेशन का दावा है कि वह क्रायोनिक्स की दुनिया में सबसे आगे है। बिटकॉइन के अगुआ हल फिने भी एल्कोर के मरीज हैं। 2014 में उनकी मौत के बाद उनका शव भी इसी तरह यहां रखा गया है।

## ममियों से अलग


मिस्र में हजारों साल पहले मृत्यु के बाद लोगों के शवों को सुरक्षित रखने की परंपरा रही है। राजा, राजपरिवार के सदस्य और दूसरे प्रमुख लोगों के शवों की ममी बना कर उन्हें सुरक्षित रखा जाता था। इसके पीछे धारणा यह थी कि इन लोगों की आत्मा को मृत्यु के बाद अच्छा जीवन मिल सके। ममी बनाने के लिए दिल को छोड़ कर शरीर के अंदरूनी अंगों को बाहर निकाला जाता था। बाहर निकाले जाने वाले अंगों में दिमाग भी शामिल था। इसके बाद शव को सोडियम कार्बोनेट, सोडियम बाइ कार्बोनेट, सोडियम क्लोराइड और सोडियम सल्फेट के एक घोल की मदद से सुखा दिया जाता। इसके बाद बारी आती थी इसके अंदर कई तरह के मसाले भर कर उन्हें सुरक्षित करने की।

कायोप्रिजर्वेशन की प्रक्रिया इससे बहुत अलग है। यह प्रक्रिया किसी व्यक्ति की कानूनी रूप से मौत की घोषणा के बाद शुरू होती है। मरीज के शरीर से खून और दूसरे तरल निकाल दिये जाते हैं और उनकी जगह एक खास रसायन भर दिया जाता है। यह रसायन खासतौर से इसलिए तैयार किया गया है कि वह नुकसान पहुंचाने वाले बर्फ के कणों का बनना रोके। बेहद ठंडे तापमान पर शरीर को कांच जैसा बनाने के बाद मरीजों को एरिजोना के केंद्र में टैंकों के अंदर रख दिया जाता है। मूर का कहना है 'उन्हें यहां तब तक रखा जायेगा जब तक कि तकनीक विकसित नहीं हो जाती।'

## लाखों डॉलर का खर्च

इस तरह यहां रखने पर पूरे शरीर के लिए कम से कम 2 लाख डॉलर का खर्च आता है। केवल दिमाग के लिए यह खर्च 80,000 डॉलर है। एल्कोर के 1,400 जीवित सदस्य इसका भुगतान जीवन बीमा की योजनाओं में कंपनी को बेनिफिशियरी बना कर करते हैं। कंपनी को सिर्फ उतने ही पैसे मिलते हैं जितना इसका खर्च है। मूर की पत्नी नताशा विटा मूर इस प्रक्रिया को पसंद करती हैं और इसे भविष्य की यात्रा मानती हैं। उनका कहना है, 'बीमारी या चोट का इलाज होता है या उन्हें ठीक किया जाता है और आदमी को नया शरीर या फिर पूरा नकली शरीर मिलता है या फिर उनके शरीर को दोबारा तैयार किया जाता है जिसके बाद वो अपने दोस्तों से फिर मिल सकते हैं।'

मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाले बहुत से लोग इस बात से सहमत नहीं हैं। न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी के ग्रोसमान स्कूल ऑफ मेडिसिन के मेडिकल एथिक्स डिविजन के प्रमुख आर्थर काप्लान भी उनमें शामिल हैं। काप्लान का कहना है, 'भविष्य के लिए खुद को जमा देने का ख्याल किसी साइंस फिक्शन जैसा है और यह बहुत भोलापन है। सिर्फ एक ही ऐसा समूह है जो इसकी संभावना को लेकर बहुत उत्साहित है, ये वो लोग हैं जो सुदूर भविष्य को पढ़ते हैं या फिर वो जिनकी इस बात में दिलचस्पी है कि आप इसके लिए पैसा दें।'



# आंत का कैंसर होने पर नजर आ सकते हैं ये लक्षण, ना करें नजरअंदाज

आंत के कैंसर को सेहत के लिए इसलिए भी हानिकारक माना जाता है, क्योंकि सही समय इनका पता ना लगने के कारण आंत का कैंसर शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। यह आपके लिवर सहित फेफड़ों व दिमाग आदि कई अलग-अलग हिस्सों में फैल सकता है। कोलन कैंसर एक प्रकार का कैंसर है जो बड़ी आंत अर्थात कोलन में शुरू होता है। कोलन कैंसर यूं तो किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यह आमतौर पर वृद्ध वयस्कों को प्रभावित करता है। कोलन कैंसर को कभी-कभी कोलोरेक्टल कैंसर भी कहा जाता है। कोलन कैंसर बेहद खतरनाक साबित हो सकता है और इसलिए समय रहते इसकी पहचान व उपचार करना बेहद आवश्यक होता है।

## कोलन कैंसर के लक्षण

**आंत के कैंसर होने पर कुछ लक्षण नजर आ सकते हैं। जैसे-**

- बाउल हैबिट्स में लगातार बदलाव होना, मसलन दस्त या कब्ज होना
- मल में मलाशय से रक्तस्राव होना
- पेट में लगातार बेचैनी, जैसे ऐंठन, गैस या दर्द का अहसास होना
- शौच के बाद पेट के पूरी तरह से खाली ना होना
- कमजोरी या थकान का अहसास होना
- बिना किसी कारण वजन घटना

हालांकि, यह देखने में आता है कि पेट का कैंसर होने पर शुरूआत में कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं। लेकिन जब आपको किसी भी तरह के लक्षण नजर आते हैं तो ऐसे में आपको तुरंत डॉक्टर से मिलकर आवश्यक टेस्ट करवाने चाहिए।

## अन्य अंगों के लिए भी हो सकता है खतरनाक

आंत के कैंसर को सेहत के लिए इसलिए भी हानिकारक माना जाता है, क्योंकि सही समय इनका पता ना लगने के कारण आंत का कैंसर शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। यह आपके लिवर सहित फेफड़ों व दिमाग आदि कई अलग-अलग हिस्सों में फैल सकता है।

## हड्डियों को भी पहुंचा स कता है नुकसान

विभिन्न तरह के कैंसर का शरीर के अन्य अंगों तक पहुंचना सामान्य है, लेकिन वह हड्डियों को नुकसान नहीं पहुंचाते। जबकि आंत के कैंसर होने पर वह हड्डियों तक फैल सकता है। यह एक गंभीर स्थिति है, जिसे बोन मेटास्टेसिस के नाम से जाना जाता है। जब आंत के कैंसर सेल्स ट्यूमर से अलग होकर हड्डियों में फैलता है, तो यह हड्डियों में बढ़ने लगता है। यह एक बेहद ही खतरनाक स्थिति होती है।

**– मिताली जैन**



# छाछ को करें ब्यूटी रूटीन में शामिल मिलेंगे ये जबरदस्त लाभ

छाछ आपकी स्किन की सतह पर मौजूद गंदगी को साफ करके बैक्टीरिया के विकास को नियंत्रित कर सकती है। इसके लिए आप एक कटोरी में 3 बड़े चम्मच छाछ, 1 चम्मच जैतून का तेल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिलाएं। अब आप इसमें थोड़ा सा गुलाब जल डालकर मिक्स करें। छाछ एक डेयरी प्रोडक्ट है, जिसे अक्सर लोग अपने लंच में सेवन करना पसंद करते हैं। इसे कई मायनों में सेहत के लिए लाभकारी माना गया है, लेकिन इसके स्किन और हेयर बेनिफिट्स भी कम नहीं है। यह टैनिंग से लेकर सनबर्न, बालों में रूसी से लेकर रूखेपन की समस्या दूर होती है। आप इसे अपने ब्यूटी रूटीन में कई तरह के शामिल कर सकते हैं और नेचुरल तरीके से अपनी स्किन और बालों की देखभाल कर सकते हैं।

**स्किन को करे क्लीन :** छाछ आपकी स्किन की सतह पर मौजूद गंदगी को साफ करके बैक्टीरिया के विकास को नियंत्रित कर सकती है। इसके लिए आप एक कटोरी में 3 बड़े चम्मच छाछ, 1 चम्मच जैतून का तेल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिलाएं। अब आप इसमें थोड़ा सा गुलाब जल डालकर मिक्स करें। अब आप एक कॉटन बॉल को इस मिश्रण में डिप करें और फिर इसे चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से इसे साफ करें।

**सनटैन को करे दूर :** अगर आप सनटैन के कारण अनइवन स्किन टोन से परेशान हैं तो ऐसे में आप छाछ का इस्तेमाल करें। यह लैक्टिक एसिड से भरपूर होने के कारण प्राकृतिक एक्सफोलिएटर के रूप में काम करता है। जिससे आपकी स्किन इवनटोन होती है। इसके लिए आप एक ब्लेंडर में छाछ, शहद और ताजा एलोवेरा जेल डालकर एक स्मूद पेस्ट बना लें। अब आप इस मिश्रण में गुलाब जल मिलाएं और इससे अपनी स्किन की हल्के हाथों से मालिश करें। करीबन 15-20 मिनट बाद अपना चेहरा धो लें।

**पाएं यंगर स्किन :** छाछ में एंटीऑक्सिडेंट की एक उच्च सामग्री होती है जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करती है। साथ ही, यह आपकी स्किन को मॉइश्चराइज करके एजिंग के साइन्स को कम करती है। इसके लिए आप एक मिक्सर में 2 बड़े चम्मच छाछ, एक मैश केला और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। अब इस पेस्ट को अपनी गर्दन और चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, एक जेंटल क्लींजर की मदद से स्किन को क्लीन करें।

**रूसी को दूर करने के लिए छाछ :** अगर आप रूसी की समस्या से परेशान हैं तो ऐसे में छाछ का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। यह आपकी स्कैल्प को हाइड्रेशन प्रदान करके डैंड्रफ के इलाज में मददगार है। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक बाउल में छाछ, बेसन और जैतून का तेल मिलाकर एक स्मूद कंसिस्टेंसी बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने स्कैल्प और बालों की जड़ों में लगाएं। अब आप हल्के हाथों से मसाज करें और फिर 30 मिनट बाद किसी माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें।

# मीठा खून नहीं, आपकी गंध देती है मच्छरों को न्योता



कुछ लोगों को मच्छर औरों के मुकाबले ज्यादा काटते हैं। ऐसा क्यों होता है, इसकी गुत्थी विज्ञान ने सुलझा ली है। एक नई रिसर्च से पता चला है कि कुछ लोग सचमुच मच्छरों को चुंबक की तरह खींचते हैं। वैज्ञानिकों ने उनकी गंध को इसके लिए जिम्मेदार बताया है। रिसर्च के दौरान देखा गया कि जिन लोगों की तरफ मच्छर ज्यादा आकर्षित होते हैं, उनकी त्वचा पर कई तरह के रसायन पैदा होते हैं और उनसे गंध आती है। इन लोगों के लिए बुरी खबर यह है कि खून चूसने वाले मच्छर लंबे समय तक इस गंध के आकर्षण में रहते हैं।

रिसर्च रिपोर्ट के प्रमुख लेखक और न्यू यॉर्क की रॉकफेलर यूनिवर्सिटी में न्यूरोबायोलॉजिस्ट लेस्ली वोशाल का कहना है, ₹अगर आपकी त्वचा में इस तरह की चीजें ज्यादा हैं, तो आप इनके लिए किसी पिकनिक मनाने की जगह जैसे हैं।₹ हर जगह स्थानीय भाषा और संस्कृति में ऐसी खूब कहानियां सुनी सुनाई जाती हैं कि किसे मच्छर ज्यादा काटेंगे, लेकिन वोशाल का कहना है कि उन दावों के बारे में वैज्ञानिक रूप से कोई सबूत नहीं है।

## गंध से आकर्षित होते मच्छर

मच्छरों को आकर्षित करने के गुण को परखने के लिए वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग किया, जिसमें लोगों की गंध एक-दूसरे में डाली गई। इन प्रयोगों के नतीजे 18 अक्टूबर को जर्नल शेल में छपे हैं।

रिसर्चरों ने 64 वॉलंटियरों को इसके लिए तैयार किया गया। इन लोगों ने नायलॉन के स्टॉकिंग्स अपनी बांहों पर चढ़ाए, ताकि उसमें उनकी गंध आ सके और फिर इन स्टॉकिंग्स को एक लंबी ट्यूब के एक सिरे पर अलग-अलग मच्छरदानियों में रख दिया गया। इसके बाद दर्जनों मच्छर छोड़े गए। रिसर्च में शामिल डे ओबाल्डिया ने बताया, 'जाहिर है कि वो सबसे आकर्षक चीज की ओर ही पहले जाएंगे और यह तुरंत ही साबित भी हो गया।'

प्रयोग में एडिस एजिप्टो मच्छर का इस्तेमाल किया गया, जो पीला बुखार, जीका और डेंगू जैसी बीमारियां फैलाता है। वोशाल का कहना है कि वह मच्छरों की दूसरी प्रजातियों से भी इसी तरह के नतीजों की उम्मीद कर रही हैं। हालांकि इसकी पुष्टि के लिए उन्हें और रिसर्च करने की जरूरत होगी।

## काफी बड़ा है फर्क

रिसर्चरों ने यही काम वॉलंटियरों के बीच बार-बार दोहराया और फिर आखिर में जो नतीजे मिले, उनसे पता चलता है कि फर्क काफी ज्यादा है। सबसे ज्यादा मच्छर जिसकी ओर आकर्षित हुए, वह आखिरी नंबर पर रहे शख्स की तुलना में 100 गुना ज्यादा आकर्षक साबित हुआ।

फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के न्यूरोजेनेटिसिस्ट मैट डेजेनारो इस प्रयोग में शामिल नहीं थे, लेकिन उनका कहना है कि कई सालों तक समान लोगों पर प्रयोग करने के बाद देखा गया कि यह फर्क बना रहा।

## आसान नहीं है छुटकारा

जो लोग मच्छरों को ज्यादा आकर्षित कर रहे थे, उनमें एक चीज सब के अंदर थी। उनकी त्वचा पर कुछ खास अम्ल की मात्रा बहुत ज्यादा थी। ये चिपचिपे कणर त्वचा की प्राकृतिक नमी का हिस्सा हैं और हर इंसान में इनकी मात्रा अलग-अलग होती है। वोशाल का कहना है कि त्वचा पर मौजूद अच्छे बैक्टीरिया इन अम्लों को खा जाते हैं और त्वचा से आने वाली महक में इनकी कुछ हिस्सेदारी होती है।

इन अम्लों से छुटकारा पाना आसान नहीं है। इसके लिए त्वचा की सेहत को नुकसान पहुंचाना पड़ेगा। हालांकि रिसर्च मच्छरों से छुटकारा पाने के नए तरीके विकसित करने में मदद कर सकती है। त्वचा के बैक्टीरिया से निजात पाने के कुछ तरीके हो सकते हैं और इसके जरिये इंसान से आने वाली गंध को बदला जा सकता है। हालांकि फिर भी मच्छरों से लड़ने का तरीका निकालना इतना आसान नहीं है।

रिसर्चरों ने जिन मच्छरों की जीन में बदलाव कर उनके सूंघने की शक्ति को नष्ट करने की भी कोशिश की, वो फिर भी उन लोगों की तरफ गए जिन्हें आकर्षक माना जाता है। वोशाल का कहना है, 'मच्छर बहुत लचीले होते हैं, उनके पास हम तक पहुंचने और काटने के कई दूसरे उपाय होते हैं।'

# विनेगर की मदद से साफ करें वॉशिंग मशीन



वॉशिंग मशीन की सफाई के लिए जहां कुछ लोग क्लोरीन ब्लीच की सिफारिश करते हैं, तो वहीं कुछ लोग व्हाइट विनेगर यूज करते हैं। यह दोनों ही प्रोडक्ट मोल्ड, फफूंदी और रोजमर्रा की गंदगी से निपटने में कारण है। विनेगर एक ऐसा प्रोडक्ट है, जो अक्सर हम सभी की किचन में मौजूद होता ही है। यह खाने के स्वाद को बढ़ाने में तो मदद करता है ही, साथ ही साथ इसे एक बेहतरीन क्लीनिंग प्रोडक्ट के रूप में भी देखा जाता है। विनेगर किसी भी चीज को चमका सकता है, फिर भले ही वह आपकी वॉशिंग मशीन क्यों ना हो।

## वॉशिंग मशीन के लिए ब्लीच या सिरका

वॉशिंग मशीन की सफाई के लिए जहां कुछ लोग क्लोरीन ब्लीच की सिफारिश करते हैं, तो वहीं कुछ लोग व्हाइट विनेगर यूज करते हैं। यह दोनों ही प्रोडक्ट मोल्ड, फफूंदी और रोजमर्रा की गंदगी से निपटने में कारण है। हालांकि, सफेद सिरका अत्यधिक अम्लीय होता है, इसलिए यह अवांछित चिपचिपेपन को भी खत्म करने में मदद करता है। इसके अलावा, यह गंध को भी दूर करने में प्रभावी हैं। चूंकि, सफेद सिरका ब्लीच इसलिए वॉशिंग मशीन की क्लीनिंग के लिए इसका इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार करें।

## ऐसे करें वॉशिंग मशीन की सफाई

वॉशिंग मशीन की क्लीनिंग के लिए आप पहले मशीन में गर्म पानी डालें और उसमें लगभग दो कप सफेद सिरका डालें। अब आप अपनी मशीन को चलाएं। करीबन पांच मिनट बाद मशीन बंद करें और 2-3 घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब आप पानी खाली करें और फिर एक बार साफ पानी का चक्र चलाएं।

## सिरके से करें स्प्रे

वॉशिंग मशीन के ड्रम को क्लीन करने के लिए तो आप सिरके का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन मशीन के अंदर छोटे-छोटे स्थान जैसे रबर गैसकेट आदि पर भी साबुन का मैल व फंफूदी जमा हो जाती है। ऐसे में उसे क्लीन करने के लिए आप सिरके को उस स्थान पर स्प्रे करें। इसके बाद आप टूथब्रश की मदद से उसे क्लीन करें। इस तरह आप वॉशिंग मशीन को डीप क्लीन कर सकते हैं।

## अन्य जरूरी टिप्स

अगर आपकी वॉशिंग मशीन बहुत अधिक गंदी हो चुकी है तो हो सकता है कि सिर्फ विनेगर से वह अच्छी तरह क्लीन ना हो। ऐसे में आप विनेगर के साथ-साथ बेकिंग सोडा को भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। आय की स्थिति में सुधार होगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**वृष राशि :** कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**मिथुन राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क राशि :** आलस्य भी अधिक हो सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**सिंह राशि :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यभार और आय में वृद्धि हो सकती है, परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे।

**कन्या राशि :** बातचीत में भी सन्तुलित रहें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानसिक शान्ति रहेगी।

**तुला राशि :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिक राशि :** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखें।

**धनु राशि :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर राशि :** पिता का सानिध्य मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शांति रहेगी।

**कुंभ राशि :** बौद्धिक कार्यों में सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मीन राशि :** मन परेशान रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। बातचीत में संयत रहें।





## न्यूज गैलरी

### माता-पिता ने आठ लाख में कराया शराबी बेटे का मर्डर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में शराबी बेटे के अत्याचारों से तंग आकर माता-पिता ने ही उसकी हत्या के लिए आठ लाख की सुपारी दे दी। मृतक साईं राम का पिता क्षत्रिय राम सिंह एक सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल है। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें मारे गये लड़के के माता-पिता, मामा और सुपारी लेनेवाले चार अन्य लोग शामिल हैं। मृतक साईं राम की उम्र 26 साल थी और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह पढ़ाई छोड़ चुका था और शराब के लिए पैसे न देने पर अपने माता-पिता को पीटता था। तंग आकर माता-पिता ने उसके मर्डर की सुपारी दे दी। आरोपियों ने मृतक को मंदिर ले जाने के बाद शराब पिलाई और फिर रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

### आईटीबीपी के जवान सीख रहे मार्शल आर्ट



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गये थे। वहीं, अमेरिकी न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें चीन के 38 सैनिक भी मारे गए थे। चीन बॉर्डर पर तैनात आईटीबीपी के जवानों को अब बिना हथियार के लड़ने की ट्रेनिंग दी जा रही है। 44 हफ्ते तक चलनेवाली इस ट्रेनिंग अभियान में सैनिकों को 15 स्टेप्स सिखाए जाएंगे। इससे प्रशिक्षित जवान बर्फीले तूफान, हिमस्खलन और ऑक्सीजन की कमी जैसी परिस्थितियों का भी सामना कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सैनिकों को ट्रेनिंग के दौरान जूडो, कराटे, क्राव मागा और जापानी मार्शल आर्ट सिखाए जाएंगे। इसका मकसद चाकू या डंडे से लैस चीनी सैनिकों का मुकाबला करना है। वहीं ट्रेनिंग के बाद जवान को बॉर्डर के एक पोस्ट पर सिर्फ 90 दिन के लिए ही तैनात करने की प्लानिंग है। गलवान घाटी में हिंसक झड़प के बाद 2021 में आईटीबीपी के तत्कालीन महानिदेशक संजय अरोड़ा ने अन-आर्म्ड कॉम्बैट स्ट्रैटजी बनाने का निर्देश दिया था। दरअसल, समझौते के तहत चीन सीमा पर फायर आर्म्स का उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसलिए वहां सैनिक लाठी-डंडे लेकर ही मॉनिटरिंग करते हैं।

# सऊदी अरब पर ईरान कर सकता है हमला

## खुफिया जानकारी सामने आते ही अलर्ट पर अमेरिका और सऊदी अरब की सेना

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सऊदी अरब ने अमेरिका के साथ खुफिया जानकारी साझा की है, जिसमें कहा गया है कि ईरान सऊदी में कई टार्गेट पर हमला कर सकता है। इस जानकारी के सामने आते ही खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया

- ईरान में लगातार चल रहा है हिजाब से जुड़ा प्रदर्शन
- सऊदी का कहना है कि ध्यान भटकाने के लिए ईरान कर सकता है हमला

है। सऊदी और अमेरिकी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने कहा खुफिया जानकारी के जवाब में सऊदी अरब, अमेरिका और कई अन्य पड़ोसी देशों ने अपने सैन्य बलों के लिए अलर्ट का स्तर बढ़ा दिया है। सऊदी को किस तरह की जानकारी मिली है, इसके बारे में अधिकारियों ने नहीं बताया। सऊदी



के अधिकारियों का कहना है कि सितम्बर से ही ईरान में प्रदर्शन चल रहे हैं। घरेलू कलह से ध्यान हटाने के प्रयास में सऊदी और इराक पर हमला करने की तैयारी कर रहा है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि वह इन चेतावनियों के बारे में चिंतित हैं और अगर ईरान ने हमला किया तो वह जवाब देने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने कहा कि हम खतरे को लेकर चिंतित हैं। खुफिया चैनलों के माध्यम से हम लगातार सऊदी के संपर्क में हैं। हम मिडल ईस्ट में अपने हितों और भागीदारों की रक्षा से संकोच नहीं करेंगे।

**सितम्बर में ईरान ने इराक पर किया था हमला :** सितम्बर के अंत में ईरान ने दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइल और आर्म्ड ड्रोन के जरिये उत्तरी इराक पर हमला किया है। एक ड्रोन को अमेरिकी युद्धक विमान ने मार गिराया था, क्योंकि वह अरबील शहर की ओर बढ़ रहा था जहां अमेरिकी सेना का बेस है। ईरानी अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से सऊदी अरब पर अमेरिका और इजरायल के साथ देश में प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया है। पिछले महीने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर ने सऊदी अरब को विरोध प्रदर्शन की टीवी कवरेज पर लगाम लगाने के लिए चेतावनी दी थी।

### कमांडर ने दी थी धमकी

**कमांडर** ने कई फारसी टीवी चैनलों पर लगाम लगाने को कहा था, जिसमें सऊदी के समर्थनवाला ईरान इंटरनेशनल भी शामिल था। मेजर जनरल हुसैन सलामी ने कहा था कि यह हमारी आखिरी चेतावनी है, क्योंकि आप इन मीडिया के माध्यम से हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक ईरान इंटरनेशनल लंदन में सऊदी अरब द्वारा गठित एक नेटवर्क है जो पूरी तरह से ईरान के खिलाफ काम करता है।

# पुतिन ने बेलारूस में तैनात की हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइल किंझल, निशाने पर लंदन!



**मास्को/लंदन (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध में अरबों डॉलर के हथियार दे रहे पश्चिमी देशों को रूस ने अब खुली चेतावनी दी है। रूस ने आधुनिक ब्रह्मास्त्र कही जाने वाली किंझल हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइल को अपने पड़ोसी देश बेलारूस में तैनात किया है। बेलारूस की सैटलाइट से मिली तस्वीरों के आधार पर ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने इसका खुलासा किया है। इस खुलासे के बाद ब्रिटेन दहशत में आ गया है और हो भी क्यों न। यूरोपीय देशों के करीब बेलारूस में परमाणु बम गिराने वाली मिसाइल तैनात करने के बाद अब

- यूक्रेन युद्ध में अरबों डॉलर के हथियार दे रहे पश्चिमी देशों को रूस ने दी अब खुली चेतावनी
- बेलारूस की सैटलाइट से मिली तस्वीरों के आधार पर ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने इसका खुलासा किया

रूस जब चाहे लंदन को तबाह कर सकता है। रूस की किंझल मिसाइल को नाटो देश किलजॉय और रूसी डैगर के नाम से बुलाते हैं। यह मिसाइल साल 2018 से ही रूसी हथियारों के जखीरे में शामिल है। यह मिसाइल 2000 किमी की दूरी तक किसी भी लक्ष्य को तबाह करने की ताकत रखती है। इस महाविनाशक मिसाइल में 1000 पाउंड के विस्फोटक या एक परमाणु बम लगाया जा सकता है। बेलारूस से लंदन की दूरी मात्र 1800 किमी है और इस तरह से ब्रिटेन अब इस मिसाइल की रेंज में आ गया है।

**ध्वनि की 12 गुना रफ्तार से उड़ती है किंझल :** यूक्रेन युद्ध में ब्रिटेन और अमेरिका ने यूक्रेन का जमकर साथ दिया है और इन दोनों देशों ने अरबों डॉलर के हथियारों की आपूर्ति यूक्रेन को की है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने एक तस्वीर जारी की है जिसमें रूस के दो मिग-31के फॉक्सहाउंड जेट नजर आ रहे हैं। ये फाइटर जेट किंझल हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस हैं जिसे हवा से ही लॉन्च किया जा सकता है। रूस की किंझल मिसाइल ध्वनि की 12 गुना रफ्तार से उड़ती है। एक बार इसके लॉन्च हो जाने के बाद उसे किसी रडॉर से पकड़ पाना या तबाह कर पाना लगभग असंभव है।

# सऊदी अरब ने नेपाली वर्कर को तलवार से गला काट कर दी मौत की सजा

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब की सरकार ने नेपाल की ओर से की गयी तमाम अपील को खारिज करते हुए हत्या के दोषी नेपाली कामगार को गला काटकर मौत की सजा दे दी है। इस नेपाली वर्कर बिबेक दहल को हत्या और वहशीपन का दोषी पाया गया था। बिबेक दहल नेपाल के उदयापुर जिले का रहनेवाला था। यह नेपाली नागरिक साल 2014 से ही सऊदी अरब की जेल में बंद था। नेपाली मीडिया के मुताबिक हाल ही में उसे जुबैल जेल ले जाया गया जहां गला काटकर मौत की सजा दे दी गयी। सऊदी अरब में नेपाल के राजदूत ने इस क्रूर सजा की पुष्टि की है। नेपाल के राजदूत नवराज सुबेदी ने बताया कि दहल को 23 अक्टूबर को गला काटकर मौत की सजा दी गयी। सऊदी अरब के रवैये का आलम यह रहा कि नेपाल को बताया तक नहीं गया कि उसके नागरिक को मौत की सजा दी जा रही है। सऊदी अरब में मौत की सजा बहुत ही क्रूर तरीके से दी जाती है। नियमों के मुताबिक अपराधी का तलवार से गला काटा जाता है। यही नहीं कई बार तो अपराधी का गला काटे जाने के बाद उसके शव को टांग दिया जाता है।

**सऊदी अरब के राजदूत को तलब किया :** नेपाली अखबार काठमांडू पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दहल के मामले में उसके शव को दफना दिया गया। इस क्रूर घटना की जानकारी मिलने के बाद नेपाल भड़क उठा है और उसने सऊदी अरब के राजदूत को तलब किया है। नेपाल के विदेश सचिव भारत राज पौडयाल ने सऊदी अरब के राजदूत को बुलाया और बार-बार की गयी क्षमादान की अपील को ठुकराये जाने पर नेपाल सरकार की ओर से अपना कड़ा ऐतराज दर्ज कराया।

## तालिबान ने यूनिवर्सिटी के बाहर छात्राओं पर बरसाये कोड़े

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान बदख्शां यूनिवर्सिटी के बाहर बुर्का का विरोध कर रही लड़कियों पर तालिबान के अफसर ने कोड़े बरसाए। यह घटना रविवार की है, लेकिन वीडियो अब वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, लड़कियां भाग रही हैं और तालिबानी उनका पीछा करते हुए कोड़े बरसा रहा है। पूर्वी अफगानिस्तान के बदख्शां यूनिवर्सिटी में यह विवाद 30 अक्टूबर को शुरू हुआ था, जब प्रशासन ने बुर्का पहनकर नहीं आने वाली लड़कियों को क्लास रूम से वापस जाने के लिए कहा था। लड़कियों ने इसके बाद राइट टु एजुकेशन को लेकर प्रोटेस्ट शुरू कर दिया। 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर कब्जा कर लिया था। मई 2021 में अमेरिकी सैनिकों के जाने के बाद तालिबान को 20 साल बाद दोबारा काबुल की सत्ता मिली थी।

## एक दूजे के हुए तीन फीट के बुशरा-अजीम

### निकाह के बाद बोले- लग रहा बहुत बेहतरीन

**हापुड़ (एजेंसी)।** आज का दिन शामली के कैराना में रहनेवाले तीन फीट के अजीम मंसूरी के लिए काफी अहम रहा। आज उनका सालों पुराना सपना पूरा हो गया। आखिरकार अजीम को अपनी सपनों की रानी मिल गई। अजीम का निकाह हापुड़ की रहनेवाली बुशरा से हो गया। बुशरा की हाइट भी तीन फीट है। इस शादी को लेकर दोनों परिवार बहुत खुश हैं। निकाह होने के बाद परिवार के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। निकाह के बाद अजीम ने कहा कि आज का दिन मुझे बहुत बेहतरीन लग रहा है। मेरा निकाह हो चुका है। अब मैं अपनी बेगम को साथ ले जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मेरी बेगम बेहद खूबसूरत है। मेरा परिवार अपनी नयी बहू के आने पर बहुत खुश है। कुछ ही देर में हम उसको विदा करा लेंगे। मैं उसको सबके सामने अंगूठी भी पहनाऊंगा।



### कनाडा का भारतीयों के लिए बड़े तोहफे का ऐलान

# हर साल पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगा वीजा

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा ने अप्रवासियों के लिए एक बड़े तोहफे का ऐलान किया है, जिसका सबसे अधिक फायदा भारतीयों खासकर पंजाबियों को मिलेगा। कनाडा ने अप्रवासियों की वीजा संख्या में एक बड़ी वृद्धि की घोषणा की है, जिसमें 2025 तक एक वर्ष में पांच लाख लोगों को देश में लाने का लक्ष्य है। आप्रवासन मंत्री सीन फ्रेजर ने मंगलवार को बताया कि नयी योजना परिवार के सदस्यों और शरणार्थियों के साथ-साथ आवश्यक कार्य कौशल और अनुभव के साथ अधिक स्थायी निवासियों को स्वीकार करने पर जोर देती है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी ने भी सरकार की इस योजना का स्वागत किया है। आव्रजन मंत्री सीन फ्रेजर ने मंगलवार को नये लक्ष्यों का खुलासा करते हुए कहा कि कनाडा की आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए यह कदम जरूरी है। उन्होंने कहा कि कनाडा के उद्योग एक बड़ी श्रम कमी का सामना कर रहे हैं। देशभर में करीब दस लाख नौकरियां खाली हैं। नयी योजना में उन अप्रवासियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया है, जिन्हें अगले तीन वर्षों में अपने कार्य कौशल या अनुभव के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा और शरणार्थियों की संख्या में कमी आयेगी। नयी योजना सांख्यिकी कनाडा द्वारा रिपोर्ट किये जाने के कुछ दिनों बाद आयी है कि देश में रिकॉर्ड 23 प्रतिशत लोग अप्रवासी या स्थायी निवासी हैं।




# ओरेवा को बिना टेंडर दिया था मोरबी पुल का कॉन्ट्रैक्ट

**मोरबी (एजेंसी)।** मोरबी के सस्पेंशन ब्रिज की मरम्मत का काम ओरेवा कंपनी को बिना टेंडर के ही दे दिया गया था। यह खुलासा गुजरात पुलिस के कोर्ट में दिये हलफनामे से हुआ है। मोरबी के एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर एचएस पंचाल ने बताया कि ब्रिज की मरम्मत के लिए कोई टेंडर जारी नहीं किया गया। नगर पालिका ने सीधे ही ओरेवा कंपनी से पुल की मरम्मत का कॉन्ट्रैक्ट कर लिया था। पंचाल ने बताया कि फोरेंसिक रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिज की केबलें काफी पुरानी थीं और उनमें जंग लग चुका था। मरम्मत के दौरान केबलों की ऑयलिंग-ग्रीसिंग भी नहीं की गई थी। ब्रिज के लकड़ी के बेस को बदलकर एल्युमिनियम की चार लेयर वाली चादरें लगा दी गईं। इससे पुल का वजन बढ़ गया। पुरानी केबलें यह लोड संभाल नहीं सकीं और भीड़ बढ़ते ही ब्रिज टूट गया।

**रिमांड अर्जी में लिखा- कंपनी ने केवल फ्लोर बदला :** ब्रिज टूटने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें मोरबी की मजिस्ट्रियल कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों की रिमांड के लिए पुलिस ने हलफनामा पेश किया। सरकारी वकील पंचाल ने बताया कि पुलिस ने रिमांड अर्जी में लिखा है कि मरम्मत के दौरान ब्रिज के स्ट्रक्चर की मजबूती पर काम ही नहीं किया गया। केवल फ्लोर से लकड़ी हटाकर एल्युमिनियम की चादरें लगा दी गईं। सरकारी वकील पंचाल ने बताया कि फोरेंसिक साइंस लैब की जांच में पता चला है कि जिन चार केबलों पर ब्रिज टिका था, छह महीने की मरम्मत के दौरान उन्हें नहीं बदला गया था। फोरेसिंक एक्सपर्ट के मुताबिक बेहद पुरानी हो चुकीं केबलें नयी फ्लोरिंग समेत लोगों का भार नहीं सह सकीं और ज्यादा वजन से केबलें टूट गयीं। गुजरात पुलिस ने मंगलवार को मजिस्ट्रियल कोर्ट में पुल हादसे की फोरेंसिक रिपोर्ट दाखिल की थी। पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि जिन ठेकेदारों को पुल रिपेयर का काम दिया गया था, वे इसे करने के लिए योग्य नहीं थे। वे सस्पेंशन ब्रिज की तकनीक और स्ट्रक्चर की मजबूती के बारे में जरूरी जानकारी नहीं रखते थे। लिहाजा उन्होंने पुल की ऊपरी सजावट पर ही फोकस किया। इसीलिए पुल देखने में तो चुस्त-दुरुस्त नजर आ रहा था, लेकिन अंदर से वह कमजोर हो चुका था।

### कंपनी ने जंग लगी केबलें तक नहीं बदलीं






## न्यूज गैलरी

### मैंने प्रेस कांफ्रेंस कर इन मुद्दों को पुख्ता सबूत के साथ सामने रखा था : रघुवर दास

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने आरोप लगाया है कि हेमंत राज में प्राकृतिक संसाधनों की लूट मची हुई है। जब भी हेमंत सरकार सत्ता में आयी है, अखबार बालू-पत्थर की लूट, ट्रांसफर-पोस्टिंग में वसूली जैसी खबरों से भरे रहते हैं। श्री दास ने कहा कि जल-जंगल-जमीन के नाम पर सत्ता पानेवाली हेमंत सरकार ने इनका ही सौदा करना शुरू कर दिया। फरवरी में मैंने प्रेस कांफ्रेंस कर इन मुद्दों को पुख्ता सबूत के साथ सामने रखा था। अब जांच में भी सारे तथ्य सामने आ रहे हैं। आज राज्य की परिस्थिति के लिए हेमंत जिम्मेवार हैं। सबूत मिलने के बाद भी अपने विधायक प्रतिनिधि को नहीं हटानेवाले हेमंत जी से इस्तीफे की उम्मीद बेमानी है।

### हेमंत सरकार के 32 महीने के शासन काल में झारखंड बन चुका है भ्रष्टाचार का प्रतीक : भाजपा

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि हेमंत सरकार के 32 महीने के शासन काल में झारखंड भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका है. उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार को संरक्षण देने में मुख्यमंत्री की सीधी भूमिका है, उन्होंने स्वयं अपने नाम पर खनिज खदान का आवंटन लेने का काम किया और यह सब उन्होंने सिर्फ अपने ही नाम पर नहीं बल्कि अपने करीबियों के भी. मुख्यमंत्री ने नियम व कानून के विपरीत अपने प्रेस सलाहकार, पत्नी, साली, विधायक प्रतिनिधि सबको लाभ पहुंचाने का काम किया. संथाल परगना के क्षेत्र में प्रकृति ने झारखंड को बहुत कुछ दिया है और उसी प्रकृति के हमारे मिनरल्स के भी कई पहाड़ों को सफाचट करने का काम अपने प्रतिनिधि से कराया. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कानून अपना कार्य कर रही है और कानून के हाथ लंबे होते हैं,इससे कोई बच नहीं सकता है ऐसा जनता को विश्वास है. ईडी एक स्वतंत्र संस्था है और जो भी व्यक्ति आर्थिक अपराध करेगा या राज्य को लूटने में या यहां के खनिज संपदा को लूटने में संलग्न रहेगा, भ्रष्टाचार करेगा तो ईडी कार्यवाई करेगी ही।

### रांची के चार साई भक्त की शिरडी पदयात्रा छह से

रांची। रांची से चार साईं भक्त 1850 किमी की पदयात्रा कर महराष्ट्र के शिरडी साईं मंदिर जाएंगे। वे अपने साथ बाबा की पालकी लेकर जाएंगे। पदयात्री छह नवंबर को रांची से शिरडी के लिए रवाना होंगे। इनमें ओम श्री साई सेवा मंडल के मनीष अग्रवाल, बैजनाथ अग्रवाल, जयकिशन अग्रवाल, रोशन अग्रवाल और राहुल अग्रवाल शामिल रहेंगे। सभी 15 किलो वजन की लकड़ी की पालकी के साथ हर दिन 30 से 40 किमी की यात्रा तय करेंगे। इनके साथ साई रथ भी चलेगा। यात्रा के दौरान हर दिन बाबा को भोग, आरती, कीर्तन के बाद संध्या आरती और फिर विश्राम होगा। संगठन के सचिव मनोज कुमार और मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत ने बताया कि यात्रा के दौरान सभी सात्विक भोजन ग्रहण करेंगे।

### दूसरे चरण का 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# सभी नोडल पदाधिकारियों बीडीओ, सीओ को दिये दिशा-निर्देश



◆मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर भी उपायुक्त ने बड़े पैमाने पर आवेदन जेनरेट करने का निर्देश दिया।

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। राज्य सहित जिले भर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण जारी है। 14 नवंबर 2022 तक प्रतिदिन जिले के विभिन्न प्रखंडों के चयनित पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे चरण में फोकस्ड स्कीम को लेकर उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने आज दिनांक 02 नवंबर 2022 को वर्चुअल माध्यम से बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त रांची श्री विशाल सागर, सभी नोडल पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पीएमयू सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण में फोकस्ड स्कीम में ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिए। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी और राशन कार्ड को लेकर उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सावित्रीबाई फूले सुकन्या समृद्धि योजना के तहत कोई भी किशोरी ना छूटे। उन्होंने विभिन्न स्कूल के प्रिंसिपल, बीआरपी-सीआरपी और अभिभावकों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर किशोरियों को योजना का लाभ देने को कहा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर भी उपायुक्त ने बड़े पैमाने पर आवेदन जेनरेट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पर्याप्त संख्या में वैकेंसी है, आवेदन प्राप्त कर लोगों को राशन कार्ड उपलब्ध कराएं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले चरण में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अब तक पहले चरण के प्राप्त आवेदनों का 80% निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने 7 नवंबर तक सभी आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## रांची की बेटी अर्चना कुमारी, को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डाक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। रांची, अरगोड़ा की रहने वाली अन्तर्राष्ट्रीय योग खिलाड़ी अर्चना कुमारी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डाक्टरेट की उपाधि से देव संस्कृति विश्वविद्यालय ( गायत्री कुंज, शांतिकुंज, हरिद्वार, उत्तराखंड ) के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया। दीक्षांत समारोह विश्वद्यिलय के कैम्पस में दिनांक-1 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया था। समारोह में कुलाधिपति डा. प्रणव पाण्ड्या, डॉ शैलबाला पाण्ड्या (अध्यक्ष अखिल विश्व गायत्री परिवार) मौजूद थे। डा. अर्चना कुमारी ने योग विषय में ऐ स्टडी ऑफ द इफेक्ट ऑफ द यौगिक इंटरवेंशन ऑन इमोशनल इंटेलिजेंसी अमंग कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स नामक शीर्षक पर अपना शोध प्रस्तुत किया। डा. अर्चना कुमारी ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय (गायत्री कुंज, शांतिकुंज, हरिद्वार, उत्तराखंड) के डा. कामता प्रसाद साहु, एसोसिएट प्रोफेसर के निदेशन में अपना शोध कार्य पूरा किया।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**जिला स्तरीय कार्यालय प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401**
दूरभाष-(06541) 253924,7992450367
Email:chatrajepc@ymail.com

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)
(अति अल्पकालीन)

DMFT/SCA मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये JEE coaching program के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | 09/11/2022, अपराह्न 5 बजे तक |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान | : | समग्र शिक्षा कार्यालय, चतरा |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 10/ 11/2022, अपराह्न 1 बजे से |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यून्तम) |
|---|---|
| JEE | 100 |

नोट:-उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा
PR281169 (Jharkhand Education Project Council)22-23*D

## दो नवंबर को दूसरे चरण के प्रशिक्षण की शुरूआत की गयी



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। टीआरटीसी चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । 02 नवंबर बुधवार को दूसरे चरण के दूसरे दिन अर्थात प्रशिक्षण के दसवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया । प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार, राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी व चंद्रेस्वर ओझा ने किया जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा । मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के दसवें दिन टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया(18) एवं सगरकत्ता ग्राम के 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो(20) ओर पेटापेटी(20) ग्राम के 40, कुल 76 प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षित किया । प्रशिक्षकों द्वारा मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमखियो से संबंधित रोग, उपचार ,बकछूट को पकड़ना, असली व नकली मधु की पहचान इत्यादि विषयों को व्यवहारिक वह प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया , साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया तथा पूर्व व वर्तमान में पढ़ाये गये विभिन्न विषयों को प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया।

## नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। भारतीय राजनैतिक इतिहास में संभवत यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को किसी एजेंसी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। भ्रष्टाचार के इतने बड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाना, यह लोकतांत्रिक इतिहास की काली घटना है और नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने एक बयान जारी करके कही। सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मुख्यमंत्री के आसपास के लोग भ्रष्टाचार के आरोप में या तो जेल में बंद हैं, या जांच एजेंसी के समक्ष हाजिर हो रहे हैं। राज्य में जहां-जहां भी ईडी ने छापेमारी की है, वहां से कुछ न कुछ बरामद हुआ है। मतलब साफ है कि राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। मधु कोड़ा के शासनकाल से भी बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार झामुमो के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में हुआ है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री को भी जांच एजेंसी का सम्मन मिलना, यह प्रमाणित करता है कि इस भ्रष्टाचार की कहानी में में कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने निष्ठा, सुचिता और नैतिकता के साथ जिस संविधान की शपथ ली है। यह उस संविधान का अपमान है। मुख्यमंत्री को चाहिए कि लोकतंत्र और संवैधानिक मयार्दाओं की रक्षा करते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। देश की न्याय प्रक्रिया, देश की कानून व्यवस्था और देश के न्यायालय पर विश्वास जताएं। एजेंसियों को जांच में सहयोग करें।

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।**

निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0-निविदा सूचना संख्या- DWSD/FULL/COVRG/KNC/RPWSS/CH/30/2022-23 (1st Call) दिनांक 14.10.2022 द्वारा सम्पूर्ण कान्हाचट्टी आच्छादित ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का कार्य जिसका P.R. No. 279995 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
PR 281199 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) चतरा।

## ट्रस्ट की महिला समिति की सदस्यों ने निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में महिला समिति की महिला सदस्यों ने बुधवार को अवाला नवमी के सुअवसर पर बुधवार बुधवार को पुंदाग थाना के पीछे निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग के प्रांगण में लगभग 1000 जरूरतमंद बच्चों महिलाओं और पुरुषों के बीच निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में खीर, पुड़ी, आलु चना की सब्जी एवं भेजीटेबुल पुलाव का वितरण किया गया। आज महिला समिति की बुजुर्ग सदस्या विधा देवी अग्रवाल एवं उर्मिला पाडिया की उपस्थिति में भंडारे का वितरण किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण करने पर महिला समिति की सदस्यों में बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा था। आवला नवमी के अवसर पर जरूरतमंदों एवं भुखों को भोजन खिलाने से इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं हो सकता है। आज की सेवा का महान कार्य श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के सदस्यों के सहयोग से संस्था की महिला समिति की सदस्यों के द्वारा किया गया।

## बरियातू थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पुलिस पर किया हमला

रांची। राजधानी रांची में अपराधियों के मनोबल इस कदर बढ़े हुए हैं कि अब वह पुलिस कर्मियों की पिटाई से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। ताजा मामला देर रात बरियातू थाना क्षेत्र का है, जहां अपराधियों को पकड़ने गई दो दरोगाओं को अपराधियों ने जमकर पीटा और सिर फोड़ दिया है। नुकीले हथियार से दरोगा पर हमला कर सभी अपराधी भागने में कामयाब रहे। घायल दरोगा का नाम अविनाश और हेमंत है। बरियातू थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी छिनतई की घटना को अंजाम देकर पहाड़ के नजदीक बैठे हुए हैं। अपराधियों को दबोचने के लिए आनन-फानन में बरियातू थाना के दो दरोगा अविनाश कुमार और हेमंत भोक्ता बरियातू पहाड़ के पास पहुंच गए। दोनों के वहां पहुंचते ही अपराधियों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि अपराधी भी दो ही थे। हमले के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए।

Email : eedwsd.chatra01@gmail.com
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

निविदा रद्द संबंधि सूचना

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई0-निविदा सूचना संख्या- DWSD/FULL/COVRG/GID/RPWSS/ CH/29/2022-23 (1st Call) दिनांक 14.10.2022 द्वारा सम्पूर्ण गिद्धौर आच्छादित ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना का कार्य जिसका P.R. No. 279990 (Drinking Water & Sanitation) 2022-23 है, को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
चतरा
PR 281198 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## पृष्ठ एक के शेष

**सीएम सुरक्षा प्रभारी ने ईडी को...**

उनकी कोई भूमिका प्रेम प्रकाश के साथ बॉडीगार्ड की तैनाती में नहीं थी। गौरतलब है कि ईडी ने 24 अगस्त को प्रेम प्रकाश के शैलोदय हरमू स्थित आवास में छापेमारी की थी। तब अलमारी से दो एके-47 हथियार बरामद किये गये थे। बाद में यह पुष्टि हुई थी कि ये हथियार सीएम सुरक्षा में तैनात जवान मुकेश कुमार व श्यामल होरो के थे। दोनों जवानों ने ईडी को दिये बयान में बताया था कि छापेमारी के एक दिन पहले वह प्रेम प्रकाश के आवास पर गये थे, उनका पूर्व परिचय वहां के कर्मचारियों से था, लेकिन बारिश की वजह से वह हथियार को अलमारी में लॉक कर निकल गये थे।

**न लिखित और न मौखिक आदेश दिया :** सीएम सुरक्षा के वरीय प्रभारी ने ईडी को लिखे पत्र में बताया है कि प्रेम प्रकाश के साथ सीएम हाउस में तैनात जवानों को भेजने का कोई आदेश उन्होंने लिखित या मौखिक तौर पर भी नहीं दिया था। ईडी सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में सुरक्षा प्रभारी ने खुद को बेगुनाह बताया है, लेकिन ईडी यह साबित करने में जुटी है कि प्रेम प्रकाश के रसूख के कारण ही उसे सीएम हाउस का गार्ड देने का फैसला लिया गया था।

**भारत अनिश्चितता के इस दौर में...**

हुए राष्ट्रीय गति शक्ति मास्टर योजना का उल्लेख किया जिसमें भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के वृहद योजना के साथ-साथ वर्तमान बुनियादी ढांचे का मानचित्र भी तैयार किया गया है और आखिरी कड़ी को जोड़ने का भी बारीकी से ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत में उत्पाद और सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। श्री मोदी ने कहा कि भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी पर आधारित विनिर्माण के नये दौर में कदम रखा है। इस नयी औद्योगिक क्रांति में युवाओं की भूमिका को देख कर दुनिया चकित है। भारत के युवा बीते कुछ वर्षों में ही देश में 100 से ज्यादा यूनीकार्न खड़े कर चुके हैं। (यूनिकार्न उन कंपनियों को कहा जाता है जिनकी हैसियत एक अरब डालर से अधिक है और जो नए विचारों पर केंद्रित हैं)। पिछले आठ साल में भारत में 80 हजार से ज्यादा स्टार्टअप इकाइयां पंजीकृत होने का भी प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आज भारत जो ऊंचाई हासिल की है वह दुनिया के लिए उदाहरण है। पिछले आठ वर्ष में देश की नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता में तीन गुना वृद्धि हुई है और सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में देश में 20 गुना वृद्धि दर्ज की है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के सामने नयी-नयी मिसाल स्थापित कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि प्रतिभा विकास पर सरकार विशेष जोर दे रही है। भारत में नये तकनीकी और प्रबंधन विश्वविद्यालयों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। दस साल पहले देश में 70 के करीब हवाई अड्डों का परिचालन हो रहा था, इनकी संख्या बढ़कर 140 तक पहुंच गयी है और नये हवाई अड्डों का विकास किया जा रहा है। दस साल पहले देश के सामने नीतिगत मुद्दों को लेकर बड़ी चुनौती थी सरकार ने उसे देश को बाहर निकाला है। श्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक वैश्विक निवेश सम्मेलन जैसे आयोजन राज्यों में हो रहे हैं, यह देश में सहकारी संघवाद और प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद का एक बेहतर नमूना है। राज्य आज खुद खास खास क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए दूसरे देशों की इकाइयों के साथ समझौते कर रहे हैं।

**कोरोनार के बाद बेअसर...**

इसकी वजह है उच्च प्रतिरोधक क्षमता वाले पैथोजंस। अक्सरहां पैथोजन क्रमिक विकास करते हुए मजबूत होते जाते हैं, लेकिन दवाओं के अत्यधिक या गलत इस्तेमाल से ये प्रक्रिया और तेज हो सकती है। इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में मेडिकल केयर के अच्छे और विस्तृत ढांचे के अभाव ने इस मुश्किल को बहुत ज्यादा बढ़ाया है। अस्पतालों में इंफेक्शन कंट्रोल में कमजोरी और डायग्नोस्टिक सपोर्ट की कमी इसकी दो मुख्य कारण हैं।

**सीएम ने साहिबगंज में कई योजनाओं का...**

रुपये के हिसाब से प्रति किसान सहायता राशि देने के लिए योजना बना कर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपकी सहायता के लिए संकल्पित है। किसानों के लिए विभाग द्वारा पहचान पत्र बनवाये जा रहें हैं। जल्द ही इसके लिए विशेष शिविर लगाकर किसानों को निबंधित करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारी योजना है कि हर खेत में 12 महीने पानी उपलब्ध हो, इस बाबत कार्ययोजना बनायी जा रही है।

**सरकार विभिन्न योजनाओं से लोगों को कर रही लाभान्वित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से नौ लाख बच्चियों को लाभान्वित करने की योजना है। इसमें लगभग दो लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1.25 लाख आवेदन स्वीकृत भी कर लिये गये हैं। इन बच्चियों को योजना का लाभ भी मिलना आरंभ हो जायेगा। सरकार बुजुर्गों, विधवा, दिव्यांग एवं एकल महिला को सर्वजन पेंशन से जोड़ ही रही है। आदिवासी, पिछड़े आदि के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें सरकारी खर्चे पर विदेश पढ़ने के लिए भेजा जा रहा है। झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण हेतु मॉर्डन स्कूल बनाये जा रहे हैं। कल्याण विभाग द्वारा बनाये गये आदिवासी छात्रावास का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

**योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का हुआ वितरण :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 10481.00 लाख रुपये की लागत से 23 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। कुल 5517.75 लाख रुपये की लागत से नौ योजनाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास, विशेष प्रमंडल के तहत पुल निर्माण, श्रम विभाग के तहत दो मेकर लैब निर्माण, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल एवं कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग के तहत विभिन्न पथों का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य तथा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित बरहेट थाना के नये भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कुल 4963.25 लाख रुपये की लागत के 14 योजनाओं की आधारशिला रखी। जिसमें कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास, विशेष प्रमंडल के तहत आठ उच्चस्तरीय पुल का निर्माण, कार्यपालक अभियंता, गंगा पंप नहर के तहत विभिन्न स्थानों पर कुल 610 मीटर के कटाव निरोधक कार्य एवं कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, प्रमंडल के तहत तीन चेकडैम के निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में कुल 133.29 लाख रुपये के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 23 लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, लोकसभा सांसद विजय हांसदा, बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम, राजमहल विधायक अनंत ओझा, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना के डीआईजी सुदर्शन कुमार मंडल, साहिबगंज जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

**पलामू सेंट्रल जेल में बंद...**

और पुलिस को आशंका है कि अमन साव धमकी के लिए राज्य के बाहर के गुर्गों का इस्तेमाल कर रहा है। अमन साव ने कई जानकारी एटीएम और पुलिस को दी है और अपने करीबियों के नाम भी बताएं हैं।

**डालटनगंज : मरीन ड्राइव फेज टू को...**

कार्य शुरू भी किया गया। लेकिन निगम की लापरवाही और ठेकेदारों के द्वारा करोड़ों की लागत से बन रहे मरीन ड्राइव के निर्माण में गुणवत्ता के साथ खानापूर्ति की जा रही थी। कोयल नदी के तट पर बने पार्क में खाली स्थानों पर सुखे हुए सीमेंट डाले जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने भी खबर प्रकाशित होने पर आभार जताया कि उनके सवाल को प्रमुखता से छापा गया।

**क्या कहना है वार्ड आयुक्त का :** वार्ड संख्या 29 के वार्ड आयुक्त लाल बाबू ने बताया कि खबर प्राकशित होने के बाद इस पर संज्ञान लिया गया। मरीन ड्राइव के निर्माण में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं होगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0, चतरा**

Expression of Interest (अतिअल्पकालीन)
संख्या - 02/2022-23

चतरा जिला अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर Solar Powered Chiller Rooms for Fruits & vegetables Storage, 0.5 HP Solar Powered Robotic Pump set, 1 HP Solar Powered Robotic Pump set, 2 HP Solar Powered Robotic Pump set का अधिष्ठापित/निर्माण किया जाना है। जिसका प्राक्कलन तैयार करने हेतु अनुभवी Firm/Company/Architecture को कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, चतरा के अधीन Empanel किया जाना है। ताकि समय-समय पर आवश्यकतानुसार प्राक्कलन तैयार किया जा सके। जिसका भुगतान सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार किया जायेगा।

अतएव इच्छुक Firm/Company/Architecture जो विषयांकित कार्य में अनुभव रखते हैं दिनांक 12/11/2022 के अपराह्न 03.00 बजे तक कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, चतरा कार्यालय कक्ष में मुहरबंद लिफाफा में आवेदन आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्तें निम्नवत् हैं-
1-Firm/Company/Architecture के पास कार्यानुभव संबंधी कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदन पत्र के साथ मो0 10000/- (दस हजार रू0) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, चतरा के पदनाम से निर्गत हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो लौटाया नहीं जायेगा।
3. प्राक्कलन तैयार करते समय प्रयुक्त होने वाले विशिष्टियों का दर विशलेषण के साथ-साथ Catalogue संलग्न किया जायेगा। ताकि निविदा प्रक्रिया अक्षुण बनायी जा सके।
4-Firm/Company/Architecture के निबंधित होने संबंधी प्रमाण-पत्र, GST, PAN, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. बिना कारण बताये सभी या किसी भी दर कोटेशन को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0 चतरा
PR281144 (NREP)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### रोमांचक मैच में एक रन से हार गयी धवन की टीम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बेहद रोमांचक मुकाबले में विदर्भ ने दिल्ली को एक रन से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम इंडिया के धाकड़ ओपनर शिखर धवन और आईपीएल स्टार नीतीश राणा की कप्तानीवाली टीम पर यश ठाकुर की दबंगई भारी पड़ गई। आखिरी ओवर में विदर्भ के होनहार गेंदबाज यश ठाकुर ने कमाल की बॉलिंग करते हुए दिल्ली के जबड़े से जीत छीन ली। दिल्ली का सेमीफाइनल में मुंबई के साथ मुकाबला होगा। यश ठाकुर (4/29) ने इस ओवर में ललित यादव और लक्ष्य थरेजा को आउट कर दिल्ली को छह विकेट पर 156 रन ही बनाने दिए। इस तरह दिल्ली जीत से एक रन दूर रह गई। इस तरह यश ठाकुर मैच में हीरो बने और साथ ही टीम को सेमीफाइनल का टिकट भी कटाया। इससे पहले कोलकाता में खेले गए मुकाबले में सात रन के स्कोर पर ही पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अक्षय वाडकर (63 रन, 53 गेंद) ने संजय रघुनाथ (31 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर विदर्भ को संभाला। फिर शुभम दुबे ने 13 गेंदों पर 29 रन की ताबड़तोड़ पारी खेल टीम को पांच विकेट पर 157 रन तक पहुंचाया। जवाब में दिल्ली को भी अनुभवी शिखर धवन (37 रन, 27 गेंद) और हिम्मत सिंह (27 रन, 14 गेंद) ने 48 रन की साझेदारी कर ठोस शुरूआत दिलाई। लेकिन, इस जोड़ी के टूटते ही टीम फिर बड़ी साझेदारी नहीं कर सकी। हालांकि, यश ढुल जरूर 40 गेंदों में 39 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 3 चौके लगाए।

### वनडे में सबसे पहली विकेट लेनेवाले गेंदबाज एलन थॉमसन का निधन

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया के पूर्व तेज गेंदबाज एलन थॉमसन का 31 अक्टूबर को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय के इतिहास में पहली बार विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। थॉमसन को अपने गलत पैर से गेंद डालने की प्रतिष्ठा थी और असामान्य गेंदबाजी एक्शन के लिए भी जाना जाता था। पहली बार एकदिवसीय विकेट लेने वाले थॉमसन 1970 और 1971 के एक साल के क्रिकेट करियर में केवल पांच अंतर्राष्ट्रीय मैचों में ही खेले थे। ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए, उन्होंने चार टेस्ट और एक वनडे मैच खेला। उन्होंने टेस्ट में 12 विकेट, जबकि वनडे में एक विकेट हासिल की। थॉमसन के नाम वनडे की सबसे पहली विकेट है। उन्होंने 5 जनवरी,1971 में इंग्लैंड खिलाफ खेले गए वनडे मैच में बल्लेबाज जैफ्री बायकॉट का विकेट हासिल किया था। वनडे करियर में यह उनका इकलौता ही मैच था। उन्होंने इस 40 ओवर के मैच में आठ ओवरों में 22 रन देकर एक विकेट चटकाई थी।

### स्वियातेक ने कसात्किना, कैरोलिन ने कोको गॉफ को हराया

**फोर्ट वर्थ (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत राउंड रोबिन मुकाबले में दारिया कसात्किना पर जीत के साथ की। स्वियातेक शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं जो पिछले 15 साल में एकल वर्ग में किसी महिला खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मंगलवार को उन्होंने कसात्सिना को सीधे सेट में 6-2, 6-3 से हराया। स्वियातेक 2022 में शानदार फॉर्म में चल रही हैं। इस दौरान उन्होंने दो ग्रैंडस्लैम के अलावा आठ अन्य टूर्नामेंट में खिताब जीते। इस साल टूर पर उन्होंने 65 मैच जीते जबकि उन्हें सिर्फ आठ में हार का सामना करना पड़ा।

# कोहली ने रचा इतिहास, तोड़ा टी-20 विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

- टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनानेवाले खिलाड़ी बने
- श्रीलंका के महान बल्लेबाज महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ा




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनानेवाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के महान महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ते हुए ये मुकाम हासिल किया। बांग्लादेश के खिलाफ 16वां रन पूरा करते ही वह टूर्नामेंट के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में विराट कोहली ने 44 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 64 रन बनाकर नाबाद लौटे। इसके साथ ही विराट कोहली के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में 1065 से ज्यादा रन हो गए हैं, वहीं रोहित शर्मा के नाम 921 रन हैं। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में यह दोनों ही भारतीय बल्लेबाज क्रमशः पहले और चौथे पायदान पर हैं।

श्रीलंकाई के महान महेला जयवर्धने ने 31 मैचों में 39.07 की औसत से 1,016 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से एक शतक और छह अर्द्धशतक आए हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 100 है। वह टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनानेवाले बल्लेबाज हैं। इस मैच से पहले टी-20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने 24 मैचों के 22 पारियों में 83.41 की औसत से 1,001 रन बनाए थे। टूर्नामेंट में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 89 है। उनके बल्ले से 12 अर्धशतक निकले हैं।

### रिजवान को पछाड़ वर्ल्ड नंबर वन बने सूर्यकुमार यादव

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम जब बांग्लादेश से लोहा लेने मैदान पर उतरी उसी समय टीम इंडिया के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के लिए खुशखबरी आई। भारतीय बल्लेबाज ने टी-20 वर्ल्ड रैंकिंग में पाकिस्तान की बादशाहत खत्म करते हुए पहले कप्तान बाबर आजम को पछाड़ा था और फिर उसके दूसरे ओपनर मोहम्मद रिजवान को पीछे छोड़ते हुए नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय में अपनी शानदार फॉर्म की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वह विराट कोहली के बाद सिर्फ दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचे हैं। सूर्यकुमार के 863 जबकि रिजवान के 842 अंक हैं। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे 792 अंक के साथ शीर्ष तीन में शामिल हैं। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का नंबर आता है। वह 780 अंकों के साथ चौथे नंबर पर हैं, जबकि विराट कोहली 10वें नंबर पर बने हुए हैं। सूर्यकुमार यादव ने नीदरलैंड्स और साउथ अफ्रीका के खिलाफ तूफानी बैटिंग करते हुए हाफ सेंचुरी जड़ी थी, जिसका उन्हें फायदा मिला है।

# रोमांचक मुकाबले में पांच रन से जीता भारत

### बांग्लादेश को जीत के लिए आखिरी ओवर में चाहिए थे 20 रन




**एडिलेड (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को एक सांस रोक देनेवाले अहम मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को पांच रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया सेमीफाइनल के बिल्कुल करीब पहुंच गयी। अब इस मैच की बात कर लेते हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब उल हसन ने टॉस जीता और टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्योता दिया। लोकेश राहुल, विराट कोहली की हाफ सेंचुरीज और सूर्या के कैमियो की मदद से भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाये।

जवाब में बांग्लादेश के ओपनर लिटन दास जबरदस्त शुरुआत की। बारिश शुरू होने के पहले बांग्लादेश ने सात ओवर में 66 रन बनाए थे और उसका कोई विकेट नहीं गिरा था। बहरहाल, बारिश रुकने के बाद बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस के तहत 16 ओवर में 151 का रिवाइज्ड टारगेट मिला। यहीं से रोहित की टीम ने खेल पलट दिया और बांग्लादेश हार गयी। केएल राहुल-विराट कोहली के बीच 67 और कोहली-सूर्यकुमार के बीच 38 रन की पार्टनरशिप हुई। सूर्या ने 187 के स्ट्राइक रेट से 30 रन बनाए। कोहली ने फिर कमाल किया और इस वर्ल्ड कप में अपनी तीसरी फिफ्टी लगाई। ये उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर की 36वीं फिफ्टी है। वे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।

### ग्रुप-2 में टॉप पर पहुंचा भारत

**एडिलेड** में बुधवार को खेले गए टी-20 विश्व कप के सुपर 12 के रोमांचक वर्षा बाधित मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को डीएलएस नियम के तहत पांच रनों से हरा दिया और ग्रुप में छह अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गया। भारतीय टीम के 184 रनों के जवाब में बांग्लादेश ने सात ओवर में बिना विकेट गंवाए 66 रन बना लिये थे। लेकिन फिर बारिश आने के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल शुरू होने पर बांग्लादेश के लिए संशोधित लक्ष्य 16 ओवर में 151 रन कर दिया गया। लेकिन बांग्लादेश की टीम छह विकेट पर 145 रन ही बना सकी। विराट कोहली को उनके नाबाद अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, मोहम्मद शमी ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो और लिटन दास ने विस्फोट बल्लेबाजी की। दोनों ही बल्लेबाजों ने भारतीय तेज आक्रमण के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, जिससे पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 60 रन बनाये। इस दौरान दास ने 21 गेंदों में विश्व कप का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया।

### अब मैच के नतीजे का क्या होगा असर

**भारतीय** टीम 4 मैचों में 3 जीत और एक हार के साथ 6 अंक लेकर ग्रुप-2 में पहले नंबर पर आ गई है। बांग्लादेश तीसरे और साउथ अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। इस मैच में जीत हासिल कर पर भारत के लिए सेमीफाइनल में प्रवेश की राह काफी आसान हो गई है। इस मुकाबले के बाद बांग्लादेश का आखिरी मैच पाकिस्तान से है और भारत को जिम्बाब्वे से खेलना है।

# टी-20 में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, पहली बार मैच में बने पांच सौ से अधिक रन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 के एक मैच में पहली बार पांच सौ रन बने। इससे पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ था। डेवाल्ड ब्रेविस के शतक दम पर टाइटंस ने पहले खेलते हुए तीन विकेट पर 271 रन बनाए। जवाब में सीएसए टी-20 चैलेंज के एक मैच में नाइट्स ने भी जोरदार संघर्ष किया, लेकिन टीम सिर्फ 9 विकेट पर 231 रन ही बना सकी। इस तरह से मैच में कुल 501 रन बने। इससे पहले 2016 में न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश के मैच में सबसे अधिक 497 रन बने थे। 19 साल के ब्रेविस ने 162 रन बनाए और साउथ अफ्रीका की ओर से टी-20 में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने। दिग्गज एबी डिविलियर्स भी ऐसा नहीं कर सके थे। आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से खेलनेवाले डेवाल्ड ब्रेविस ने मैच में 57 गेंद का सामना किया और 162 रन बनाए। 13 चौके और 13 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने कुल 26 बाउंड्री लगाई और 130 रन बटोरे। उनका स्ट्राइक रेट 284 का रहा। यह ओवरऑल टी-20 का किसी भी खिलाड़ी का तीसरा बड़ा स्कोर है। जवाब में नाइट्स की ओर से गिहान क्लोटे ने 51 रन बनाए, लेकिन टीम यह मुकाबला नहीं जीत सकी।

**सबसे तेज 150 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने :** ब्रेविस टी-20 में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। उन्होंने 52 गेंद पर ऐसा किया है। इसी के साथ उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2013 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए पुणे के खिलाफ 53 गेंद पर ऐसा किया था। उन्होंने मैच में नाबाद 175 रन की पारी खेली थी। यह टी-20 में किसी भी बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ पारी है।

# नीदरलैंड ने सुपर-12 में दर्ज की पहली जीत, जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराया




**एडिलेड (एजेंसी)।** तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड के अर्धशतक से नीदरलैंड ने बुधवार को यहां जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में पहली जीत दर्ज की। ओ डाउड ने 47 गेंद में 52 रन की पारी खेली जिससे नीदरलैंड ने 118 रन के लक्ष्य को दो ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 120 रन बनाकर हासिल कर लिया। नीदरलैंड को इस जीत से दो अंक मिले लेकिन वह पहले ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुकी है। बुधवार की हार के बाद टूर्नामेंट में जिंबाब्वे की उम्मीद भी लगभग खत्म हो गई है। इससे पहले सिकंदर रजा की उम्दा पारी के बावजूद जिंबाब्वे की टीम लचर बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गयी। स्टार ऑलराउंडर रजा ने 24 गेंद में 40 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के मारे। उनके अलावा सिर्फ सीन विलियम्स (28) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज पॉल वान मीकेरन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बास डि लीडे (14 रन पर दो विकेट), लोगान वान बीक (17 रन पर दो विकेट) और ब्रैंडन ग्लोवर (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। नीदरलैंड ने हालांकि लक्ष्य को आसानी से हासिल करते हुए सुपर 12 चरण में पहली जीत दर्ज की। टीम अपने अंतिम मैच में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। जिंबाब्वे की टीम सुपर 12 चरण में पाकिस्तान को हराकर उलटफेर कर चुकी है और रविवार को अपने अंतिम मैच में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत से भिड़ेगी। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने चौथे ओवर में ही स्टीफन माइबर्ग (08) को विकेट गंवा दिया जिन्हें ब्लेसिंग मुजरबानी (23 रन पर दो विकेट) ने पवेलियन भेजा। ओ डाउड और टॉम कपूर (32) ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़कर टीम को मजबूत मंच प्रदान किया। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 67 रन तक पहुंचाया। ओ डाउड ने ल्यूक जोंगवे पर लगातार दो चौकों के साथ विश्व कप का अपना चौथा और कुल 11वां अर्धशतक पूरा किया।

# सेमीफानल की चिंताओं के बीच प्रमुख खिलाड़ियों की चोट से जूझ रहा ऑस्ट्रेलिया




**एडिलेड (एजेंसी)।** डिफेंडिग चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया का सेमीफानल का राह काफी मुश्किल दिखाई दे रहा है। ग्रुप-2 में शामिल ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर बनी हुई है। टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया को अपना आखिरी मैच जीतना काफी जरूरी है और वो भी एक बड़े अंतर के साथ, लेकिन मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम चिंताएं बड़ी हैं क्योंकि टीम के तीन प्रमुख खिलाड़ी चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच से पहले कप्तान आरोन फिंच सहित तीन प्रमुख खिलाड़ियों की चोट की चिंताओं से जूझ रहा है। फिंच के अलावा टिम डेविड और मार्कस स्टोइनिस को सोमवार को ब्रिसबेन में आयरलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 42 रन की जीत के दौरान पैर की मांसपेशियों में खिंचाव का सामना करना पड़ा था। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान 19 गेंद छोड़कर बाकी पूरे समय बल्लेबाजी की और इस दौरान 63 रन बनाए। आयरलैंड की पारी के दौरान फिंच मैदान पर उतरे लेकिन इस बीच वह असहज दिखे। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के दौरान ऑलराउंडर डेविड और स्टोइनिस मैदान में नहीं उतरे। फिंच का बुधवार को यहां टीम के फिटनेस स्टाफ और मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली की मौजूदगी में फिटनेस परीक्षण हुआ। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चिंता फिंच की चोट है, क्योंकि यह 35 वर्षीय खिलाड़ी पहले ही पैर की मांसपेशियों में चोट की समस्या से परेशान रहा है। अगर फिंच मुकाबले से बाहर हो जाते हैं तो विकेटकीपर मैथ्यू वेड अफगानिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे।

# रोमांचक मुकाबले में हरियाणा ने बेंगलुरू को दो अंक से हराया



**पुणे (एजेंसी)।** हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्थित श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 53वें मैच में हरियाणा स्टीलर्स ने बेंगलुरू बुल्स को 29-27 से हरा दिया। सीजन की तीसरी हार के बावजूद बुल्स पहले स्थान पर काबिज हैं। बुल्स का यह 10वां मैच था। उसे छह मैचों में जीत मिली है जबकि उसका एक मैच टाई भी रहा है। दूसरी ओर, स्टीलर्स का यह नौवां मैच था। उसे चार में जीत पायी है जबकि चार में उसे हार भी मिली है। उसका भी एक मैच टाई रहा है। इस जीत के साथ हरियाणा पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। हरियाणा की जीत में उसके डिफेंस (12 अंक) और मीतू शर्मा (9) का शानदार प्रदर्शन काम आया। आमिर हुसैन बस्तामी ने हाई-5 लगाया। बुल्स के लिए भरत हुड्डा ने सुपर-10 लगाया लेकिन विकास कंडोला (1) तथा डिफेंस ने निराश किया। पांच मिनट के खेल में स्टीलर्स ने 6-3 की लीड ले रखी थी। इस बीच, अमन ने मीतू को लपक बुल्स को तीसरी सफलता दिलाई लेकिन डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर विकास ने स्कोर 7-4 कर दिया। इसके महेंदर और मीतू ने डू ओर डाई रेड पर क्रमशः मीतू और नीरज को लपक अपनी टीमों को अंक दिलाए। 10-7 के स्कोर के साथ बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था।

इसी बीच, सचिन ने डू ओर डाई रेड पर बुल्स को अंक दिलाया। फिर सौरव ने डू ओर डाई रेड पर मीतू का शिकार किया। जयदीप ने विकास को अगली रेड पर लपक स्कोर डिफरेंस 2 का कर दिया और फिर राकेश ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक ले स्कोर 13-9 कर दिया। हाफ टाइम तक स्टीलर्स को 3 अंक की लीड मिली हुई थी। स्टीलर्स ने रेड और डिफेंस में 6-6 अंक हासिल किए थे जबकि बुल्स को दोनों विभागों में 5-5 अंक मिले। स्टीलर्स को एक अतिरिक्त अंक भी मिला। ब्रेक से पहले बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था। मीतू ने नरेंदर को आउट किया और फिर बुल्स ऑल आउट हो गए। स्टीलर्स ने इसके साथ 17-11 की लीड ले ली। बुल्स ने हालांकि इसके बाद लगातार तीन अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी। भरत को लपक डिफेंस ने दूसरे हाफ में स्टीलर्स को पहला अंक दिलाया। बस्तामी ने भरत को लपक अपना पहला हाई-5 पूरा किया। 10 मिनट बचे थे और स्टीलर्स 21-15 से आगे थे। ब्रेक के बाद नीरज ने बस्तामी को आउट कर विकास को रिवाइव कराया।

### दिल्ली की लगातार पांचवीं हार

**पुणे (एजेंसी)।** पुनेरी पल्टन ने अपने बेहतरीन हरफनमौला खेल की बदौलत बालेवाड़ी स्थित श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 52वें मैच में मौजूदा चैंपियन दबंग दिल्ली केसी को 43-38 के अंतर से हरा दिया। यह दिल्ली की लगातार पांचवीं हार है जबकि पल्टन पांच मैचों से अजेय हैं। इस जीत ने पल्टन को दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। पल्टन की जीत में आकाश शिंदे (13) और मोहित गोयत (13) के अलावा कप्तान फजल अतराचली (4) और सोमवीर (4) का अहम योगदान रहा। दिल्ली के लिए नवीन एक्सप्रेस ने एक बार फिर 16 अंक हासिल किए जबकि आशू मलिक ने 8 अंक जुटाए।

